डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

साप्ताहिक समाचार पत्र का प्रकाशित, भोपाल 13.03.2023 से 19.03.2023 वर्ष-49 अंक-11 मूल्य ₹ 10.00

बहनों का सम्मान बढ़ाने का महायज्ञ है लाड़ली बहना योजना - मुख्यमंत्री

लाड़ली बहना योजना मेरे दिल से निकली योजना है। बहनें सशक्त होंगी तो परिवार, समाज, प्रदेश और देश सशक्त होगा। बहनों के जीवन को सरल, सुखद बनाना ही मेरे जीवन का ध्येय है। बहनें अपनी छोटी-मोटी जरूरतों और पैसों की आवश्यकता के लिए परेशान न हों, इसलिए हर महीने बहनों को एक-एक हजार रुपये उपलब्ध कराने की व्यवस्था योजना में की गई है। जिन परिवारों की वार्षिक आय ढाई लाख रुपये से कम है, जिनके पास 5 एकड़ से कम भूमि है और जिन परिवारों में कोई आयकरदाता नहीं हो, ऐसे परिवारों की 23 से 60 आयु वर्ग की बहनें योजना के लिए पात्र हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित विशाल सम्मेलन में योजना का शुभारंभ करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में लाड़ली बहना योजना कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि योजना में परिवार का अर्थ है, पति, पत्नी और बच्चे। बहनों को यह राशि उपलब्ध कराने से बहनों के साथ पूरे परिवार का भी कल्याण होगा। योजना के लिए 25 मार्च से 30 अप्रैल तक आवेदन भरे जाएंगे। मई माह में आवेदनों की जांच होगी और 10 जून को पहली किस्त बहनों के बैंक खातों में जमा कर दी जाएगी। जिन बहनों के बैंक खाते नहीं हैं, उनके खाते खुलवाने में भी मदद की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में महिलाओं को कोई दिक्कत न आए, इसके लिए राज्य शासन द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। हमारे देश में माँ बहन और बेटी का हमेशा सम्मान रहा है। बेटियों और बहनों को हमारे यहां दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती माना जाता है। देवता और भगवान के नाम लेने में भी, पहले लक्ष्मी जी और सीता जी का नाम लिया जाता है अर्थात महिला सर्वप्रथम हैं। श्री चौहान ने कहा कि बहन-बेटियों के साथ भेदभाव को देखकर मुझे बचपन से ही वेदना होती थी। सार्वजनिक जीवन में सक्रियता के साथ ही मेरा यह प्रयास रहा कि बेटी को बोझ नहीं वरदान समझा जाए। परिणामस्वरूप विधायक बनते ही साथियों के सहयोग से बेटियों का विवाह कराना शुरू किया और मुख्यमंत्री बनते ही सबसे पहले कन्या विवाह योजना बना कर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया। मेरा प्रण था कि मध्यप्रदेश की धरती पर जो बेटी पैदा हो वह लखपति हो। इस प्रण से लाड़ली लक्ष्मी योजना ने मूर्त रूप लिया। इसके बाद बेटियों को पढ़ाई में मदद के लिए किताबें, यूनिफार्म और साइकिल आदि की व्यवस्था की गई। मजदूर बहन, बेटा-बेटी के जन्म के बाद आराम कर सके, इसके लिए संबल योजना में जन्म से पहले 4 हजार और जन्म के बाद 12 हजार रुपये देने की व्यवस्था की गई। बहनों के लिए गांव की बेटी, प्रतिभा किरण और प्रसूति सहायता योजना बनाई गई।

श्री चौहान ने रिमोट का बटन दबा कर योजना के लोगो, थीम सॉन्ग और ब्रोशर का विमोचन किया। उन्होंने योजना की आवेदन प्रक्रिया पर निर्मित लघु फिल्म भी लॉन्च की। मुख्यमंत्री ने बहनों को योजना में आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से बहन कविता का आवेदन स्वयं भरवाया और उन्हें पावती भी दी।

आवेदन के लिए हर गांव और वार्ड में लगेंगे शिविर

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना, बहनों का सम्मान बढ़ाने का महायज्ञ है। बहनों को योजना में आवेदन करने के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है। हर गांव और हर वार्ड में शिविर लगाए जाएंगे और आवेदन भरने में मदद करने के लिए कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के वार्डों में शिविरों की जानकारी पहले से दी जाएगी। बहनें योजना का लाभ लेने के लिए किसी भी बिचौलिए और दलाल के झांसे में न आएं। कोई भी कठिनाई होने पर फोन नम्बर 181 पर सूचना दी जाए।

बहनों की सुरक्षा के लिए 'लाड़ली बहना सेना'

श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार बहन-बेटियों की सुरक्षा, मान-सम्मान और उन्हें प्रगति के सभी अवसर उपलब्ध कराने दृढ़ प्रतिज्ञ है। बहन-बेटियों को परेशान करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शराब की दुकान के पास के अहाते बंद किए गए हैं। महिला सशक्तिकरण की ओर अगला कदम बढ़ाते हुए बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए 'लाड़ली बहना सेना' भी बनाई जाएगी। बारहवीं कक्षा में शासकीय शाला में प्रथम आने वाली बेटी को ई-स्कूटी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी बहन-बेटियां विकास का हिस्सा बनें।

महिला कर्मचारियों को सात दिवस का अतिरिक्त अवकाश

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की सभी माताओं-बहनों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मचारियों को 7 दिवस का अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश देने के साथ बहन-बेटियों के उत्थान के लिए अनेक निर्णय लिये हैं। कक्षा 10वीं के बाद उच्चतर, माध्यमिक एवं कॉलेज में बेटियों को वित्तीय साक्षरता के लिये पाठ पढ़ाया जावेगा, जो महिला उन्मुखी होगा। उन्होंने कहा कि माता, बहन और बेटियों का उत्थान ही मेरे जीवन का प्रमुख ध्येय है। नारी शक्ति के सशक्तिकरण में ही प्रदेश और देश का उत्थान निहित है।

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ

सीनियर और जूनियर फैलोशिप आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल

भोपाल, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 के लिये महाराजा विक्रमादित्य सीनियर और जूनियर फैलोशिप के आवेदन-पत्र जारी कर दिये गये हैं। फैलोशिप के लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है।

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि 5 सीनियर और 6 जूनियर फैलोशिप के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। यह फैलोशिप एक वर्ष की अवधि में पूरी करनी होगी। सीनियर फैलोशिप के आवेदक उल्लेखित विषयों का चुनाव कर सकते है, जिसमें विक्रमादित्य और पुरातत्व, विक्रमादित्यकालीन अभिलेखों का विश्लेषणात्मक अध्ययन, प्राचीन भारत में लोक प्रशासन, विक्रमादित्य की शासन पद्धति के विभिन्न आयाम, जैनेतर संस्कृत वांग्मय में विक्रमादित्य, वृहत्तर भारत में विक्रमादित्य के साहित्यिक साक्ष्य, प्राचीन भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान और उनका आधुनिक विज्ञान में योगदान, वैदिक और अगम स्रोतों की समीक्षा, पुरातत्व और कला संस्कृति में शिवत्व तथा शिवतत्व, सूर्य सिद्धांत रहस्य और वैदिक समाज में ऊर्जा व्यवस्था और उससे प्रयोग, पारंपरिक ज्ञान और मानव विज्ञान, भारतीय ज्ञान परंपरा का वैश्विक योगदान जैसे विषय शामिल हैं।

जूनियर फैलोशिप के विषयों में अवंति जनपद में संवत् प्रवर्तक विक्रमादित्य की जनस्तुतियों, विक्रमादित्य युगीन आर्थिक स्थिति,प्राचीन भारत में मध्यप्रदेश के विशेष संदर्भ में युगयुगीन चरित्र, प्राचीन भारत में यंत्र विज्ञान, जैन परंपरा में विक्रमादित्य, प्राचीन भारतीय स्थापत्य कला और प्राचीन भारतीय मंदिर स्थापत्य शामिल है।

सीनियर फैलोशिप के लिए 4 लाख 80 हजार रुपये और जूनियर फैलोशिप हासिल करने वाले अध्येता को 4 लाख 32 हजार रुपये राशि प्रदान की जायेगी।

ओलावृष्टि

फसल नुकसान का सर्वे सात दिन में करें पूरा - मुख्यमंत्री

भोपाल, ओलावृष्टि से फसल नुकसान का सर्वे 7 दिन में पूरा करें और 10 दिन के भीतर राहत राशि बांटना शुरू किया जाए। फसल क्षति सर्वे का कार्य पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से किया जाये। फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने की पूरी कार्यवाही गंभीरता से हो। खरीफ फसलों के लिए खाद का अग्रिम भंडारण करें। किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय में असुविधा नहीं होनी चाहिए। साथ ही भुगतान समय पर सुनिश्चित हो। ग्रीष्मकाल में पेयजल की व्यवस्था बेहतर एवं सुचारु बनी रहे। प्रतिदिन जल प्रदाय हो, जहाँ पेयजल परिवहन की व्यवस्था करना है, उसकी भी तैयारी अग्रिम रूप से कर लें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित निवास कार्यालय में विकास यात्रा के फीडबैक संबंधी बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहीं। बैठक में मंत्रीगण, विधायक, जन-प्रतिनिधि और जिलों के प्रशासनिक अधिकारी वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास यात्राएं व्यवस्थित और अभूतपूर्व तरीके से हुई हैं। यात्राओं में सरकार के साथ समाज भी जुड़ा। सभी 230 विधानसभाओं में यात्राएं हुईं। सभी ओर यात्रा की प्रशंसा हुई है। कलेक्टर्स ने कई नवाचार किए हैं।

श्री चौहान ने कहा कि यात्रा का फॉलोअप हो। इस दौरान जो कमी मिली हो उसे पूरा किया जाये। शेष रहे कार्यों को भी पूरा करें। यात्रा तभी परफेक्ट होगी जब जीरो डिफेक्ट होगा। यात्रा की रिपोर्ट भेजी जाए, जिससे कमियों को पूरा किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो बहनों की जिंदगी बदलने में मील का पत्थर साबित होगी। बहनें योजना के लाभ से वंचित नहीं रहें। प्राण-प्रण से योजना का लाभ दिलवाने में जुट जाएं।

अपनी कार्य-प्रणाली की मिसाल प्रस्तुत करें युवा पुलिस अधिकारी - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आई.पी.एस. अधिकारियों से चर्चा करते हुये।

भोपाल, यह गर्व और सौभाग्य का विषय है कि भारतीय पुलिस सेवा के लिए चयनित अधिकारियों को देश और जनता की सेवा का सुअवसर प्राप्त होता है। आप अपनी योग्यता और दक्षता के आधार पर किसी भी क्षेत्र में कैरियर बना सकते थे। आपने लोक सेवा को अपने कैरियर के रूप में चुना, यह देश और जनता की सेवा के लिए आपकी प्रतिबद्धता का परिचायक है। 'देश-भक्ति और जन-सेवा' मध्यप्रदेश पुलिस का मूल मंत्र है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में पदस्थ परिवीक्षाधीन आई.पी.एस. अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस ने सिंहस्थ के प्रबंधन और कोरोना काल की व्यवस्थाओं में संवेदनशीलता के अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। मध्यप्रदेश पुलिस की गौरवशाली परम्परा रही है। परिवीक्षाधीन अधिकारी सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए पूरी मेहनत और मृदु व्यवहार के साथ कार्य करें तथा जन-सामान्य से जीवंत संवाद रखते हुए अपनी कार्य-प्रणाली की मिसाल प्रस्तुत करें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

4 मार्च

क्वाड के विदेश मंत्रियों ने किया सुरक्षा परिषद के विस्तार का समर्थन

● क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के स्थाई और अस्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने को समर्थन देने की बात कही है। नई दिल्ली में हुई क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि हम इस बात पर सहमत हैं कि नियम आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था संयुक्त राष्ट्र चार्टर सहित अंतर्राष्ट्रीय कानून और सभी देशों की संप्रभुता, राजनीतिक स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों पर आधारित है। हम संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली को एकतरफा रूप से नष्ट करने के प्रयासों का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुरक्षा परिषद में स्थायी और अस्थाई देशों की संख्या बढ़ाया जाना जरूरी है।

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता

परीक्षा (सीटीईटी) दिसम्बर 2022 के नतीजे घोषित कर दिए हैं। इस बार 9 लाख 55 हजार 869 उम्मीदवारों ने पेपर-1 और पेपर-2 परीक्षा पास की है। सीबीएसई ने कहा कि सीटीईटी दिसम्बर 2022 के लिए पेपर-1 में 17 लाख 4 हजार 282 उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, इनमें से 5 लाख 79 हजार 844 उम्मीदवार क्वालिफाई हुए। इसी तरह पेपर-2 के लिए 15 लाख 39 हजार 464 उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिनमें से 3 लाख 76 हजार 25 उम्मीदवार क्वालिफाई हुए।

5 मार्च

एनसीटीई ने चार वर्षीय बी.एड. कोर्स को दी मंजूरी

● राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने चार वर्षीय बी.एड. कोर्स

को उच्च शिक्षण संस्थानों से चलाने की मंजूरी प्रदान की है। इस फैसले के बाद भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जैसे संस्थानों में भी बी.एड. की पढ़ाई होगी। एनसीटीई ने कहा कि आईआईटी मद्रास, आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी भुवनेश्वर और आईआईएमसी बेंगलुरू जैसे 57 प्रतिष्ठित संस्थानों को चार वर्षीय बी.एड. कोर्स संचालित करने की अनुमति दी गई है। इस कोर्स के लिए बड़ी संख्या में विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों ने आवेदन दिए थे, लेकिन इसे ट्रायल के रूप में 57 संस्थानों को चलाने की अनुमति दी गई है। इन संस्थानों में चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम शुरू होगा, जिसमें विद्यार्थियों को बारहवीं कक्षा के बाद दाखिला मिलेगा।

● केंद्र सरकार ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्रवेश की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। अब शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा के शुल्क पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) देय नहीं होगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीआईसी) ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी कर दी है। सीबीआईसी ने कहा कि इस निर्णय से प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं में भाग ले रहे विद्यार्थियों को राहत मिलेगी।

6 मार्च

भारत बनाएगा वर्ष 2026 तक 300 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद

● भारत वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और वर्ष 2026 तक 300 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का निर्माण करेगा। यह जानकारी केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर ने दी। श्री चंद्रशेखर ने कहा कि भारत अगले वर्ष मोबाइल फोन के शीर्ष-10 निर्यात वर्ग में शामिल हो जायेगा। भारत में बहुत जल्द डिजाइन, पैकेजिंग, फैब्रिकेशन और मेन्युफैक्चरिंग सहित एक व्यापक सेमीकंडक्टर इको सिस्टम स्थापित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हम आधुनिक कानूनों का एक ढांचा तैयार कर रहे हैं। भारत अब इनोवेशन के लिए ग्लोबल हब बन गया है।

● चीन ने वर्ष 2023-24 के लिए अपना रक्षा बजट पेश किया है। इस रक्षा बजट में चीन ने पिछले वर्ष की तुलना में 7.2 प्रतिशत का इजाफा किया है। चीन ने चालू वर्ष 2023 में रक्षा बजट में 1.55 ट्रिलियन युआन (लगभग 224 अरब डॉलर) रखा है। इसके साथ ही चीन विश्व का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा बजट जारी करने वाला देश बन गया है। चीन ने लगातार आठवें वर्ष रक्षा बजट में एकल प्रतिशत अंक की वृद्धि की है। चीन का यह रक्षा बजट भारत की तुलना में तीन गुना अधिक है।

7 मार्च

आरबीआई ने शुरू किया हर पेमेंट डिजिटल मिशन

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश में डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना लॉन्च की है। इस योजना को हर पेमेंट डिजिटल मिशन नाम दिया गया है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस योजना की शुरुआत करते हुए कहा कि देश में हर व्यक्ति को डिजिटल पेमेंट के लिए जागरूक किया जायेगा। इसके अलावा बैंकों और नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों को भी लोगों को डिजिटल पेमेंट के लिए प्रोत्साहित करने को कहा जाएगा। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यूपीआई से लेनदेन में पिछले एक वर्ष के दौरान 50 प्रतिशत उछाल आया है। फरवरी 2022 में यूपीआई से लेनदेन का आंकड़ा 24 करोड़ था, जो अब बढ़कर 36 करोड़ हो गया है।

● संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के बीच गहरे समुद्र की रक्षा करने के लिए ऐतिहासिक समझौते पर सहमति बन गई है। संयुक्त राष्ट्र में 'द शिप रैज रिचर्ड टू शोर' विषय पर आयोजित किए गए सम्मेलन में इस समझौते की घोषणा की। इस दौरान 100 से अधिक देशों के वार्ताकारों ने संयुक्त राष्ट्र संधि को पूरा किया। हालांकि अभी समझौते को लेकर कोई मसौदा जारी नहीं किया गया है, लेकिन इसे जैव विविधता के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। इस समझौते को लेकर पिछले 15 वर्षों से चर्चा चल रही थी।

8 मार्च

एनटीए ने नीट यूजी के लिए रजिस्ट्रेशन किए शुरू

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए

NATIONAL TESTING AGENC
Excellence in Assessment

आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2023 के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। एनटीए ने कहा कि नीट-यूजी परीक्षा 7 मई को आयोजित की जायेगी। इस अधिसूचना के साथ ही नीट-यूजी में आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन प्रक्रिया 6 अप्रैल तक चलेगी। उम्मीदवार नीट-यूजी 2023 के लिए आधिकारिक वेबसाइट neet.nta.nic.in पर आवेदन पंजीकरण कर सकते हैं। यह परीक्षा देशभर में 13 भाषाओं- हिंदी, अंग्रेजी, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, और उर्दू में आयोजित की जाएगी।

● अमेरिका ने विदेशी विद्यार्थियों के लिए वीजा की कुछ श्रेणियों के कार्य प्राधिकरण आवेदनों की प्रीमियम प्रोसेसिंग की घोषणा की है। इस फैसले से अमेरिका में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित की पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थियों को लाभ मिलने की संभावना है। इस कदम से कुछ श्रेणियों में आवेदन पर तेजी से काम किया जायेगा। अमेरिका की सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआईएस) एजेंसी ने कहा कि प्रीमियम प्रोसेसिंग की सुविधा छह मार्च से शुरू कर दी गई है। इसके अलावा तीन अप्रैल से कुछ और श्रेणियों में प्रीमियम प्रोसेसिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

9 मार्च

नौसेना ने किया युद्धपोत से मिसाइल का सफल परीक्षण

● भारतीय नौसेना ने युद्धपोत आईएनएस विशाखापट्टनम से सतह से हवा में मार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइल एमआरएसएम का सफल परीक्षण किया है। इस मिसाइल को स्वदेश निर्मित एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्री (आईएआई) ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। डीआरडीओ ने बताया कि इस मिसाइल को विशाखापट्टनम गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोत से दागा गया, इस मिसाइल ने दुश्मन के एंटी शिप मिसाइल को मार गिराया। एमआरएसएएम का वजन लगभग 275 किलोग्राम है। इस मिसाइल पर 60 किलोग्राम आयुध लगा सकते हैं।

● इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के साथ विश्वविद्यालय के मास्टर इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) पाठ्यक्रमों के हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इग्नू ने यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों को भारतीय भाषाओं में पढ़ाने के तहत उठाया है। इग्नू द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार एमबीए पाठ्यक्रमों का अनुवाद 12 भारतीय भाषाओं हिन्दी, ओडिया, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, पंजाबी, बंगाली, मराठी, गुजराती, मलयालम, उर्दू और असमिया भाषाओं में किया जायेगा। वहीं एआईसीटीई ने कहा कि यह समावेशन की दिशा में एक अहम कदम है, जो दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले कई विद्यार्थियों के लिए अपनी भाषा में एमबीए करने की राह प्रशस्त करेगा।

10 मार्च

केवाईसी के बिना क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग पर दर्ज होगा मनी लॉन्ड्रिंग का केस

● केंद्र सरकार ने क्रिप्टो करेंसी और इससे संबंधित मुद्दों पर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सरकार ने डिजिटल संपत्तियों की निगरानी कड़ी करने के उद्देश्य से क्रिप्टो करेंसी जैसी डिजिटल संपत्ति पर मनी लॉन्ड्रिंग (धन शोधन रोधी) प्रावधान लागू कर दिए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार इस फैसले के बाद भारत में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े कानून अब क्रिप्टो करेंसी पर भी लागू होंगे। इससे देश की सीमाओं के बाहर इन डिजिटल संपत्ति के हस्तांतरण पर निगरानी करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा वर्चुअल डिजिटल संपत्ति वाले क्रिप्टो एक्सचेंज और बिचौलियों को अब ग्राहकों और प्लेटफॉर्म के उपयोगकर्ताओं की केवाईसी (ग्राहक को जाने) करवाना अनिवार्य होगा। बिना केवाईसी के क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग करने पर मनी लॉन्ड्रिंग के तहत केस दर्ज किया जायेगा।

● रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए हैं। रूस ने यूक्रेन के शहरों को मिसाइल से निशाना बनाया। हमले के लिए रूस ने छह हाइपरसोनिक किंजल मिसाइल का इस्तेमाल भी किया। यूक्रेन ने कहा कि रूस ने उसकी रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया है। यह हमला यूक्रेन के लोगों को डराने के लिए किया जा रहा है। इस हमले में छह लोगों की मृत्यु हो गई है। वहीं रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने पिछले दिनों रूस में यूक्रेन के हमले के जवाब में यह कार्यवाही की है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

सर्वाधिक चयन देने वाली संस्था
JOIN NEW BATCHES
PNST/ (नर्सिंग)
Exam 8 Jun. 23, No. of POST - 1860
CUET, 11th/12th
बालाजी ट्यूटोरियल्स
(Since 2004)
221 वेदा बिल्डिंग, भँवरकुआ इन्दौर
98930-53653
R-48268/2023

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट (रेट प्रति वर्ग सेमी (Sq Per cm))	रंगीन (रेट प्रति वर्ग सेमी (Sq Per cm))
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रेक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार
चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 11 13.03.2023 से 19.03.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - राधवेन्द्र कुमार सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि, खाद्य प्र-संस्करण और प्राथमिक क्षेत्र में बेहतर परिणामों के लिए बैंकों की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। बैंकों द्वारा हितग्राहियों को प्रोत्साहन दिया जाए, जिससे निवेश बढ़ाया जा सके। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, स्ट्रीट वेण्डर्स के कल्याण और प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम में भी उपलब्धि का प्रतिशत बढ़ना चाहिए। अन्य योजनाओं के लिए भी बैंक शाखाओं में लंबित प्रकरण स्वीकृत कर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति कर अच्छी उपलब्धि प्राप्त करने के प्रयास हों। वित्त वर्ष के इस आखिरी माह में बैंकों के स्तर पर प्रयासों में कोई कमी न रहे। अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाये। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व भवन में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 185वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बैंकर्स ने आश्वस्त किया कि बहनों के कल्याण की मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन में बैंक से जुड़ी प्रक्रिया में कोई कठिनाई नहीं आने देंगे और बहनों को पूरा सहयोग प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री को बैंकर्स ने राज्य में संतुलित और लोक-कल्याण पर केंद्रित बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के कल्याण से जुड़ी ऋण योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं का सशक्तिकरण है। इन योजनाओं से महिलाओं का आर्थिक के साथ ही सामाजिक सशक्तिकरण भी होता है। इस कार्य में बैंकें सहभागी बनें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में अभी उपलब्धि का प्रतिशत 65 है। इसे इस माह के अंत तक शत-प्रतिशत करने के लिए प्रत्येक बैंक प्रयत्न करें। आजीविका मिशन की गतिविधियां किसी ब्रह्मास्त्र से कम नहीं हैं। प्रदेश में करीब 80 हजार प्रकरणों में आजीविका मिशन की सदस्यों को 3 हजार 263 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की जा चुकी है। बैठक में बताया गया कि वित्त वर्ष में दिसम्बर 2022 तक मध्यप्रदेश में देश की तुलना में बैंकों की व्यवसाय वृद्धि का प्रतिशत आवास, एमएसएमई और शिक्षा ऋण के मामलों में बेहतर है। प्रदेश में 54 नई बैंक शाखाओं को खोलने के लिए आवश्यक प्रक्रिया संचालित है। फरवरी अंत तक 27 नई शाखाएं प्रारंभ की जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने पीएम स्व-निधि और मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। बताया गया कि वर्तमान में पीएम स्वनिधि (द्वितीय ट्रांच) में प्रगति 57.55 प्रतिशत है। बैंक ऑफ इंडिया 226 प्रतिशत उपलब्धि के साथ शीर्ष पर है। प्रदेश में एक लाख 16 हजार 36 प्रकरण मंजूर किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश पूरे देश में इस योजना के क्रियान्वयन में प्रथम रहा है। योजना के द्वितीय ट्रांच में हितग्राही को दोगुनी राशि अर्थात 20 हजार रुपए दिए जाते हैं। यह ऋण राशि लौटाने वाले आवेदकों के आर्थिक उन्नयन और उनके प्रोत्साहन की दृष्टि से महत्पूर्ण है। प्रयास यह किया जाए कि मध्यप्रदेश द्वितीय ट्रांच में भी देश में प्रथम रहे। इसके लिए प्रत्येक बैंक को लक्ष्य पूर्ति के प्रयास करने होंगे। इसी तरह मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना में 3 लाख 50 हजार से अधिक प्रकरण मंजूर किए जा चुके हैं। प्रकरणों की मंजूरी में भारतीय स्टेट बैंक शीर्ष पर है। बैठक में बताया गया कि एएचडीएफ अभियान में मत्स्य-पालन के लिए हितग्राहियों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। इस वित्त वर्ष में उपलब्धि 55 प्रतिशत है। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया 66 प्रतिशत प्रकरण मंजूर कर प्रथम स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश मत्स्य-पालन क्षेत्र में अग्रणी है। इस क्षेत्र में शत-प्रतिशत प्रकरण मंजूर करने का कार्य इस माह किया जाये। बैंकर्स द्वारा बताया गया कि वे मुख्यमंत्री द्वारा गरीब बहनों के कल्याण के लिए प्रारंभ की जा रही महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन में पूरा सहयोग करेंगे। बैंकों के स्तर पर राशि के भुगतान के कार्य में महिलाओं को कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। योजना में आधार से खाता लिंक करने का कार्य पूर्णता की ओर है। लगभग एक करोड़ खातों को लिंक्ड किया जा चुका है। शेष खातों के लिए अभियान संचालित कर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में आवेदक को अधिकतम 50 लाख रुपए की राशि प्रदान करने का प्रावधान है। योजना में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति में कोई कसर नहीं छोड़ी जाए।

विटामिन 'डी' कारगर है त्वचा कैंसर रोकने में

कैंसर के कई प्रकार हैं। इन्हीं में से एक है, मेलेनोमा कैंसर। यह त्वचा में होने वाला एक खतरनाक प्रकार का कैंसर है। पूर्वी फिनलैण्ड विश्वविद्यालय और कुओपिया विश्वविद्यालय अस्पताल द्वारा किए शोध में यह बात पता चली है कि जो लोग नियमित रूप से विटामिन डी की खुराक लेते थे उनमें मेलेनोमा कैंसर का जोखिम कम था। शोध में 498 वयस्कों को शामिल किया गया। जिन लोगों ने नियमित रूप से विटामिन 'डी' लिया था, उन लोगों में वर्तमान या भविष्य में मेलेनोमा होने की संभावना कम थी। अध्ययन में वैज्ञानिकों ने 21 से 79 आयु वालों को शामिल किया। इनमें 253 पुरुष और 245 महिलायें थीं, विटामिन 'डी' की खुराक सेवन के आधार पर शोध में शामिल लोगों को तीन समूहों में बांटा गया था। अध्ययन के दौरान 260 प्रतिभागियों में सीरम कैल्सीडिओल के स्तर का परीक्षण करने के बाद नियमित विटामिन 'डी' सेवन से सीरम कैल्सीडिओल के उच्चतम स्तर और निम्नतम स्तरों के साथ गैर पूरकता के अनुरूप पाया गया। मेलेनोमा के मार्ग की गतिविधि को कम करना प्रतिरक्षा प्रणाली को त्वचा कैंसर से लड़ने में मदद करने का एक तरीका हो सकता है। पूर्वी फिनलैण्ड विश्वविद्यालय में त्वचा विज्ञान के प्रोफेसर डॉक्टर इल्व टी हार्विमा ने बताया कि त्वचा कैंसर के संदर्भ में विटामिन 'डी' मुख्य मुद्दा है। सूर्य की पराबैंगनी (यूवी) किरणों से त्वचा के कैंसर का अधिक खतरा है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं।)

विश्व तपेदिक दिवस | 24 मार्च

तपेदिक उन्मूलन के लिए सार्वजनिक जागरुकता जरूरी

विश्व तपेदिक दिवस प्रतिवर्ष 24 मार्च को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य तपेदिक (टीबी) की वैश्विक महामारी और गंभीर बीमारी को खत्म करने के प्रयासों के बारे में सार्वजनिक जागरुकता पैदा करना है। तपेदिक एक संक्रामक रोग है अतः इसके प्रति सार्वजनिक जागरुकता की बड़ी जरूरत है। इस सन्दर्भ में सबसे चौकाने वाला तथ्य तब सामने आया जब यह आंकड़ा सतह पर आया कि वर्ष 2018 में लाखों लोग टीबी से बीमार पड़े थे और लगभग डेढ़ मिलियन लोग इस बीमारी से मर गए! टीबी से मृत्यु के ज्यादातर मामले निम्न और मध्यम आय वर्ग की आबादी की बहुलता वाले देश में हुए थे जिससे यह तथ्य भी उभरकर आया कि विपन्नता इस संक्रामक रोग से मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। इस परिप्रेक्ष्य में ही निम्न और मध्यम आय वर्ग की आबादी की बहुलता वाले राष्ट्रों में तपेदिक उन्मूलन के सघन और कारगर प्रयास किये गये।

तपेदिक के कारणों की खोज की बर्लिन के डॉ. रॉबर्ट कोच ने

प्रतिवर्ष 24 मार्च को ही तपेदिक दिवस मनाने के पीछे एक अहम् कारण यह है कि इस दिन बर्लिन विश्वविद्यालय के डॉ. रॉबर्ट कोच ने इस संक्रामक और गंभीर रोग के कारण की पड़ताल में एक बड़ी सफलता पाई थी। इस दिन डॉ. रॉबर्ट कोच ने बर्लिन विश्वविद्यालय के स्वच्छता संस्थान में वैज्ञानिकों के एक छोटे समूह की उपस्थिति में यह घोषणा करके वैज्ञानिक समुदाय को चकित कर दिया था कि उन्होंने तपेदिक, टीबी बेसिलस का कारण खोज लिया है। कोच के सहयोगी, पॉल एर्लिच के अनुसार उस एक यादगार सत्र में, कोच ऐसी एक घोषणा के साथ जनता के सामने आए, जिसने इस जहरीले मानव संक्रामक रोग की कहानी में एक महत्वपूर्ण मोड़ ला दिया। कोच ने स्पष्ट और सरल शब्दों में तपेदिक के कारणों की वैज्ञानिक विवेचना (एटिओलॉजी) की व्याख्या की। तपेदिक के कारणों की विवेचना और इस रोग के उद्भव के बारे में तथ्यात्मक जानकारी माइक्रोस्कोप स्लाइड और सुबूत के अन्य तथ्य की मीमांसा के साथ प्रस्तुत की। बर्लिन में कोच ने जब यह घोषणा की उस समय यूरोप और अमेरिका में तपेदिक फैल रहा था, जिससे हर सात में से एक व्यक्ति की मौत हो रही थी। कोच की खोज ने तपेदिक के निदान और इलाज का रास्ता खोल दिया।

खोज की सौवीं वर्षगांठ पर तय हुआ तपेदिक दिवस मनाना

वर्ष 1982 में, रॉबर्ट कोच की इस खोज की सौवीं वर्षगांठ पर, इंटरनेशनल यूनियन अगेंस्ट ट्यूबर कुलोसिस एण्ड लंग डिजीज (यूएटीएलडी) ने प्रस्तावित किया कि 24 मार्च को आधिकारिक विश्व तपेदिक दिवस मनाया जाए यह यूएलटीडी और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा "टीबी को हराएं : अभी और हमेशा के लिए" विषय के तहत एक साल के शताब्दी पहल अभियान का हिस्सा था। विश्व तपेदिक दिवस को आधिकारिक तौर पर एक दशक बाद तक डब्ल्यूएचओ की विश्व स्वास्थ्य सभा और संयुक्त राष्ट्र द्वारा वार्षिक घटना के रूप में मान्यता नहीं दी गई थी। वर्ष 1995 के आखिर में, विश्व स्वास्थ्य संगठन और रॉयल नीदरलैंड्स ट्यूबरकुलोसिस फाउंडेशन ने हेग, नीदरलैंड्स में पहली विश्व तपेदिक दिवस की योजना के लिए जिस बैठक में बकालत की गई थी, उसकी मेजबानी की और वर्ष 1996 में विश्व स्वास्थ्य संगठन, रॉयल नीदरलैंड ट्यूबरक्यूलोसिस फाउण्डेशन, इंटरनेशनल यूनियन अगेंस्ट ट्यूबर क्यूलोसिटी एण्ड लंग्स डिसीजन और अन्य सम्बन्धित संगठन, विश्व तपेदिक दिवस की विशिष्ट गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला का संचालन करने के लिए एकजुट हुए।

तपेदिक के उपचार की डॉट्स पद्धति चर्चा में रही

बीसवीं सदी के अंतिम दशक में तपेदिक के उपचार की डॉट्स (डायरेक्टली आब्जर्वड थेरेपी- शॉर्ट कोर्स) पद्धति की बड़ी चर्चा रही। वर्ष 1997 में विश्व तपेदिक दिवस के लिए, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बर्लिन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जिसके दौरान संगठन के महानिदेशक हिरोशी नकाजिमा ने घोषणा की कि- तपेदिक के उपचार की डॉट्स उपचार पद्धति इस दशक की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सफलता है, जिसके माध्यम से हम लाखों जीवन बचा पाएंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैश्विक टीबी कार्यक्रम के निदेशक, डॉ. अराता कोचिन्ने ने दावा किया कि टीबी जैसी वैश्विक महामारी की स्थिति अब बदलने वाली है, क्योंकि हमने इसके उन्मूलन की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल की है। यह स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणालियों की सफलता है जो इसे सम्भव बनाती है। न केवल अमीर देशों में, बल्कि विकासशील दुनिया के सभी हिस्सों में टीबी को नियंत्रित करने के लिए यह स्वास्थ्य प्रबन्धन प्रणाली कारगर साबित होगी।

विश्व तपेदिक दिवस वर्ष 2000 में भारत में मना था

वर्ष 1998 तक, लगभग दो सौ संगठनों ने विश्व टीबी दिवस पर सुदूर पहुँच वाली सार्वजनिक गतिविधियों का आयोजन किया। लंदन में अपने विश्व टीबी दिवस 1998 की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पहली बार दुनिया के अधिकतम टीबी प्रकरण वाले शीर्ष बीस देशों की पहचान की। अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने वर्ष 2000 में विश्व तपेदिक दिवस भारत में मनाने का निर्णय किया और हैदराबाद के महावीर अस्पताल में रोगियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित डायरेक्टली ऑब्जर्व्ड थेरेपी, शॉर्ट-कोर्स (डॉट्स) के माध्यम से उपचार का कार्य शुरू किया था। क्लिंटन के अनुसार, यह मानवीय त्रासदियाँ, आर्थिक आपदाएं हैं, और आपके देश यानी एक सीमित क्षेत्र के लिए संकटों से कहीं अधिक, यह दुनिया के लिए संकट है। बीमारी का प्रसार एक वैश्विक समस्या है जिसे किसी भी देश में अनदेखा नहीं करना चाहिए विशेष रूप से उस देश में जहाँ तपेदिक की प्रतिरक्षा की कोई प्रभावी प्रणाली नहीं है।

तपेदिक से जुड़े असामान्य तथ्य और स्वास्थ्य समतुल्यता

तपेदिक के प्रसार और उससे जुड़े असामान्य तथ्यों पर यदि गौर किया जाए तो कई ऐसे तथ्य सामने आते हैं जो तत्काल विचारणीय हैं। कनाडा में, स्वास्थ्य निर्धारकों के एक राष्ट्रीय सहयोग केंद्र ने वर्ष 2014 में विश्व तपेदिक दिवस पर नोट किया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर रिपोर्ट किए गए टीबी के चौंसठ फीसदी मामले विदेश में जन्मे व्यक्तियों में से थे और तेईस फीसदी आदिवासी लोगों में थे, इसे तपेदिक उन्मूलन से जुड़ी स्वास्थ्य समतुल्यता (इक्विटी) के बारे में चिंता के प्रमुख क्षेत्र के रूप में उजागर किया। तपेदिक के प्रसार पर नियंत्रण के लिए टीबी से लड़ने वाले संगठनों और देशों का एक नेटवर्क है, जिसे - स्टॉप टीबी पार्टनरशिप के नाम से जाना जाता है। यह नेटवर्क इंटरनेशनल यूनियन ऑफ ट्यूबरक्यूलोसिस एण्ड लंग्स डिसीज़ से भी सम्बद्ध है और जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुख्यालय में ही स्टॉप टीबी पार्टनरशिप सचिवालय है। बीमारी के दायरे को उजागर करने और इसे रोकने और उजागर करने के तरीके को उजागर करने के लिए ही विश्व तपेदिक उन्मूलन दिवस का आयोजन किया जाता है।

जेलों में तपेदिक उन्मूलन की लड़ाई लड़ रही है रेडक्रॉस सोसायटी

वर्ष 2010 में विश्व तपेदिक उन्मूलन दिवस पर रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति ने घोषणा की कि दुनिया भर में तपेदिक के प्रसार को रोकने के प्रयासों की आवश्यकता से बहुत कम होने की आशंका तब तक है जब तक कि प्रभावित देशों में अधिकारियों के अपने प्रयासों में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो जाती। समिति ने जेलों के अन्दर इस घातक बीमारी को पनपने से रोकने के लिए वहाँ क्षमता से अधिक कैदियों की संख्या को कड़ाई से रोका जाए और जेल में कैदियों को दिये जाने वाले भोजन की पोषक वैल्यू पर भी ध्यान दिया जाये। समिति की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व के प्रमुख शहरों में जेलों में टीबी की दर आम जनता की तुलना में कई गुना अधिक है। रेडक्रॉस की यह अंतर्राष्ट्रीय समिति काकेशस क्षेत्र, मध्य एशिया, लैटिन अमेरिका, एशिया प्रशांत और अफ्रीका की जेलों में एक दशक से अधिक समय से सीधे या स्थानीय कार्यक्रमों का समर्थन करके टीबी को समाप्त करने की दिशा में सचेष्ट है।

तपेदिक उन्मूलन अभियान से समाज के सभी वर्ग जोड़े गए

वर्ष 2013 में विश्व तपेदिक उन्मूलन दिवस पर टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत टीबी के मामलों और उससे मौतों में कमी के वैश्विक लक्ष्यों की दिशा में प्रगति को चिह्नित करने का अवसर प्रदान किया। वर्ष 1990 के बाद से दुनिया भर में टीबी मृत्यु दर काफी गिर गई है।

वर्ष 2018 में ही विश्व तपेदिक उन्मूलन दिवस पर "वांटेड : लीडर्स फॉर ए टीबी फ्री वर्ल्ड" का नारा दिया गया और टीबी समाप्त करने के लिए न केवल राजनीतिक स्तर पर राज्य प्रमुखों और स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ, बल्कि महापौरों, राज्यपालों, सांसदों और सामुदायिक नेताओं से लेकर टीबी से प्रभावित लोगों, नागरिक समाज के अधिवक्ताओं, सभी स्तरों पर टीबी को समाप्त करने की प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित किया। स्वास्थ्य कार्यकर्ता, डॉक्टर या नर्स, गैर सरकारी संगठन और अन्य सोशल वर्कर भी इस अभियान के भागीदार बनें। इस प्रकार इस अभियान से सभी वर्ग के लोग जुड़े।

राजा दुबे

(लेखक : जनसंपर्क के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1398

कार्यालय प्रमुख अभियंता

जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन तुलसी नगर, भोपाल

ई-मेल - mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन - 0755-2553402, फैक्स - 0755-2552406

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक - 531/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक 24.02.2023**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 16.03.2023** को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1.	2023_WRD_247037	तवा परियोजना की हंडिया शाखा नहर प्रणाली की हरदा उपनहर की आर.डी. 60 मी. पर निर्मित एस.डब्ल्यू.एफ. का विशेष मरम्मत कार्य।	हरदा	4.36
2.	2023_WRD_249584	वि./यां. भारी मशीनरी जल संसाधन विभाग सागर के भवन का मरम्मत कार्य।	सागर	7.14
3.	2023_WRD_249782	शेरपार जलाशय की फिडर चैनल का वार्षिक मरम्मत कार्य।	बालाघाट	4.99
4.	2023_WRD_249783	आमगांव (पोंगार) जलाशय की आर.बी.सी. नहर एक्वाडक्ट का वार्षिक मरम्मत कार्य।	बालाघाट	4.38
5.	2023_WRD_249784	बरवही जलाशय की एल.बी.सी. नहर 200 मी. में लाइनिंग एवं स्पिल चैनल का वार्षिक मरम्मत कार्य।	बालाघाट	4.99
6.	2023_WRD_249802	पडरिया जलाशय का सुधार कार्य।	डिंडौरी	18.78
7.	2023_WRD_250314	लाइट मशीनरी एवं वि./यां. उपसंभाग, मल्हारगढ़ जिला मंदसौर हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना।	उज्जैन	3.53
8.	2023_WRD_250743	सोनपुर मध्यम परियोजना के केसली बांध के डूब क्षेत्र में प्रभावित घाना-बांकोरी रोड निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	सागर	14.97
9.	2023_WRD_251024	मकड़ाई उपनहर की 04 नं. माइनर एवं सिवनी मालवा माइनर की 02 नं. सब माइनर के बैंक रेजिंग हेतु मिट्टी का मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम्	4.00
10.	2023_WRD_251027	भिलाड़िया उपनहर की 09 नं. माइनर के बैंक रेजिंग हेतु मिट्टी का मरम्मत नर्मदापुरम् कार्य।	नर्मदापुरम्	5.00
11.	2023_WRD_251029	रायगढ़ उपनहर की चैन क्र. 680 से 852 के मध्य बैंक रेजिंग हेतु मिट्टी नर्मदापुरम् का मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम्	4.00
12.	2023_WRD_251030	चौतलाय उपनहर की 07 नं. माइनर एवं मिसरोद उपनहर की 06 माइनर के बैंक रेजिंग हेतु मिट्टी का मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम्	4.00
13.	2023_WRD_251032	मोरड़ नदी पर रानीपुर बैराज एवं इंद्रा नदी पर मकड़ाई बैराज एवं पीपलबैर नर्मदापुरम् बैराज का सर्वेक्षण कार्य।	नर्मदापुरम्	1.49
14.	2023_WRD_251066	गुण नियंत्रण शाखा की मुख्य प्रयोगशाला एवं क्वॉलिटी कंट्रोल, संभागीय कार्यालय तथा कम्पाउण्ड का दैनिक रखरखाव कार्य।	रायसेन	5.36
15.	2023_WRD_251261	मोहनपुरा बांध एवं गैलरी की वार्षिक रखरखाव एवं अन्य विविध कार्य।	राजगढ़	19.59
16.	2023_WRD_251825	गाड़ी संख्या एम.पी. 02 ए.व्ही. 4797 (डिजायर) का सुधार का कार्य।	भोपाल	0.99
17.	2023_WRD_251867	हनुमान सागर बांध का सर्वेक्षण कार्य।	सतना	11.29
18.	2023_WRD_252007	उपसंभाग क्र.4 बाड़ी अंतर्गत भण्डार में उपलब्ध पुरानी सामग्री का अपलेखन।	नर्मदापुरम्	13.04
19.	2023_WRD_252008	उपसंभाग क्र.1 तवानगर के भण्डार में उपलब्ध पुरानी अनुपयोगी मशीनों का अपलेखन।	नर्मदापुरम्	6.96
20.	2023_WRD_252269	गडगच बैराज का सर्वेक्षण कार्य।	राजगढ़	0.74
21.	2023_WRD_252374	शमशेरपुरा तालाब की स्पील चैनल की सफाई एवं वेस्ट वियर का मरम्मत कार्य।	राजगढ़	15.35
22.	2023_WRD_252510	तवा परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर की चैन 770, सी.आर. के डाउन स्ट्रीम की दांयी ओर की विंगवाल का मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम्	6.58
23.	2023_WRD_252513	तवा परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर की चैन 121, 214 एवं 244 के सी.डी. मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम्	5.68
24.	2023_WRD_252515	तवा परियोजना की इटारसी उपनहर की माइनर, सब-माइनर एवं टेल माइनर को नाले/नदी में जोड़े जाने हेतु मिट्टी का कार्य।	नर्मदापुरम्	5.25
25.	2023_WRD_252517	तवा परियोजना की इटारसी उपनहर की चैन क्रमांक 900 पर स्केप-कम व्ही.आर.बी. का कार्य।	नर्मदापुरम्	6.68
26.	2023_WRD_252754	निरीक्षण गृह का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	मंडला	4.97

कार्यालय कार्यपालन यंत्री

लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग डिण्डौरी

जिला डिण्डौरी (म.प्र.)

नि.आ.सू. क्रमांक/10/व.ले.लि./2022-23 **डिण्डौरी, दिनांक : 20.02.2023**

ऑनलाइन निविदा प्रथम आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीकृत समस्त निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी जिला डिण्डौरी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों की ऑनलाइन निविदा पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है :-

ई-टेंडर नम्बर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र (रुपये में)	अमानत राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	निविदा खोले जाने का स्थान
2023_PWDRB_253921	करंजिया से गारकामट्टा मार्ग का शेष निर्माण कार्य (बैलेन्स वर्क) लंबाई 6.00 कि.मी.।	155.26	12500/-	155300/-	06 माह वर्षाकाल सहित	कार्या. मुख्य अभियंता लो.नि.वि. मध्यक्षेत्र जबलपुर
2023_PWDRB_253924	कुड़ा-चांदरानी मार्ग का नवीनीकरण कार्य (बैलेन्स वर्क) लंबाई 7.30 कि.मी. एवं धुर्रा पहुंच मार्ग का नवीनीकरण कार्य (बैलेन्स वर्क) लंबाई 1.20 कि.मी.।	76.73	10000/-	76730/-	03 माह वर्षाकाल छोड़कर	कार्या. मुख्य अभियंता लो.नि.वि. मध्यक्षेत्र जबलपुर
2023_PWDRB_253925	रामनगर-मेढ़ाखार मार्ग का नवीनीकरण कार्य (बैलेन्स वर्क) लंबाई 2.40 कि.मी.।	23.67	5000/-	50000/-	2 माह वर्षाकाल छोड़कर	कार्या. मुख्य अभियंता लो.नि.वि. मध्यक्षेत्र जबलपुर
2023_PWDRB_253927	नवोदय विद्यालय धमनगांव के आंतरिक सड़क का मरम्मत कार्य।	5.05	2000/-	10100/-	02 माह वर्षाकाल सहित	कार्या. कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी
2023_PWDRB_253930	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमरपुर में नवीन सी.सी.पी. रूम का निर्माण कार्य।	4.65	2000/-	9300/-	03 माह वर्षाकाल सहित	कार्या. कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी
2023_PWDRB_253932	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेंहदवानी में नवीन सी.सी.पी. रूम का निर्माण कार्य।	4.65	2000/-	9300/-	03 माह वर्षाकाल सहित	कार्या. कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी

(1) ऑनलाइन निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 21.02.2023 से 13.03.2023 सायं 5.30 बजे तक है।
(2) ऑनलाइन बिड सबमिट करने की **अंतिम तिथि 13.03.2023 सायं 5.30 बजे** तक है।
(3) टेण्डर डॉक्यूमेंट (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज केवल ऑनलाइन ही सबमिट किये जायेंगे। निविदा दिनांक 15.03.2023 से खोली जावेगी।
(4) संशोधन का शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाइट में अपलोड किये जावेंगे।
(5) निविदा प्रपत्र वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर भुगतान उपरांत प्राप्त हो सकेंगे। अतिरिक्त जानकारी वेबसाइट पर टेण्डर डाक्यूमेंट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
जी-24114/48260/2023 **लोक निर्माण विभाग भ/स संभाग डिण्डौरी**

27.	2023_WRD_252830	केल मध्यम परियोजना का सर्वेक्षण कार्य।	छतरपुर	9.99
28.	2023_WRD_253203	अमरपुरा तालाब पर स्लूस पर कंट्रोल यम का निर्माण कार्य एवं नहर लाइनिंग कार्य।	नीमच	4.44
29.	2023_WRD_254052	भितरी मुटमुरू योजना के शासकीय स्कूल की रिटर्निंग वॉल का निर्माण कार्य।	पन्ना	14.51
30.	2023_WRD_254279	नर्मदापुरम् स्थित सर्किट हाउस घाट के पास नर्मदा नदी के बायें तट पर नर्मदापुरम् क्षतिग्रस्त पिचिंग के मरम्मत कार्य।		16.88
31.	2023_WRD_254354	मोतीपुरा तालाब के वेस्ट वियर का सुधार कार्य एवं स्पिल चैनल के सफाई कार्य।	राजगढ़	2.92
32.	2023_WRD_254359	नालाझिरी तालाब का मरम्मत कार्य।	राजगढ़	1.31
33.	2023_WRD_254368	नारायणपुरा तालाब का मरम्मत कार्य।	राजगढ़	2.55
34.	2023_WRD_254374	जल संसाधन उपसंभाग ब्यावरा के देवरीखेड़ा तालाब का मरम्मत कार्य।	राजगढ़	3.58
35.	2023_WRD_254377	आगरी तालाब का मरम्मत कार्य।	राजगढ़	0.83
36.	2023_WRD_254378	मलावर तालाब का मरम्मत कार्य।	राजगढ़	4.23
37.	2023_WRD_254569	गणेशपुरा भोजपुर तालाब के स्पिल चैनल का मरम्मत कार्य।	राजगढ़	10.66
38.	2023_WRD_254578	बगलीपाठ प्रेशर योजना का सर्वे कार्य।	बालाघाट	9.98

कुल योग - 266.00

जी-23903/48256/2023 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in

फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 969/2022-23/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक 27.02.2023**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 27.03.2023 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2023_WRD_255853	टर्न की पद्धति पर गंभीर नदी पर कलारिया घाट का निर्माण कार्य एवं रोक बांध की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य समस्त अवयवों सहित। विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	इंदौर	236.03
2.	2023_WRD_255824	टर्न की पद्धति पर बरखेड़ा मध्यम सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र में नवीन हाई लेवल ब्रिज का संपूर्ण निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	धार	243.94
3.	2023_WRD_255825	अमरपुरा तालाब योजना का रखरखाव एवं मरम्मत कार्य।	नीमच	29.95
4.	2023_WRD_255826	टर्न की पद्धति पर फुलीपुरा स्टॉप डैम का निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	शिवपुरी	272.00
5.	2023_WRD_255827	टर्न की पद्धति पर जुझाई स्टॉप डैम का निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	शिवपुरी	246.00
6.	2023_WRD_255828	टर्न की पद्धति पर बीलबरा स्टॉप डैम कम कॉजवे का निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	शिवपुरी	460.00
7.	2023_WRD_255829	टर्न की पद्धति पर बेरजा स्टॉप डैम का निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	शिवपुरी	446.00
8.	2023_WRD_255830	नरोला तालाब की नहर लाइनिंग एवं तालाब का विशेष मरम्मत अंतर्गत कार्य।	शाजापुर	264.03
9.	2023_WRD_255832	सीप कोलार लिंक परियोजना अंतर्गत सीप वियर से टनल की एक्जिट तक पुनर्स्थापना एवं उपचारात्मक कार्य तथा 3 नग नये स्ट्रक्चर, 2 नग ड्रेनेज क्रॉसिंग सुधार कार्य, सीप वियर में ड्रिलिंग ग्राउटिंग एवं टनल की आर.डी. 6486 मी. से आर.डी. 12170 मी. टनल एक्जिट तक ड्रिलिंग कार्य सहित।	सीहोर	388.64
10.	2023_WRD_255833	कुण्डलिया बांध के लिए 25 एच.पी., डीवाटरिंग पंप सेट (एल.टी. ड्राइव सहित) केबल एवं एच.डी.एफ.सी. पाइप लाइन बिछाने का कार्य।	भोपाल	.....
11.	2023_WRD_255834	टर्न की पद्धति पर मसनी बैराज का सम्पूर्ण निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	अलीराजपुर	789.89
12.	2023_WRD_255836	श्यामपुर डी.सी. के अंतर्गत नवीन 11 के.व्ही. लाइन एवं विभिन्न स्थानों पर डी.टी.आर. की शिफ्टिंग का कार्य। (पार्वती परियोजना)	राजगढ़	169.23
13.	2023_WRD_255837	विशेष मरम्मत अंतर्गत खण्डाफरी लघु जलाशय का कार्य।	बालाघाट	35.56
14.	2023_WRD_255838	अम्बाह शाखा नहर की आर.डी. 1121 मी. गुरहा नाला पर स्थित सायफन का मरम्मत कार्य।	मुरैना	22.84
15.	2023_WRD_255839	एस.डी.आर.एफ. अंतर्गत खिरावली तालाब एवं उसकी नहरों का मरम्मत कार्य।	मुरैना	30.10
16.	2023_WRD_255840	अम्बाह शाखा नहर की वितरिका 16 आर. के आर.डी. 600 मी. से आर.डी. 1680 मी. के मध्य तक मरम्मत का कार्य।	मुरैना	31.45
17.	2023_WRD_255841	संलगटोला लघु जलाशय का नवीनीकरण कार्य, बण्ड रिसेक्सनिंग, 02 नं. स्लूस का मरम्मत कार्य एवं आर.डी. 62 पर वर्टिकल फाल निर्माण कार्य।	बालाघाट	36.29
18.	2023_WRD_255842	टर्न की पद्धति पर मेहतगांव बैराज, मेल्या बैराज एवं सनफदेव बैराज का निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	बड़वानी	773.67
19.	2023_WRD_255843	रेतम बैराज परियोजना का रिहेबिलिटेशन एवं इम्प्रूवमेंट कार्य। (ड्रिप अंतर्गत)	मंदसौर	175.04
20.	2023_WRD_255844	टर्न की पद्धति पर खडोय स्टॉप डेम का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	शिवपुरी	336.36
21.	2023_WRD_255845	टर्न की पद्धति पर टामगाघाट वियर का निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	टीकमगढ़	370.58
22.	2023_WRD_255846	टर्न की पद्धति पर पाटनापुरघाट वियर का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	टीकमगढ़	538.18
23.	2023_WRD_255851	कुंआताल एवं रैयासाटा तालाब योजना के सुधार/मरम्मत कार्य।	पन्ना	110.38
24.	2023_WRD_255852	तवा बांध की ट्रेनिंग दीवार की नींव का संरक्षण कार्य एवं बांध के स्टिलिंग बेसिन तक पहुंचने हेतु सीढ़ी बनाने का कार्य।	नर्मदापुरम्	21.36
25.	2023_WRD_255906	जल संसाधन उपसंभाग नसरूल्लागंज के अंतर्गत भदभदा बैराज (अम्बा कदीम) का मरम्मत कार्य।	सीहोर	34.08
26.	2023_WRD_251623	हनौता सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्राम काकलखेड़ी एवं पद्मभाई की 11 के.व्ही. विद्युत लाइन के प्रतिस्थापन का कार्य मय सामग्री एवं मजदूरी सहित।	सागर	40.15
27.	2023_WRD_251624	हनौता सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्राम काकलखेड़ी एवं पद्मभाई की 11 के.व्ही. कृषि विद्युत लाइन के प्रतिस्थापन का कार्य मय सामग्री एवं मजदूरी सहित।	सागर	42.81
28.	2023_WRD_251625	मड़िया बांध पर 15 यात्री/1000 कि.ग्रा. भार क्षमता की लिफ्ट (2 स्टॉप) के प्रदाय, स्थापना, कमीशनिंग व टेस्टिंग का कार्य, मय सामग्री एवं मजदूरी सहित।	सागर	42.77
29.	2023_WRD_251626	सीतानगर बांध पर 15 यात्री/1020 कि.ग्रा. भार क्षमता की लिफ्ट (2 स्टॉप) के प्रदाय, स्थापना, कमीशनिंग व टेस्टिंग का कार्य, मय सामग्री एवं मजदूरी सहित।	दमोह	42.18
30.	2023_WRD_251627	सीतानगर बांध के डूब क्षेत्र से प्रभावित पुनर्वासित ग्राम कल्याणपुरा पर 11 के.व्ही. डी.एल. विद्युत लाइन के प्रतिस्थापन का कार्य मय सामग्री एवं मजदूरी सहित।	दमोह	38.15

TENDER NOTICE

Commissioner of Land Records, Madhya Pradesh ("MPCLR" or "The Purchaser") invites proposals from eligible Bidders for **"Selection of System Integrator for WebGIS 2.0".** More details on the required Services are provided in the RFP under **Section-IV: Schedule of Requirements.**

	Tender No.	Name of the Work/ Services	Tender Fees (In INR)	Earnest Money Deposit (EMD) (In INR)	Last date &time of submission of Bid
1.	CLRMP/ 2023/ 01	Selection of System Integrator for WebGIS 2.0	INR. 5000/- Processing Fees (non-refundable) to be paid online through MP e-Tendering portal.	INR 90,00,000/- (INR Ninety Lakhs only) Bidder may submit the EMD in the form of Bank Guarantee from a Scheduled/Nationalized Bank or Online. In case of submission of EMD through Bank Guarantee, Bidder shall be required to upload the scanned copy of BG on the MPTender Portal (https://www.mptenders.gov.in)	**21.03.2023** at 18:00 Hrs.

Office of the Commissioner, Land Records

Rajaswa Bhawan, Naka Chandrawadni, Vivekanand Needam Road,
Gwalior, Madhya Pradesh - 474002
Phone : 0751-2441200

E-mail : clrgwa@nic.in, **Website :** www.mpbhulekh.gov.in

G-24082/48259/2023

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड सरदारपुर जिला धार (म.प्र.)

दूरभाष - 07296-245865, ई-मेल - eephedsardha@mp.gov.in

नि.सू.क्र. 32/2022-23 **सरदारपुर, दिनांक : 22.02.2023**

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं ई-टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत आमंत्रित किये जाने हेतु विभागीय इंटरनेट साइट पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in/**खंड सरदारपुर में जल जीवन मिशन अंतर्गत खंड सरदारपुर के अंतर्गत विभिन्न विकासखंडों की रेट्रोफिटिंग आधारित नलजल योजना की ड्राईंग डिजाइन अनुसार आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी मय सम्पवेल एवं पंपहाउस आर.सी.सी. सेनेटरी कुआं, स्टील स्ट्रक्चर पर एच.डी.पी.ई. 5 मीटर ऊंचाई टैंक सहित निर्माण एवं मुख्य पाइप लाइन, जल वितरण नलिकाएं पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, 11 केवी इलेक्ट्रिक पावर लाइन एक्सटेंशन कनेक्शन समस्त सामग्री एवं मजदूरी सहित कार्य हेतु निर्धारित प्रक्रिया संपादित की गई है :-

सिस्टम टेण्डर क्र.	कार्य का विवरण	निविदा लागत रु. लाख में	धरोहर राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	ठेकेदारों की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2023_PHED_253250_1	गंधवानी	246.05	2,46,050/-	15000/-	म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन	06 माह वर्षाकाल सहित पूर्णकर 90 दिनों का सफल
2023_PHED_254576_1	बाग	385.82	3,85,820/-	15000/-		
2023_PHED_254577_1	डही	337.57	3,37,570/-	15000/-		
2023_PHED_254579_1	बाग	266.49	2,66,490/-	15000/-		
2023_PHED_254581_1	गंधवानी	359.27	3,59,270/-	15000/-		
2023_PHED_254582_1	बाग	268.39	2,68,390/-	15000/-		
2023_PHED_254583_1	डही	216.63	2,16,630/-	15000/-		
2023_PHED_254584_1	बाग	487.74	4,87,740/-	15000/-		

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 13.03.2023 17.30 बजे

ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : **13.03.2023 17.30 बजे**

ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 15.03.2023 11.00 बजे

नोट :– निविदा प्रपत्र सिर्फ उपरोक्त इंटरनेट साइट पर ऑनलाइन केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग अकाउण्ट एवं आय.टी. जेड केश कार्ड के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदायें एवं अन्य विवरण उपरोक्त लिखित पोर्टल पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड सरदारपुर जिला-धार (म.प्र.)

जी-23999/48258/2023

31.	2023_WRD_251628	अपर चंदिया जलाशय योजना का विशेष मरम्मत कार्य ब्लॉक शाहगढ़।	सागर	35.67
32.	2023_WRD_251630	टर्न की पद्धति लालाखेड़ी बैराज (गेट सहित) स्थानीय नाले पर ग्राम लालाखेडी के पास तहसील गुलाना में 0.57 मि.घ.मी. जल संग्रहण एवं रूपांकित सिंचाई क्षमता 200 हेक्टेयर हेतु निर्माण संबंधी सभी कार्य, सर्वे एवं भू-भौर्य जांच सहित, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	शाजापुर	262.59
33.	2023_WRD_251631	बिरगोद तालाब नं. 02 के बांध का शेष निर्माण कार्य, कॉम्पेक्शन के अलावा, स्थानीय नाले पर ग्राम बिरगोद तहसील शाजापुर जिला शाजापुर अर्थवर्क एवं पिचिंग, स्पील वैनल व अतिरिक्त जल निकासी हेतु बाढ़ में सुरक्षित जल निकासी मार्ग मुख्य नाले तक बनाना। समस्त नागरिक तथा यांत्रिकी कार्य जो कि बांध निर्माण हेतु आवश्यक हो। बांध निर्माण पूर्ण होने के दो वर्ष पश्चात तक संधारण करना, यदि कोई कमी या दोष हो तो दूर करना।	शाजापुर	135.53
34.	2023_WRD_256287	बालकृष्ण सागर बैराज के समीप घाट निर्माण एवं संरक्षण का कार्य।	शाजापुर	264.76
35.	2023_WRD_256289	अमसियाखेड़ी 2 बैराज के समीप घाट निर्माण एवं संरक्षण का कार्य।	शाजापुर	175.74
36.	2023_WRD_256292	घुंसी बैराज के समीप घाट निर्माण एवं संरक्षण का कार्य।	शाजापुर	404.37

जी-23987/48257/2023 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

शुद्धिपत्र क्रमांक 02.11.2022, दिनांक 03.03.2023

राज्य सेवा परीक्षा 2022

01 आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के प्रशासनिक पदों की पूर्ति हेतु ''राज्य सेवा परीक्षा-2022'' का विज्ञापन क्रमांक 11/2022, दिनांक 30.12.2022 आयोग की वेबसाइट **https://www.mppsc.mp.gov.in/** पर जारी किया गया है।

02 उक्त विज्ञापन में उल्लिखित निम्न पदों के रिक्ति विवरण विभाग से प्राप्त मांगपत्रानुसार निम्नानुसार संयोजित किए जाते हैं :–

स. क्र.	विभाग एवं पदनाम	कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					मध्यप्रदेश के मूल निवासी भूतपूर्व सैनिकों हेतु आरक्षित पद संख्या					मध्यप्रदेश के मूल निवासी दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों की संख्या				पदों की कुल संख्या	वेतनमान
		UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	LD	VH	HH	MD		
	द्वितीय श्रेणी राजपत्रित																					
	नगरीय विकास एवं आवास विकास																					
1.	मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रेणी ''ख''	0	1	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	2	15600-39100 +5400 ग्रेड पे
	पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग																					
2.	अतिरिक्त सहायक विकास आयुक्त (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत)	3	2	3	4	1	1	1	1	1	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0	13	9300-34800 +4200 ग्रेड पे
3.	विकासखण्ड अधिकारी	4	2	3	4	1	1	1	1	1	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0	14	9300-34800 +3600 ग्रेड पे
	कुल पद	**7**	**5**	**7**	**8**	**2**	**2**	**2**	**2**	**2**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**2**	**0**	**0**	**29**	

उक्त संयोजन के फलस्वरूप राज्य सेवा परीक्षा 2022 हेतु पूर्व विज्ञापित 427 पदों में उपरोक्त 29 पदों के सम्मिलित होने के पश्चात कुल पदों की संख्या 456 हो गई है।

03 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

जी-24214/48263/2023 **उप सचिव**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, नर्मदापुरम

पुलिस कंट्रोल रूम के सामने, पिपरिया रोड

दूरभाष क्रमांक : 07574-252571 (फैक्स) 07574-253119, Email : eephedhos@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर नर्मदापुरम जिले के विकासखंड **माखन नगर एवं सोहागपुर,** के विभिन्न ग्रामों में 'जल जीवन मिशन' अंतर्गत नवीन नलजल योजनाओं के क्रियान्वयन के तहत आरसीसी उच्च स्तरीय टंकी निर्माण, आरसीसी सम्पवेल कम पम्प हाउस निर्माण/आरसीसी फ्रेम्ड ब्रिक मेसोनरी पंप हाउस निर्माण, मोटर पंप स्थापना, पाइप लाइन बिछाना, घरेलु नल कनेक्शन, विद्युत संयोजन इत्यादि कार्य तथा समस्त सामग्री एवं लेबर सहित योजनाओं की टेस्टिंग, कमीशनिंग, 90 दिवस तक ट्रायल रन कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखंड का नाम	ग्रामों की संख्या	ग्राम का नाम	निविदा की कुल लागत (रुपये में)	धरोहर राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
136/22-23 दिनांक 04.03.2023	2023_PHED_ 257958_1	माखन नगर	07	1. आलाखेड़ी 2. गुराड़िया कलां 3. डोंब 4. नया धांई 5. नया मालनी 6. सर्रा केसली 7. बोरी	22563000/-	225630/-	15000/-	180 दिवस वर्षा ऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
137/22-23 दिनांक 04.03.2023	2023_PHED_ 257964_1	माखन नगर	07	1. बंसीखेरी 2. भानपुर 3. मोहासा 4. बालाभेंट 5. अहारखेड़ा 6. जमुनिया 7. डांगीवाड़ा	24350800/-	243508/-	15000/-	180 दिवस वर्षा ऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
138/22-23 दिनांक 04.03.2023	2023_PHED_ 257969_1	माखन नगर	06	1. चीलाचोंन 2. चांदला 3. आखमउ 4. मल्लनवाड़ा 5. डोंढई 6. कड़ैया	23144000/-	231440/-	15000/-	180 दिवस वर्षा ऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
139/22-23 दिनांक 04.03.2023	2023_PHED_ 257976_1	माखन नगर	05	1. कांसखेड़ा 2. पहनतला 3. पीपरपानी 4. कोटगांव 5. घोड़ानार	17964600/-	179646/-	10000/-	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
140/22-23 दिनांक 04.03.2023	2023_PHED_ 257991_1	सोहागपुर	04	1. बिछुआ 2. अजबगांव 3. मोकलवाड़ी 4. कोहनी	18080000/-	180800/-	10000/-	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
141/22-23 दिनांक 04.03.2023	2023_PHED_ 257995_1	सोहागपुर	05	1. धीकवाड़ा 2. भौंखेड़ी खुर्द 3. हीरापुर 4. सांकला 5. महुआखेड़ा कलां	18405000/-	184050/-	10000/-	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की **अंतिम तिथि 20.03.2023 17:00 बजे तक।** ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20.03.2023 17:00 बजे तक। ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि 21.03.2023 17:00 बजे से।

जी–24206/48262/2023 **कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, नर्मदापुरम**

OFFICE OF THE DIRECTOR SUPERSPECIALITY HOSPITAL MEDICAL COLLEGE JABALPUR

No. Estt./Gazett/23/606 **Jabalpur, Dated : 03.03.2023**

Recruitment of faculty in Upgraded Neurosurgery Department of Netaji Subhash Chandra Bose (Government) Medical College Jabalpur

Netaji Subhash Chandra Bose (Government) Medical College, Jabalpur has invited applications from eligible candidates to fill up the posts of Superspecialists in Upgraded Neurosurgery Department Jabalpur. Interested candidates are required to submit applications with all details to the college till **27th March 2023 up to 5:30 pm**. Details can be seen on website of the college **www.nscbmc.ac.in.** Interested candidates are advised to go through the "Madhya Pradesh Superspeciality Aspatal Chikitsa Shikshak Aadarsh Seva Niyam 2018" available on the website http://www.medicaleducation.mp.gov.in/carefully and note the special perks and privileges offered to Superspecialists under the Rules. Some important features are as below :-

1. Salary

S. No.	Designation	All inclusive Monthly Salary Rs. Lakhs.	Minimum age Years
1	Professor	3.00	35
2	Associate Professor	2.50	30
3	Assistant Professor	1.50	25

2. 8% per annum increment in Salary.
3. Incentives of Aayushman Yojna as per prevailing state government scheme.
4. 50% Revenue Share from Paid OPD.
5. Time Bound post upgradation as per MCI Regulations irrespective of vacancies by upgrading posts.
6. Reimbursement of air fare to attend workshop/seminar (twice a year, in India and once abroad).
7. No Private Practice will be allowed.
8. The probable date of the Interview on 10.04.2023.

Director, (Superspeciality Hospital)
G-24195/48261/2023 **N.S.C.B. Medical College Jabalpur**

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
फोन नं. : 0734-2527715, मोबा. 9406808103
Email: mpphcl_ujjain@yahoo.in
क्र. 348/पयं/मप्पुहाइडेकाले/23/ उज्जैन, दिनांक : 09.03.2023

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 31/2022-23

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 31/2022-23 दिनांक 09.03.2023 के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण कार्य अस्पताल भवन, शामगढ़ जिला, मंदसौर हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2023_MPPHC_258984 आमंत्रित की गई है।
निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 09.03.2023 17.00 बजे से क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/108882/2023 **R-48267/2023** **परियोजना यंत्री**

SHRI CLOTH MARKET KANYA VANIJYA MAHAVIDYALAYA

Ganeshganj, Indore
(Affiliated to DAVV,Indore)

REQUIRES

- **ASSISTANT PROFESSOR**
  Commerce (3), English Literature (1)
- **LIBRARIAN** - **SPORTS OFFICER**
- **COMPUTER OPERATOR**

Qualifications as per college code 28

Apply within 10 days to-
The Chairman, Governing Body with photocopies of all relevant documents.

R-48269/2023

deepak

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.-462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No./3325/22/D-12/MPRRDA/2023 **Bhopal, Dated : 07.03.2023**

NOTICE INVITING TENDER No. 1076 (PMGSY-B.W.)

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **www.mptenders.gov.in** as detailed below :

- **Name of Work :** Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction.

S.No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Shahdol	1	11813000.00

1. Bid document may be purchase online from 07.03.2023 (17:30 hrs) and last date for online bid submission is 21.03.2023 (17:00 hrs.)
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/108862/48265/2023 **(TENDER)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462011

NOTICE INVITING TENDER No. 1077 (PMGSY-III-Bridge) (PMGSY-III, Batch-III, Year 2021-22)

No./3329/22/D-12/MPRRDA/2023 **Bhopal, Dated : 07.03.2023**

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below :-

- **Name of Work :** Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.

S. No.	Name of District	No. of Packages	No. of Bridge	Total PAC (In Rs.)
1.	Balaghat	1	1	18635000.00
2.	Indore	1	1	6785000.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from 10.03.2023 (17:30 hrs) and last date for online bid submission is 27.03.2023 (17:00 hrs.)
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/108863/48266/2023 **(TENDER)**

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER R.V.S. KRISHI VISHWA VIDYALAYA, GWALIOR

No./ IPRO/E.E./Tender/2023/Gwalior/2949 **Dated:- 06/03/2023**

E-Tender Notice

Online E-tenders are invited by R.V.S.K.V.V., Gwalior form 'A' from the **Registered Contractor in M.P.P.W.D. / C.P.W.D. /M.E.S.** Deptt. For the following works through the E-Tendering online ***https://www.mptenders.gov.in*** only.

S. No.	Particular of Item	Esst. Cost in (Lakh)	E.M.D. Amounts Rs.	Cost of Tender Form + Portal Charge Rs.	Class of Contractor \C & Above	S.O.R. Applicable with all amended upto date of NIT	Time Allowed (Including Rainy Season)
1.	Establishment Cold Room of Cold Storage Building at KVK Morena	10.50	21000.00	2000/-	.....do.....	.....do.....	05 Months

1. **Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in up to 27/03/2023 up to 17:30.**
2. **The Bid Documents can be purchased only online form 07.03.2023 to 27.03.2023 up to 17:30 & Bid Submission online end date 27.03.2023 Up to 17:30.**
3. **Mandatory Documents open date 28.03.2023 at Time 12:30 AM, Financial Bid open date 29.03.2023 at Time 12.30 PM or next working Days.**
4. **Amendments of NIT, if any, would be published on website only, & not in News paper.**

The R.V.S.K.V.V., reserves the right to reject any or all tenders without assigning any reasons thereof, University will not responsible for any delayed.
Note:- "The person(s)/firms would not be entitled to participate in the tender process if in past there is any dispute/litigation/involvement (civil/criminal) is pending/initiated with the administration or within the premises of the university/college.
Special Note:-
1) Items left (if any) in the NIT and is essential to complete the work must incorporated by the contractor with MP PWD (Electrical/Civil) SOR w.e.f. 15 September 2022 as percentage Below or Above.
2) Rate are Applicable as per Amendments by MP PWD Building, Road, Electrical With Reference to GST.

Executive Engineer

ATUL

R-48264/2023

मुख्यमंत्री ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

धार, मनावर के नजदीक ग्राम बालीपुर धाम के माँ अम्बिका आश्रम में ब्रह्मलीन संत श्री गजानन्द महाराज के जन्मोत्सव के दौरान अनुयाइयों ने इतिहास रच दिया। समूचे विश्व में एक साथ नशा छोड़ने की शपथ इतने सारे व्यक्तियों ने कभी नहीं ली। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वृहद नशामुक्ति शपथ दिलाई। जिला प्रशासन और बालीपुर धाम को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के श्री भरत शर्मा और हिमांशु तिवारी ने प्रमाण-पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बालीपुर धाम अद्भुत स्थल है, यहां आकर मैं धन्य हो गया हूं। गुरुदेव ने यहां से प्रदेश के लाखों लोगों को सद्बुद्धि दी है और सम्मान से रहना सिखाया है। यह एक ऊर्जा सिद्ध क्षेत्र है। बालीपुर धाम में जो नशा मुक्ति का अभियान चल रहा है उसके लिए मैं पूरी तरह समर्पित हूं। आज गुरू भक्तों का यह कार्य अद्भुत है। इस अभियान को बढ़ाने के लिए हम अपना पूरा योगदान देंगे। शराब की दुकानों के अहाते को । अप्रैल से बंद किया जाएगा। नशा, बुद्धि, स्वास्थ्य, परिवार और पैसे को बिगाड़ता है, नशा नाश की जड़ है।

श्री चौहान ने कहा की बहनें अपनी छोटी-मोटी जरूरतों और पैसों की आवश्यकता के लिए परेशान न हों, इसलिए हर महीने बहनों को एक-एक हजार रुपये उपलब्ध कराने की व्यवस्था लाड़ली बहना योजना के रूप में की गई है। जिन परिवारों की वार्षिक आय ढाई लाख रुपये से कम है, जिनके पास 5 एकड़ से कम भूमि है और जिन परिवारों में कोई आयकरदाता नहीं हो, ऐसे परिवारों की 23 से 60 आयु वर्ग की बहनें योजना के लिए पात्र हैं। बहनों को यह राशि उपलब्ध कराने से उनके साथ पूरे परिवार का भी कल्याण होगा। योजना के लिए 25 मार्च से 30 अप्रैल तक आवेदन भरे जाएंगे। मई माह में आवेदनों की जाँच होगी और 10 जून को पहली किस्त बहनों के बैंक खातों में जमा कर दी जाएगी। जिन बहनों के बैंक खाते नहीं हैं, उनके खाते खुलवाने में भी मदद की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवेदन के लिए समग्र आईडी और आधार नम्बर आवश्यक है। मूल निवासी और आय प्रमाण-पत्र आदि की आवश्यकता नहीं है।

श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना ने जब से मूर्तरूप लिया। तब से बेटियों के लखपति होने के साथ ही बेटियों को पढ़ाई में मदद के लिए किताबें, यूनिफार्म, साइकिल आदि की व्यवस्था की गई है। मजदूर बहन, बेटा-बेटी के जन्म के बाद आराम कर सके, इसके लिए संबल योजना में जन्म से पहले 4 हजार और जन्म के बाद 12 हजार रुपये देने की व्यवस्था की गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने माईक्रो इरीगेशन सिंचाई परियोजना में मनावर मरियापुरा, सोल्यापुरा तालाब, गुलाटी को भी जोड़ने, जल जीवन मिशन में विकासखण्ड कुक्षी, निसरपुर एवं डही की नर्मदा नदी आधारित 105 ग्रामों की रेट्रोफिटिंग समूह नल-जल प्रदाय योजना की मांग पर परीक्षण कराने की बात कही। इसी तरह जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले के फ्लोराइड प्रभावित क्षेत्र के विकासखण्ड गंधवानी, मनावर, सरदारपुर, धरमपुरी, उमरबन, नालछा, तिरला के 233 ग्रामों में 06 समूह जल-प्रदाय योजनाओं की मांग पर परीक्षण की बात कही। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 78 हजार 961 लाख रुपये की लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी किया।

धार जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के एक लाख आवास पूर्ण होने पर हितग्राहियों की ओर से मुख्यमंत्री श्री चौहान को धन्यवाद पत्र सौंपा गया। साथ ही मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ कर 84 हजार 879 दीदियों ने अपनी वार्षिक आमदनी एक लाख रुपये से ज्यादा कर लखपति क्लब में शामिल होने पर मुख्यमंत्री श्री चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
निर्माण भवन, प्लॉट नं. 27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं. - 32/2022/निविदा/सा/एपीडी/ भोपाल, दिनांक 28.02.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. कार्यालय आयुक्त सह संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्थान राजीव गांधी भवन 35 श्यामला हिल्स भोपाल में सुगम्य भारत योजना अंतर्गत बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने का आंतरिक कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
2023_PWPIU_252508_2	भोपाल	110.00	110000	12500	12 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. कलेक्टर कार्यालय भोपाल में सुगम्य भारत योजना अंतर्गत बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने का आंतरिक कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

2023_PWPIU_252528_2	भोपाल	138.92	138920	12500	12 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. कार्यालय आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ई.ओ.डब्ल्यू.) अरेरा हिल्स भोपाल एवं मुख्य तकनीकी परीक्षक सर्तकता शिल्प भवन भोपाल में सुगम्य भारत योजना अंतर्गत बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने का आंतरिक कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

2023_PWPIU_252532_2	भोपाल	289.54	289540	15000	12 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. कार्यालय संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म खनिज भवन अरेरा हिल्स एवं अधीक्षक म.प्र. स्टेट गैरेज जहांगीराबाद भोपाल में सुगम्य भारत योजना अंतर्गत बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने का आंतरिक कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

2023_PWPIU_252653_2	भोपाल	146.28	146280	12500	12 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. कार्यालय खेल एवं युवा संचालनालय टी.टी. नगर स्टेडियम भोपाल में सुगम्य भारत योजना अंतर्गत बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने का आंतरिक कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

2023_PWPIU_252676_2	भोपाल	109.03	109030	12500	12 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 6. कार्यालय लोकायुक्त भोपाल एवं राज्यपाल का सचिवालय भोपाल में सुगम्य भारत योजना अंतर्गत बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने का आंतरिक कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

2023_PWPIU_252683_2	भोपाल	143.90	143900	12500	12 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 7. कार्यालय राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग एवं नियंत्रक नापतौल विभाग अरेरा हिल्स भोपाल में सुगम्य भारत योजना अंतर्गत बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने का आंतरिक कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

2023_PWPIU_252748_2	भोपाल	122.50	122500	12500	12 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 8. कार्यालय संचालक संस्कृति संचालनालय बाणगंगा एवं संचालक लोक अभियोजन संचालनालय भदभदा रोड भोपाल में सुगम्य भारत योजना अंतर्गत बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने का आंतरिक कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

2023_PWPIU_252770_2	भोपाल	230.44	230440	15000	12 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 9. कार्यालय आयुक्त सह संचालक नगर एवं ग्राम निवेश पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी एवं प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण भवन अरेरा हिल्स भोपाल में सुगम्य भारत योजना अंतर्गत बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने का आंतरिक कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

2023_PWPIU_252822_2	भोपाल	159.78	159780	12500	12 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 10. हरदा जिले के अंतर्गत स्वीकृत कार्य, सी.एम. राइज स्कूल भवनों हेतु सुपरविजन क्वालिटी कन्ट्रोल। (एस.क्यू.सी.)

2023_PWPIU_255051_1	हरदा	6930.00	138600	12500	24 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 11. लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. रायसेन में छोटे निर्माण कार्य, ठेकेदार द्वारा छोड़े गये कार्य, परफार्मेंस गारंटी के अंतर्गत मरम्मत कार्य हेतु निविदा। (जोनल निविदा)

2023_PWPIU_257169_1	रायसेन	50.00	50000	10000	12 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 12. सीहोर जिले के अंतर्गत छोटे-छोटे स्वीकृत कार्य, शेष कार्य एवं पी.पी. कार्य एवं अन्य कार्य हेतु जोनल कार्य। (जोनल निविदा)

2023_PWPIU_257190_1	सीहोर	120.00	120000	12500	12 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 28.02.2023 समय 10.30 से **दिनांक 15.03.2023 समय 05.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अतिरिक्त परियोजना संचालक
जी-24283/48271/2023 **(मुख्य अभियंता) लो.नि.वि. पी.आई.यू., भोपाल**

पेसा नियम जनता की जिंदगी बदलने का महाअभियान

भोपाल, पेसा नियम द्वारा जनता की जिंदगी बदलने के महाअभियान में राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इसके क्रियान्वयन से जनजातीय वर्ग की जिंदगी आसान होगी। इसमें सभी के सहयोग से लोगों में जागरूकता लाने की जरूरत है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित समत्व भवन में जनजातीय वर्ग के प्रतिनिधियों के साथ पेसा नियम के क्रियान्वयन पर चर्चा करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जन-प्रतिनिधि मिल-जुल कर टीम बना कर पेसा नियम के क्रियान्वयन में जुट जाएं। प्रबुद्ध वर्ग को जोड़ने का कार्य करें।

संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण
छठवीं मंजिल, विन्ध्यांचल भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश
दूरभाष क्रमांक : 0755-2578491
Email : dirhort@mp.nic.in, rkvyharti@mp.gov.in, midhhorti@mp.gov.in

क्रमांक/उद्यान/RKVY/राईप. चे/2022-23/ भोपाल, दिनांक :

विज्ञप्ति

संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY) एवं एकीकृत बागवानी विकास मिशन (MIDH) में वर्ष 2022-23 अंतर्गत पोस्ट हार्वेस्ट मेनेजमेंट के तहत विभिन्न घटकों में निम्न प्रावधानों के अंतर्गत **www.mpfsts.mp.gov.in** पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :

क्र.	घटक	निर्माण हेतु	लागत मापदण्ड	भौतिक लक्ष्य (संख्या में)	सहायता का प्रतिमान
1	कोल्ड रूम (स्टेजिंग) (MIDH)	30 मी. टन क्षमता हेतु	रुपये 15.00 लाख/ इकाई	24	प्रति लाभार्थी परियोजना की निर्धारित लागत का 35 प्रतिशत की दर से ऋण संबद्ध बैंक एंडेड सब्सिडी अधिकतम राशि रुपये 5.25 लाख।
2	शीतगृह (कोल्ड स्टोरेज) टाईप-1 (MIDH)	अधिकतम 5000 मी. टन क्षमता	रुपये 8000/- मैट्रिक टन	5	प्रति लाभार्थी परियोजना की निर्धारित लागत का 35 प्रतिशत की दर से ऋण संबद्ध बैंक एंडेड सब्सिडी अधिकतम राशि रुपये 0.028 लाख /मी. टन
3	कोल्ड रूम (स्टेजिंग) (RKVY)	30 मी. टन क्षमता हेतु	रुपये 15.00 लाख/ इकाई	10	प्रति लाभार्थी परियोजना की निर्धारित लागत का 35 प्रतिशत की दर से ऋण संबद्ध बैंक एंडेड सब्सिडी अधिकतम राशि रुपये 5.25 लाख।
4	कोल्ड चेन का तकनीकी अधिष्ठापन एवं आधुनिकीकरण (MIDH)	पीएलसी उपकरण, पैकेजिंग लाइन, डॉक लेवर्स, एडवांस ग्रेडर्स, अल्टरनेट टेक्नोलॉजी, स्टेकिंग सिस्टम्स, मॉडीगाजेशन ऑफ इन्सुलेशन एण्ड रेफ्रीजरेशन आदि।	रुपये 35.00 लाख/ इकाई	3	प्रति लाभार्थी परियोजना की निर्धारित लागत का 35 प्रतिशत की दर से ऋण संबद्ध बैंक एंडेड सब्सिडी अधिकतम राशि रुपये 12.25 लाख।
5	रिफर मेन (MIDH)	न्यूनतम 4 मी. टन से 9 मी. टन तक क्षमता हेतु	9 मीट्रिक टन (एनएचएम एवं एचएमएनईएच) क्षमता के लिये 26.00 लाख और कम क्षमता, पर 4 मीट्रिक टन से कम नहीं, के लिए उसके अनुपात में	2	प्रति लाभार्थी परियोजना की निर्धारित लागत का 35 प्रतिशत की दर से ऋण संबद्ध बैंक एंडेड सब्सिडी देय होगी।
6	राईपनिंग चेम्बर (MIDH)	300 मी. टन क्षमता हेतु	रुपये 1.00 लाख/ मैट्रिक टन	5	प्रति लाभार्थी परियोजना की निर्धारित लागत का 35 प्रतिशत की दर से ऋण संबद्ध बैंक एंडेड सब्सिडी अधिकतम राशि रुपये 105.00 लाख।
7	राईपनिंग चेम्बर (RKVY)	10 मी. टन क्षमता हेतु	रुपये 1.00 लाख/ मैट्रिक टन	31	प्रति लाभार्थी परियोजना की निर्धारित लागत का 35 प्रतिशत की दर से ऋण संबद्ध बैंक एंडेड सब्सिडी अधिकतम राशि रुपये 3.5 लाख।
8	इंटीग्रेटेड पैक हाउस विथ फेसिलिटी फॉर कनवेयर बेल्ट, शॉर्टिंग, गेडिंग यूनिट, वॉशिंग, ड्राइंग एण्ड (MIDH)	साईज 9M X 18M	रुपये 50.00 लाख इकाई	5	प्रति लाभार्थी परियोजना की निर्धारित लागत का 35 प्रतिशत की दर से ऋण संबद्ध बैंक एंडेड सब्सिडी अधिकतम राशि रुपये 17.50 लाख।
9	रूरल मार्केट्स/ अपनी मंडीज/ डायरेक्ट मार्केट्स	प्रोजेक्ट	रुपये 25.00 लाख/ इकाई	5	प्रति लाभार्थी परियोजना की निर्धारित लागत का 40 प्रतिशत की दर से ऋण संबद्ध बैंक एंडेड सब्सिडी अधिकतम राशि रुपये 10.00 लाख।

आवेदकों को निम्नानुसार दस्तावेज MPFSTS पोर्टल पर अपलोड करने होंगे :-

1. भूमि के दस्तावेज 2. प्रोजेक्ट डी.पी.आर 3. बैंक एप्राइजल रिपोर्ट 4. बैंक ऋण स्वीकृति पत्र 5. केन्द्र अथवा राज्य सरकार से अनुदान प्राप्त नहीं करने का घोषणा पत्र (रुपये 100 के स्टांप पर) 6. चार्टर्ड इंजीनियर द्वारा हस्ताक्षरित बेसिक डाटा शीट/ डिजाईन या तकनीकी डाटा

उपरोक्त दस्तावेजों के अतिरिक्त कोल्ड स्टोरेज/राइपेनिंग चेम्बर के लिये भवन निर्माण के संबंध में अनुज्ञा प्रमाण पत्र, CCD की डिजाईन एवं मापदण्ड अनुसार निर्माण कराने का घोषणा पत्र (रुपये 100 के स्टांप पर), भारत सरकार द्वारा स्वीकृत मानकों और प्रोटोकॉल के अनुसार निर्माण कराने का घोषणा पत्र (रुपये 100 के स्टांप पर)। कोल्ड चेन का तकनीकी अधिष्ठापन एवं आधुनिकीकरण के लिये सोलर सिस्टम का कोटेशन, पूर्व में निर्मित कोल्ड स्टोरेज का नाम, पता, क्षमता (मी. टन), निर्मित वर्ष, प्राप्त अनुदान सहायता, व्यवसायिक गतिविधियों का विवरण एवं फोटो ग्राफ्स। रिफर वेन के लिये बैंक द्वारा वाहनों के चेचिस, बॉडी, रेफ्रीजरेशन यूनिट के प्रोफार्मा इनवॉइस की स्वप्रमाणित प्रति एवं वाहनों के चेचिस व बॉडी डिलीवरी चालान की स्वप्रमाणित प्रति।

राज्य स्तरीय समिति द्वारा प्रकरणों का परीक्षण किया जावेगा। परीक्षण उपरांत पात्र पाये गये आवेदकों को प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर योजना का लाभ दिया जा सकेगा। उपरोक्तानुसार कार्यवाही पूर्ण करने वाले आवेदनों पर ही योजना के दिशा-निर्देशानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

(निधि निवेदिता)
संचालक
जी-24268/48270/2023 **उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग, भोपाल, मध्यप्रदेश**

प्रतिमा का अनावरण

स्व. अर्जुन सिंह ने गरीब कल्याण के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा कि वे अपने व्यक्तित्व और कार्यों की वजह से देश में जाने जाते हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश को पूरे देश में पहचान दिलाने का कार्य किया और गरीबों के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. अर्जुन सिंह मुख्यमंत्री के साथ केंद्र और राज्यों में अनेक सम्मानीय पदों पर रहे। वे सफल प्रशासक थे। उन्हें राजनीति के चाणक्य के रूप में भी जाना जाता है। मुख्यमंत्री ने भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री अर्जुन सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. अर्जुन सिंह ने विभिन्न विभाग के मंत्री और मुख्यमंत्री के पद पर रह कर बेहतर कार्य किया, उनके अनेक कार्य मध्यप्रदेश आज भी याद करता है और करता रहेगा। स्व. श्री सिंह ने दलित, शोषित और पिछड़ों के लिए कार्य किया। पंजाब में ऐतिहासिक राजीव-लोंगोवाल समझौता उनकी देन है।

उन्होंने कहा कि पंजाब में राज्यपाल के रूप में उन्होंने बेहतर कार्य किया। प्रदेश में डकैतों का आत्म-समर्पण उनके मुख्यमंत्री के कार्यकाल में हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. अर्जुन सिंह अपनी विचारधारा को अक्षुण्ण रखते हुए कार्यक्रमों में पहुंच जाते थे। सदैव स्नेह, प्रेम और दूसरों का सम्मान उनके स्वभाव में था। वे कम परंतु अर्थपूर्ण बोलते थे। उन्होंने भारत में मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया था।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि बेहद प्रसन्ना है कि स्व. अर्जुन सिंह की प्रतिमा का यहां अनावरण किया जा रहा है। आज मैं जो कुछ भी हूं, उनकी बदौलत ही हूं। उन्होंने कहा कि स्व. श्री सिंह का कार्य करने का तरीका अद्भुत था, वे जो बोलते थे करके दिखाते थे। वे जिस पद पर रहे उसका बखूबी निर्वहन किया।

पूर्व मंत्री श्री अजय सिंह राहुल ने मुख्यमंत्री का प्रतिमा अनावरण के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बुधवार पितादी की 12वीं पुण्य-तिथि थी। उन्होंने प्रतिमा स्थापना के लिए नगर निगम का भी आभार माना। उन्होंने कहा कि स्व. अर्जुन सिंह ने मध्यप्रदेश के लिए अनेक योजनाओं और संस्थानों की स्थापना की। केंद्रीय योजनाओं को लागू करने में पिताजी का नाम अवश्य लिया जायेगा।

चार तहसीलों को मिलाकर मऊगंज बनेगा प्रदेश का नया जिला

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मऊगंज में आयोजित जनकल्याण कार्यक्रम में हितलाभ वितरित करते हुये।

रीवा, राज्य सरकार का मऊगंज तहसील को जिला बनाने का वादा पूरा हो रहा है। चार तहसील मऊगंज, हनुमना, नईगढ़ी और देवतालाब को मिलाकर मऊगंज प्रदेश का नया जिला होगा। जिला बनाने की प्रक्रिया इसी समय से प्रारंभ हो जायेगी और आगामी 15 अगस्त को जिला मुख्यालय पर तिरंगा फहराया जायेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा जिले के मऊगंज में जनकल्याण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं प्रदेश की बहनों का सौतेला नहीं सगा भाई हूं। मैं हमेशा उनके कल्याण की सोचता रहता हूं। एक दिन सुबह 4 बजे मेरे मन में संकल्प आया कि, मैं अपनी बहनों को राखी का उपहार दूं और यह उपहार एक दिन नहीं, हर महीने दिया जाए। लाड़ली बहना योजना प्रदेश की बहनों को अपने भाई का उपहार है। इसके लिये बहनों को कहीं जाने की जरूरत नहीं है। सरकारी कर्मचारी शहर, गांव और वार्डों में आयेंगे और फार्म भरवायेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार के लिये बहन और बेटियों का सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। मध्यप्रदेश की धरती पर बेटियाँ अभिशाप नहीं वरदान हैं। बेटियों के प्रति दुराचार करने वालों के लिये फाँसी का प्रावधान है। प्रदेश में 44 लाख 20 हजार लाड़ली लक्ष्मियां हैं। कन्या विवाह और प्रसूति सहायता जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं। मेधावी विद्यार्थी योजना में पहले लैपटॉप दिया जा रहा था। साथ ही अब जो बेटी गांव में 12वीं कक्षा में सर्वाधिक अंक लायेगी, उसे ई-स्कूटी भी दी जायेगी। मेधावी विद्यार्थी योजना में उच्च शिक्षा की फीस शिवराज मामा भरवा रहा है। प्रदेश में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिन्दी में प्रारंभ की गई है।

- **मुख्यमंत्री ने संबल योजना के तहत 27,310 श्रमिक परिवारों के खातों में राशि अंतरित की।**
- **मुख्यमंत्री ने मऊगंज में 738 करोड़ 92 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि संबल गरीबों के कल्याण की योजना है। इसमें गरीब परिवारों को जन्म से लेकर पढ़ाई-लिखाई आदि विभिन्न प्रकार की सहायता दी जाती है। दुर्घटना में मृत्यु पर परिवार को 4 लाख, सामान्य मृत्यु पर 2 लाख और निःशक्तता पर एक लाख रुपये सहायता दी जाती है। पूर्व सरकार ने यह योजना बंद कर दी थी और बड़ी संख्या में हितग्राहियों के नाम काट दिये थे। हमारी सरकार ने पुनः योजना शुरू कर नाम जोड़ने का कार्य भी किया है। अभी तक 13 लाख कटे हुए नाम जोड़े जा चुके हैं।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। 'सीखो और कमाओ' योजना में लगभग एक लाख युवाओं को आगामी एक वर्ष में लाभ दिया जाएगा। प्रदेश में एक लाख 24 हजार सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चालू है। इसके अलावा एक लाख युवाओं को स्व-रोजगार से जोड़ा जा रहा है। पिछली सरकार में डिफाल्टर हुए किसानों के ब्याज की 2 हजार 500 करोड़ रुपये की राशि हमारी सरकार भरेगी।

मुख्यमंत्री ने मऊगंज में टाउन हॉल निर्माण, औद्योगिकी क्षेत्र में विकास कार्य, हनुमना में डिग्री कॉलेज, घाट निर्माण, रोड निर्माण और जनजातीय उप योजना में विभिन्न कार्य कराये जाने की घोषणा भी की। विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने कहा कि ये दिन मऊगंज के लिये अत्यंत गौरवशाली और ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों से मऊगंज को जिला बनाने की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है। यह हमारे लिये खुशी, आनंद और उत्सव का दिन है।

नवीन खाद्य प्र-संस्करण संस्थान की स्थापना के लिये सलाहकार समिति गठित

भोपाल, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग अंतर्गत कृषकों को उनकी उपज का समुचित मूल्य प्राप्त हो, इसके लिये नवीन खाद्य प्र-संस्करण संस्थान की स्थापना किये जाने के लिये सलाहकार समिति का गठन किया गया है। समिति का अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण को बनाया गया है।

समिति में प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, प्रमुख सचिव किसान-कल्याण और कृषि विकास सहित राजमाता विजयाराजे सिंधिया, कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा विषय-विशेषज्ञ के नामांकित प्रतिनिधि को सदस्य और संचालक उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण को सदस्य सचिव बनाया गया है।

प्रदेशवासियों की जिंदगी संवारने के सरकार के प्रयासों में उत्प्रेरक बनें

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान धार जिले में पेसा मोबिलाइजर और जन-सेवा मित्रों से चर्चा करते हुये।

भोपाल, पेसा मोबिलाइजर और जन-सेवा मित्र प्रदेशवासियों की जिंदगी संवारने के सरकार के प्रयासों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाएं। जनता को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं और आनन्द की अनुभूति पाएं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने धार जिले के मनावर के नजदीक ग्राम बालीपुर में पेसा मोबिलाइजर और जन-सेवा मित्रों से चर्चा करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने न केवल पेसा एक्ट वरन हाल ही में लॉन्च की गई लाड़ली बहना योजना सहित अन्य फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में समझाया और आग्रह किया कि सभी योजनाओं का भली-भांति अध्ययन करें। योजना के पात्रों को खोजें और लाभ दिलाने में मदद करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर गांव और नगरीय क्षेत्रों के हर वार्डों में लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने के लिए शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में बहनों को आवेदन भरवाने में मदद करना है। प्रशासन भी इसमें सहयोग करेगा। जनता को जागरूक करें।

मुख्यमंत्री ने ग्राम गुलाटी के श्री सुरेश पिता कान्हा को कपास एवं चना फसल में नैनो यूरिया के विगत दो वर्षों से प्रयोग किए जाने और रासायनिक उर्वरकों में होने वाले खर्च में बचत के साथ ही उत्पादन में वृद्धि के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। इसके अलावा ग्राम गुलाटी के ही प्राथमिक शिक्षक श्री शंकरलाल काग द्वारा व्यक्तिगत तौर पर विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुविधा हेतु किए कार्यों में व्यक्तिगत रुचि लेने और वेतन का हिस्सा खर्च करने के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम पैरखड़ की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुमारी आरती को कुपोषण निवारण में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

औद्योगिक नीति निवेश एवं प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, पशुपालन एवं सामाजिक न्याय मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल, सांसद श्री छतर सिंह दरबार, श्री गजेन्द्र सिंह, डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पेसा मोबिलाइजर और जन-सेवा मित्र मौजूद रहे।

होम-स्टे के प्रचार, मूल्य निर्धारण एवं डिजिटल मार्केटिंग पर सेमिनार

भोपाल, मध्यप्रदेश के होम-स्टे संचालकों को अपनी यूनिट्स का अधिक से अधिक प्रचार करने एवं उन्हें मार्केटिंग के नए आयामों से अवगत कराने के उद्देश्य से हुए दो दिवसीय सेमिनार का समापन मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान (वाल्मी) में हुआ। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से हुए सेमिनार में देश-विदेश से आए विशेषज्ञों ने संचालकों को होम-स्टे के प्रचार, मूल्य निर्धारण एवं डिजिटल मार्केटिंग को लेकर मार्गदर्शन दिया।

मुख्य अतिथि इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म (ICRT) के संस्थापक निदेशक श्री हेरोल्ड गुडविन ने कहा कि ग्रामीण पर्यटन और होम-स्टे की अवधारणा सबसे प्रामाणिक और यादगार अनुभव प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि ये होम-स्टे और स्थानीय व्यंजन पर्यटकों को प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों को रहने और घूमने के लिए बेहतर स्थान के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। होम-स्टे पर्यटकों को प्रकृति के करीब रहने का अवसर प्रदान करते हैं। ये हमारी संस्कृति से भी अवगत कराते हैं।

सेमिनार में श्री रिचर्ड हर्न (ग्रामीण और जिम्मेदार पर्यटन सलाहकार), सुश्री मनीषा पांडे (निदेशक, आईसीआरटी इंडिया चैप्टर), श्री पीपी खन्ना, एडीटीओआई के राष्ट्रीय प्रमुख, आईएचएम भोपाल के प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार सिंह एवं मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड कौशल विभाग के निदेशक डॉ. मनोज कुमार सिंह मौजूद थे।

स्थानीय व्यंजनों से पर्यटन में होती है वृद्धि

भारतीय होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) में रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म-रिस्पॉन्सिबल फूड पर एक सेमिनार हुआ। सेमिनार में स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। आईसीआरटी के श्री गुडविन ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकासशील पर्यटन के संदर्भ में भोजन के अनुभव के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ये स्थानीय खाद्य पदार्थ पर्यटकों को एक नया अनुभव प्रदान करते हैं, जिसे केवल स्थानीय लोगों द्वारा ही तैयार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण भोजन अनुभव मार्केटिंग का सबसे किफायती रूप है, जो ग्रामीण पर्यटन के लिए व्यावसायिक लाभ के रूप में काम कर सकता है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान अपने कार्यों से निरंतर हो रहा है यशस्वी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान महर्षि पतंजलि संस्थान के नवीन भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, संस्कृत विश्व भाषा है। अन्य भाषाओं की जननी है। वैज्ञानिक भाषा है। महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान ने साबित कर दिया है कि संस्कृत केवल कर्मकाण्ड की भाषा नहीं, विज्ञान की भाषा है। संस्कृत पढ़कर बेहतर और अच्छे ढंग से सब कुछ किया जा सकता है। महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान अपने कार्यों से निरंतर यशस्वी हो रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के नवीन भवन 'संस्कृत भवनम्' का लोकार्पण करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत महान राष्ट्र है। भारत विश्व गुरू के पद पर फिर से अधिष्ठित हो रहा है। हमारे ऋषियों ने विश्व को 'सबको अपने जैसा और एक परिवार मानने' का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि जिला एवं विकासखण्ड स्तर तक संस्कृत भाषा के विकास की रणनीति बनाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भारत का योग दुनिया में फैल चुका है। अपना देश पूरी दुनिया को राह दिखाएगा। संस्थान का यह भवन सम्पूर्ण देश को नई दिशा दिखाने में कामयाब होगा।

श्री चौहान ने संस्थान के लिए अमूल्य सहयोग देने पर श्री चांद किरण सलूजा का सम्मान किया। साथ ही संस्कृत की पाठ्य पुस्तकों का विमोचन किया। उन्होंने मेधावी छात्रों का सम्मान भी किया। मुख्यमंत्री ने छात्रों के खातों में राशि अंतरित की। उन्होंने विभिन्न कंपनियों में चयनित होने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। राज्य में 5 स्थानों पर अनुसंधान एवं अध्ययन के लिए प्राध्यापक पीठ स्थापना की घोषणा की।

अध्यक्ष श्री भरत दास बैरागी ने कहा कि यह संस्थान समाज में उपादेयता सिद्ध कर रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान की कल्पना के अनुरूप संस्थान बढ़-चढ़ कर कार्य कर रहा है। आत्मनिर्भर छात्र बनाने के लिए पाठ्यक्रम लागू है। आधुनिक गणित के साथ वैदिक गणित पाठ्यक्रम में समाहित है। कौशल सिखाने का कार्य भी चल रहा है। आत्मनिर्भर भारत के लिए संस्कृत का अहम योगदान है। संस्कृत समाज को जोड़ने और राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने की भाषा है। योग, ज्योतिष, खगोल विज्ञान और समाज उपयोगी पाठ्यक्रम संस्थान ने शामिल किए हैं।

मुख्यमंत्री ने माँ सरस्वती और महर्षि पतंजलि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्मृति-चिन्ह और पुष्प-गुच्छ से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के लिए विगत दो वर्षों में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों की झलक प्रदर्शित की गई।

संस्थान की साधारण सभा की बैठक

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान की साधारण सभा की बैठक मैत्रेयी सभागृह में हुई, जिसमें संस्थान की आगामी गतिविधियों तथा कार्यक्रमों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया।

राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

मध्यप्रदेश की तीन महिलाओं को मिला स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान

नई दिल्ली, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने मध्यप्रदेश की दो जल योद्धाओं - श्रीमती अनिता चौधरी और श्रीमती गंगा राजपूत को जल संरक्षण में विशिष्ट योगदान के लिए स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023 से सम्मानित किया। विज्ञान भवन नई दिल्ली में हुए अलंकरण समारोह में ये पुरस्कार प्रदान किए गए। ग्राम सरपंच श्रीमती नीतू परिहार को भी स्वच्छता के क्षेत्र में अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023 प्राप्त हुआ।

छिंदवाड़ा जिले की जलसखी श्रीमती अनिता चौधरी को जल जीवन मिशन में पाइप जलापूर्ति के ऑपरेशन्स तथा मेंटेनेंस श्रेणी में पुरस्कृत किया गया। उनके प्रयासों से जिले का ग्राम गढ़मऊ हर-घर-जल ग्राम घोषित हुआ है।

छतरपुर जिले की जलयोद्धा श्रीमती गंगा राजपूत को राष्ट्रीय जल मिशन के तहत पुरस्कृत किया गया है। अपने अथक प्रयासों से उन्होंने ग्राम भोयरा की महिलाओं को जागरूक बना कर लोकभागीदारियों को दूर करते हुए चंदेलकालीन तालाब को जीवित करने में विशेष योगदान दिया है।

ग्वालियर जिले की सरपंच श्रीमती नीतू परिहार को स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत पुरस्कृत किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत पुरा बनवार को ओडीएफ प्लस आदर्श ग्राम बनाने में असाधारण योगदान दिया है।

कार्यक्रम में जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय जल मिशन और स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण में विभिन्न श्रेणियों में कुल 18 पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल और श्री विश्वेश्वर टुडू भी उपस्थित थे।

मिशन एक्सीलेंस अभियान

विज्ञान मंथन के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 मार्च तक आमंत्रित

भोपाल, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् मेपकॉस्ट द्वारा मिशन एक्सीलेंस अभियान के तहत कक्षा आठवीं से बारहवीं तक और 11वीं एवं 12वीं कक्षा के केवल विज्ञान विषय में अध्ययनरत स्कूली विद्यार्थियों के लिए मार्च 2023 में विज्ञान मंथन का ऑनलाइन आयोजन किया जायेगा।

परिषद के निदेशक ने बताया कि इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों की विज्ञान में रुचि पैदा करना एवं उन्हें विज्ञान में कॅरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

पांचों कक्षाओं के विद्यार्थी www.mpcost.gov.in लिंक पर अथवा वेबसाइट www.mpmissionexcellence.in पर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की गई है।

विज्ञान मंथन यात्रा के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशालाओं और वैज्ञानिक संस्थानों का वर्चुअल भ्रमण कराया जायेगा। साथ ही विद्यार्थियों को देश के विख्यात वैज्ञानिकों के व्याख्यान सुनने और सवालों को पूछने का मौका भी मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि विज्ञान मंथन यात्रा की शुरुआत वर्ष 2007 में हुई थी। यह यात्रा तब से लगातार जारी है।

धर्मपाल राष्ट्रीय सम्मान एवं पुरस्कारों की स्थापना

भोपाल, संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा स्वराज संस्थान संचालनालय के अधीन धर्मपाल शोधपीठ अंतर्गत 5 लाख रुपये का एक धर्मपाल राष्ट्रीय सम्मान एवं दो-दो लाख प्रति पुरस्कार के तीन धर्मपाल राष्ट्रीय पुरस्कार स्थापित किये जा रहे हैं। आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत विख्यात चिंतक, इतिहासकार एवं विचारक धर्मपाल के जन्म शताब्दी वर्ष पर यह निर्णय लिया गया है।

धर्मपाल राष्ट्रीय सम्मान में भारतीय इतिहास, शिक्षा एवं धर्मपाल के विचारों के प्रतिपादन के लिए किये गये उल्लेखनीय कार्य एवं योगदान के लिए व्यक्ति/संस्था को सम्मानित किया जायेगा। इसी प्रकार आधुनिक भारत के राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक इतिहास पर मौलिक कार्य, ऐतिहासिक दस्तावेजों के संरक्षण, परिरक्षण, दस्तावेजीकरण, अनुवाद, प्रचार-प्रसार और ग्राम स्वराज, ग्रामीण विकास, सामाजिक सरोकार एवं स्वदेशी जैसे भारतीय विचारों के क्रियान्वयन के क्षेत्र में सक्रिय व्यक्तियों एवं संस्थाओं को धर्मपाल राष्ट्रीय पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जा सकेगा।

वर्ष 2022-23 में सीनियर और जूनियर फैलोशिप के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

वर्ष 2022-23 में 6 लाख रुपये की पांच सीनियर फैलोशिप तथा 4 लाख 32 हजार रुपये की सात जूनियर फैलोशिप भी घोषित की गई हैं। पांच सीनियर फैलोशिप के लिए आमंत्रित प्रस्तावों में 18वीं शताब्दी का भारत, भारत और यूरोप, भारत के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की ऐतिहासिकता, भारतीय परंपरा में समाज और राज-व्यवस्था, औपनिवेशिकता से मुक्ति और भारतीय 'स्व'तंत्र, भारतवर्ष की सामाजिक संरचना, अंतर्संबंध और सामुदायिक संस्कृतियां, भारत की पंचायती व्यवस्था का इतिहास, भारत की जनपदीय शिक्षा प्रणाली, पशुचारक-संस्कृति (गोधन संस्कृति) और भारतीय अर्थतंत्र, घुमन्तू (विमुक्त एवं अर्द्ध घुमन्तू) समुदायों की जीवन-संस्कृति आदि विषय शामिल है।

सात जूनियर फैलोशिप के लिए आमंत्रित प्रस्तावों में मध्य भारत की स्थानिक गाथा-आख्यान परंपराएं और वाचिक इतिहास, मध्य भारत में विज्ञान और तकनीकी कौशल परंपराएं, मध्य भारत का भाषा परिवार और उनकी पहचान, मध्य भारत में जातीय कौशल : कला, शिल्प, विज्ञान, मध्य भारत में स्थानीय औषधीय व वैद्यकीय ज्ञान परंपरा, मध्य भारत की देशज भैषज्य ज्ञान संपदा, राष्ट्र-निर्माण में घुमन्तू समुदायों का अवदान, मध्य भारत की अरण्यक जीवन-संस्कृति एवं धरोहर आदि विषय शामिल किये गये हैं।

भगोरिया को राजकीय पर्व एवं सांस्कृतिक धरोहर के रूप में स्थापित किया जाएगा - मुख्यमंत्री

अलीराजपुर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अलीराजपुर में जनजातीय वर्ग के भगोरिया उत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने पारंपरिक जनजातीय वेशभूषा के साथ भगोरिया नृत्य भी किया। मुख्यमंत्री की धर्म पत्नी श्रीमती साधना सिंह भी मौजूद थीं। मुख्यमंत्री ने एक खुली जीप में नगर भ्रमण कर नागरिकों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन ढोल-मांदल की थाप पर पारंपरिक वेशभूषा पहन कर भगोरिया नृत्य करते हुए वाहन के आगे-आगे चल रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अलीराजपुर जिले में आयोजित भगोरिया उत्सव में प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुये।

मुख्यमंत्री ने भगोरिया उत्सव के दौरान स्थानीय बस स्टैंड पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे त्योहार, जीवन-मूल्य एवं उत्सव के पल आनंदित करते हैं। आज भगोरिया उत्सव है, मैं सभी भाई-बहनों को भगोरिया की बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगोरिया उत्सव जनजातीय परंपरा का अभिन्न अंग और लोक उत्सव है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने घोषणा की कि भगोरिया को राजकीय पर्व के रूप में मनाया जाएगा और इसे सांस्कृतिक धरोहर के रूप में स्थान दिया जाएगा।

श्री चौहान ने ग्राम सोरवा में बाबा छीतू किराड़ के किले का जीर्णोद्धार, उनका भव्य स्मारक बनाने और अलीराजपुर में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोंडवा स्थित रानी काजल माता मंदिर से धनबायडी तक तीन किलोमीटर लम्बाई की सड़क का निर्माण भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा उद्वहन सिंचाई योजना से अलीराजपुर जिले के बड़े क्षेत्र में नर्मदा जल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। सिंचाई योजना से जिले के खेत लहलहा उठेंगे, जिससे क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने कहा कि सोंडवा विकासखंड के 106 ग्रामों में नर्मदा जल पहुंचाने के लिए शीघ्र सर्वे कराया जाएगा। हमारे जनजातीय भाई-बहनों के खेतों में, जहां नहरों से पानी नहीं आ पा रहा है, वहां पाइप लाइन डाल कर खेतों तक पानी पहुंचाया जायेगा।

समूह उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन

मुख्यमंत्री ने भगोरिया उत्सव में ग्रामीण आजीविका मिशन के समूह सदस्यों के विभिन्न उत्पादों एवं जिले के युवा ग्रामीण हस्तशिल्प कलाकारों के स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने समूह की महिलाओं एवं कलाकारों के उत्पादों को देखा और उनकी सराहना कर प्रोत्साहित किया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

आपसी समन्वय से गुड गवर्नेंस की प्रक्रिया को लागू करें राज्य

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप सभी राज्य गुड गवर्नेंस में हुए नवाचार और प्रक्रियाओं को आपसी समन्वय से अपनाकर देश को गुड गवर्नेंस में अग्रणी बनाएं। यह बात विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में गुड गवर्नेंस प्रैक्टिस पर केन्द्रित दो दिवसीय रीजनल कॉन्फ्रेंस के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। कॉन्फ्रेंस में 15 राज्यों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

नवाचारों और अच्छी प्रक्रियाओं को किया जाये लागू

श्री सखलेचा ने राज्यों के प्रतिभागियों का आह्वान किया कि वे एक-दूसरे राज्यों द्वारा तकनीकी और गुड गवर्नेंस में किए गए नवाचार और अच्छी प्रक्रियाओं को लागू करें। उन्होंने कहा कि राज्यों ने गुड गवर्नेंस में लगातार अच्छी प्रक्रियाओं को अपनाया है और इस कॉन्फ्रेंस में 75 वक्ता द्वारा उन्हें प्रस्तुत भी किया गया है। श्री सखलेचा ने कहा कि राज्य द्वारा अपनी नई प्रक्रिया बनाने में वक्त खर्च करने से बेहतर है कि अच्छी प्रक्रियाओं को ज्यों का त्यों अपनाया जाए। उन्होंने कहा कि अगस्त या सितम्बर माह में राष्ट्रीय स्तर की कॉन्फ्रेंस में भी मध्यप्रदेश में की जाएगी।

केन्द्रीय अपर सचिव डी.ए.आर.पी.जी. श्री अमरनाथ ने कहा कि गुड गवर्नेंस में मध्यप्रदेश ने बहुत कम समय में ही काफी बेहतर काम किया है। उन्होंने मध्यप्रदेश को तकनीकी के इस्तेमाल में अग्रणी राज्य बताया। उन्होंने कहा कि अमृतकाल के दृष्टिगत हम नई-नई प्रक्रियाओं को अपना कर भारत को दुनिया का सिरमौर बना सकते हैं। प्रमुख सचिव विज्ञान प्रौद्योगिकी श्री निकुंज श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

जन औषधि दिवस

जन-औषधियों का उपयोग करने का लें संकल्प

भोपाल, जन-औषधियों के उपयोग को निरंतर व्यवहार में लाने में ही उसकी सार्थकता है। जन औषधियां सस्ती और अच्छी होती हैं। यह संदेश घर-घर पहुंचाने में ही जन औषधि दिवस की सफलता है। जन औषधि दिवस को जन औषधि का उपयोग करने के संकल्प दिवस के रूप में मनाएं। स्वयं उपयोग करने की प्रतिबद्धता के साथ ही दूसरों को भी औषधि की गुणवत्ता के बारे में बताते हुए उपयोग के लिए प्रेरित करें। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ऑडिटोरियम में जन औषधि दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहीं।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल भोपाल में जन औषधि दिवस समारोह को संबोधित करते हुये।

प्रधानमंत्री के दिल से निकली आमजन के लिए योजनाएं

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गुजरात मुख्यमंत्रित्व के 14 वर्षीय कार्यकाल में वे उनके सहयोगी रहे हैं। मेरा अनुभव है कि आमजन के लिए उज्ज्वला योजना, स्वच्छता मिशन और जन-औषधि योजना जैसी अनेक योजनाएं प्रधानमंत्री के दिल से निकली हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने टी.बी. रोग को वर्ष 2025 तक निर्मूल करने का संकल्प लिया है। साथ ही वे फाइलेरिया, थैलेसीमिया जैसे रोगों को समाप्त करने का प्रयास भी कर रहे हैं।

दवा खरीदने की चिंता दूर हुई

श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजनरी नेतृत्व में स्वस्थ भारत, सबल भारत के लिए सुरक्षित, व्यापक, सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किए गए कार्यों की श्रृंखला में जन-औषधि केंद्र की पहल विशिष्ट है। दवा का पर्चा हाथ में आने के बाद लोगों के मन में आशंका होती थी कि पता नहीं कितना पैसा दवा खरीदने में खर्च होगा। जन औषधि से यह चिंता दूर हुई है। देश में चल रहे 9 हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र सामान्य जन के लिए समाधान केंद्र बन रहे हैं। प्रधानमंत्री सबके लिए स्वास्थ्य के संकल्प के प्रति प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सबके लिए उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के अनेक कार्य किए हैं।

कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण उपचार की सुविधाएं बढ़ी

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। निजी चिकित्सालयों में निःशुल्क इलाज के लिए अभूतपूर्व योजना आयुष्मान भारत लागू की गई है। उनके नेतृत्व में देश में कम खर्च पर गुणवत्तापूर्ण उपचार की सुविधाएं तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि जन-औषधि केन्द्रों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। उप-स्वास्थ्य केन्द्रों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में विकसित किया गया है। इस कार्य में मध्यप्रदेश को 107 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल करने पर सम्मानित भी किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर 97 प्रकार की दवाएं और 12 प्रकार की जांचों की सुविधा उपलब्ध है।

प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में हुआ अभूतपूर्व परिवर्तन

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि वे स्वयं जन-औषधियां उपयोग करेंगे। उन्होंने सभी को जन-औषधि के उपयोग के लिए संकल्पित होने का अनुरोध किया। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्यपाल श्री पटेल के मार्गदर्शन के लिए आभार माना। श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में देश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में अभूतपूर्व परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। कोविड नियंत्रण के कार्य, वैक्सीनेशन और जन-औषधि योजना जैसे कार्य उनके विजनरी दृष्टिकोण का फल है। जन-औषधि से गरीब और माध्यम वर्ग के उपचार व्यय में कमी से अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं और संसाधनों की उपलब्धता आदि में व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।

हिंदी में पुस्तक लेखन को प्रोत्साहन

संचालक एस डॉ. अजय सिंह ने कहा कि हिंदी में चिकित्सा पाठ्यक्रम की पुस्तकें संस्थान के पुस्तकालय में उपलब्ध हैं। चिकित्सकों द्वारा हिंदी में पुस्तक लेखन पर आने वाला व्यय भार संस्थान द्वारा वहन करने की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने बताया कि संस्थान में जन-औषधि का दूसरा केंद्र भी शीघ्र खोला जाएगा। संस्थान के जन-औषधि केंद्र की औषधियों के उपयोग से रोगियों की 3 करोड़ रुपये से अधिक राशि की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि जन-औषधियां गुणवत्ता नियंत्रण के सभी कड़े मानकों पर जांची और परखी जाती हैं।

अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन

प्रधानमंत्री ने सांस्कृतिक चेतना की नई लहर शुरू की - श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

भोपाल, सातवें धर्म-धम्म सम्मेलन के समापन-सत्र में नए युग में पूरब के मानवबाद पर 50 से अधिक विद्वानों ने अपने शोध-पत्र पढ़े। केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वीडियो संदेश के जरिये कहा कि पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि सनातन और बौद्ध धर्म में कई समानताएं हैं। तिब्बती बौद्ध धर्म में मंडला एवं अन्य पद्धतियां नालंदा विश्वविद्यालय में तैयार की गई। श्री सिंधिया ने कहा कि कैलाश पर्वत, हिंदू और बौद्ध दोनों धर्मों में आस्था का केंद्र है। प्रधानमंत्री ने देश में सांस्कृतिक चेतना की नई लहर शुरू की है। देश में बौद्ध पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बौद्ध सर्किट को केंद्र में रख कर हवाई मार्ग तैयार किए गए हैं।

थाइलैंड के सिल्पाकोरोन विश्व-विद्यालय के प्रोफेसर चिरापत प्रपद्विद्या ने कहा कि बौद्ध धर्म में एकात्म का सिद्धांत है और पुनर्जन्म के चक्र से निकलने के लिए विद्या रूपी अनंत सत्य को जानने का सिद्धांत बुद्ध ने बताया है। उन्होंने कहा कि थाइलैंड में भी सांची के समान स्तूप हैं, जिसका पुनरुद्धार किया जा रहा है। नालंदा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर गोदावरीश मिश्र ने कहा कि अंग्रेजों ने मनु-स्मृति का अपनी सुविधानुसार अनुवाद किया और उसे हिन्दुओं को आपस में बांटने में उपयोग किया। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि आर्य और द्रविड़ का भेद नहीं है, बल्कि गौड़ा और द्रविड़ का भेद है, जो खान-पान में अंतर पर आधारित है।

एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं शांति और संपन्नता

कोलकाता विश्वविद्यालय के प्रोफेसर दिलीप मोहंता ने कहा कि पूरा विश्व एक घोंसला है। शांति और संपन्नता एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रो. रामनाथ झा ने कहा कि प्रकृति का मूल एक है, जो पुरुष और स्त्री शक्ति के रूप में अलग-अलग उद्घाटित होता है। उन्होंने कहा कि महर्षि वेदव्यास, वाल्मिकी, जाबाली और ऐतरेय ब्राह्मण लिखने वाले महिदर ऋषि ब्राह्मण नहीं थे। सनातन धर्म को ब्राह्मण आधारित वर्ण व्यवस्था से जोड़ना कल्पना ही है।

कोलकाता विश्वविद्यालय में पाली की प्रोफेसर शाश्वती ने कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर पर बौद्ध धर्म का प्रभाव था। उन्होंने पाली साहित्य से उदाहरण देते हुए प्रार्थना की थी, जिसका अर्थ था कि ब्रह्मांड के सभी जीव खुश रहे।

कॉन्फ्रेंस रिपोर्ट देते हुए सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर अलेक्श चतुर्वेदी ने कहा कि उद्घाटन सत्र, मंत्री संवाद, 5 मुख्य सत्र और 150 शोध पत्र से यही परिलक्षित हुआ है कि भारतीय संवेदना में पोषित मानववाद सदियों के परिमार्जन का सोमरस है और हिंसा तथा विवादों से जूझ रहे विश्व को पूर्व का मानववाद काफी कुछ सिखा सकता है।

एकात्म लोक से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन

सभी प्रतिभागियों ने ओंकारेश्वर में तैयार हो रहे एकात्म लोक से संबंधित लघु फिल्म भी देखी और विश्व प्रसिद्ध सांची स्तूप का भ्रमण किया। धर्म-धम्म सम्मेलन इस मायने में खास रहा कि इस बार 16 देशों से आए प्रतिभागियों ने सहभागिता की और बड़े मुस्लिम देश इंडोनेशिया के बाली के उप राज्यपाल ने भारत को बड़ा भाई बताया। इंडोनेशिया, भूटान और श्रीलंका के मंत्री सम्मेलन में शामिल हुए। पहली बार रूस के 4 राज्य से बौद्ध लामा और थाइलैंड से बौद्ध भंते सम्मेलन में शामिल हुए। म्यांमार और मंगोलिया के राजदूत भी सम्मेलन में शामिल हुए और सांची विश्वविद्यालय के साथ अकादमिक साझेदारी की इच्छा जताई।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में

शहडोल, कटनी, बैतूल, सागर, दमोह, खण्डवा, हरदा एवं विदिशा जिलों में

एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

श्री जिष्णु बरुआ

केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष बने

श्री जिष्णु बरुआ को केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री बरुआ अक्टूबर 2020 से अगस्त 2022 तक असम सरकार के मुख्य सचिव थे। इससे पहले वे अगस्त 2017 से अक्टूबर 2020 तक असम सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव थे। सेवानिवृत्ति के बाद श्री बरुआ ने असम पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष का पदभार भी संभाला था। श्री जिष्णु बरुआ के पास राक्ष और सामरिक अध्ययन में एम.फिल, इतिहास से स्नातकोत्तर और दर्शनशास्त्र से स्नातक की डिग्री है। ज्ञात हो, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) की स्थापना भारत सरकार द्वारा विद्युत नियामक आयोग अधिनियम, 1998 के तहत की गई थी।

श्री राजेश मल्होत्रा

पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक बने

भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के वरिष्ठ अधिकारी राजेश मल्होत्रा को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) का प्रधान महानिदेशक (डीजी) नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही वह भारत सरकार के मुख्य प्रवक्ता भी बन गए हैं। मल्होत्रा 1989 बैच के अधिकारी हैं, जिन्होंने सत्येंद्र प्रकाश की जगह ली है। मल्होत्रा के पास वित्त, कॉर्पोरेट कार्य, कृषि, ऊर्जा, कोयला, खनन सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के लिए मीडिया और संचार व्यवस्था की योजना और कार्यान्वयन में 32 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

रणवीर सिंह

पेप्सी के ब्रांड एंबेसडर बने

पेप्सिको इंडिया ने अभिनेता रणवीर सिंह से अनुबंध किया है। रणवीर सिंह पेप्सिको के ब्रांड पेप्सी का समर्थन करेंगे। ज्ञात हो 2019 में ब्रांड ने अभिनेता सलमान खान को अपने साथ जोड़ा। जनवरी में पेप्सी ने घोषणा की थी कि उसने कन्नड़ अभिनेता यश को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। कंपनी अपनी ब्रांड पोजिशनिंग को दर्शाने के लिए नई टैगलाइन "राइज अप बेबी" के साथ एक अभियान भी शुरू कर रही है। ज्ञात हो भारत विश्व के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है।

लेफ्टिनेंट जनरल आर.एस. रीन

गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशक बने

लेफ्टिनेंट जनरल आर.एस. रीन गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशक बनाए गए हैं। 1986 बैच के अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल रीन देहादून के भारतीय सैन्य अकादमी के पूर्व छात्र हैं। श्री रीन ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, श्रीनगर से बीई (इलेक्ट्रिकल), रेडियो इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता और एमसी ईएमई, सिकंदराबाद से संचार इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की है। वह बेंगलुरु के रक्षा गुणवत्ता आश्वासन संस्थान में वरिष्ठ संकाय थे। इसके अतिरिक्त, श्री रीन कोलकाता के भारतीय सांख्यिकी संस्थान से प्रमाणित सिक्स सिग्मा ब्लैक बेल्ट हैं। उन्होंने आईआईटी, खड़गपुर से रिलायबिलिटी इंजीनियरिंग में प्रमाणन भी किया है।

श्री राजीव सिंह रघुवंशी

ड्रग कंट्रोलर जनरल बने

श्री राजीव सिंह रघुवंशी को भारत का नया ड्रग कंट्रोलर जनरल (DCGI) नियुक्त किया गया है। श्री राजीव सिंह डॉ. पीवीएन प्रसाद का स्थान लेंगे। वह 2025 तक डीजीसीआई बने रहेंगे। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने पिछले महीने डीसीजीआई के पद के लिये उनके नाम की सिफारिश की थी। डीसीजीआई केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) का प्रमुख पद है, जो देश भर में गुणवत्तापूर्ण दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये जिम्मेदार है। इसके पास नई दवाओं को मंजूरी देने और क्लीनिकल ट्रायल को विनियमित करने का भी अधिकार होता है।

एसएस दुबे

लेखा महानियंत्रक बने

1989 बैच के सिविल लेखा सेवा के अधिकारी एसएस दुबे लेखा महानियंत्रक (सीजीए) बनाए गए हैं। इससे पहले श्री दुबे सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के अतिरिक्त लेखा नियंत्रक थे। वह सीजीए का पद संभालने वाले 28वें अधिकारी हैं। ज्ञात हो लेखा महानियंत्रक (सीजीए) केंद्र सरकार के लेखा मामलों पर प्रमुख सलाहकार होता है। सीजीए तकनीकी रूप से मजबूत प्रबंधन लेखा प्रणाली की स्थापना, प्रबंधन और केंद्र सरकार के खातों की तैयारी और जमा करने के लिए जिम्मेदार होता है। सीजीए राजकोष नियंत्रण और आंतरिक लेखा परीक्षा के संचालन के लिए भी जिम्मेदार होता है।

शैलेश पाठक

फिक्की के महासचिव नियुक्त

पूर्व आईएएस अधिकारी शैलेश पाठक को फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) का नया महासचिव नियुक्त किया गया है। 37 साल के कैरियर में श्री पाठक ने सरकार के साथ विभिन्न पदों और निजी क्षेत्र में बड़ी कंपनियों का नेतृत्व किया है। उन्होंने स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद 1986 में आईआईएम कलकत्ता से एमबीए की डिग्री हासिल की है। ज्ञात हो फिक्की के महानिदेशक अरुण चावला 30 भी जून 2023 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। फिक्की की स्थापना 1927 में की गई थी। यह भारत का सबसे बड़ा और सबसे पुराना शीर्ष व्यापार संगठन है।

गिरीश चंद्र मुर्मु

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के वैदेशिक लेखा परीक्षक चुने गए

नियंत्रक और महालेखा परीक्षक-सीएजी गिरीश चंद्र मुर्मु को 2024 से 2027 तक चार साल के लिए जिनेवा स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन का वैदेशिक लेखा परीक्षक चुना गया है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने तकनीकी अनुभव और अन्य मानदंडों के आधार पर, भारत, कनाडा और ब्रिटेन के शीर्ष लेखापरीक्षा संस्थानों को तकनीकी प्रस्तुतियों के लिए चुना था। यह नियुक्ति सीएजी की व्यावसायिकता, उच्च मानकों, वैश्विक लेखापरीक्षा अनुभव को मान्यता और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के बीच इसकी साख को दर्शाती है।

श्री राजेश राय

आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नियुक्त

भारत सरकार ने श्री राजेश राय को दूरसंचार विभाग (डीओटी) की पीएसयू कंपनी इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आईटीआई लिमिटेड) का अध्यक्ष और प्रबंध निर्देशक (सीएमडी) नियुक्त किया है। सरकार ने पांच साल के लिए श्री राय की नियुक्ति को मंजूरी दी है। वर्तमान में वह महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) में महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं। ज्ञात हो आईटीआई लिमिटेड के पास बेंगलुरु, नैनी, रायबरेली, मनकापुर और पलक्कड़ में विनिर्माण सुविधाएं हैं, साथ ही बेंगलुरु में एक आर एंड डी केंद्र और भारत में 25 विपणन, सेवा और परियोजनाएं (एमएसपी) केंद्र हैं।

वो वान थुओंग

वियतनाम के राष्ट्रपति बने

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ वियतनाम के पोलित ब्यूरो के सदस्य वो वान थुओंग वियतनाम के राष्ट्रपति चुने गए हैं। थुओंग को 98.38 प्रतिशत की अनुमोदन दर के साथ राष्ट्रपति चुना गया है। इस दौरान थुओंग ने कहा कि वह राष्ट्र, लोगों और वियतनाम के समाजवादी गणराज्य के संविधान के प्रति पूरी तरह से निष्ठावान रहेंगे। वह 2026 में वर्तमान कार्यकाल समाप्त होने तक देश की सेवा करेंगे। दिसंबर 1970 में जन्मे थुओंग सीपीवी के पोलित ब्यूरो के सदस्यों में सबसे कम उम्र के हैं। उन्होंने होची मिन्ह राष्ट्रीय राजनीति अकादमी से दर्शनशास्त्र में एमए और राजनीतिक सिद्धांत में एडवांस डिग्री प्राप्त की है।

एलेस बियालियात्स्की

नोबेल शांति पुरस्कार विजेता को 10 साल की कैद

मानवाधिकार कार्यकर्ता और साल 2022 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता एलेस बियालियात्स्की को बेलारूस में 10 साल कैद की सजा सुनाई गई है। बियालियात्स्की को यह सजा लोक व्यवस्था बिगाड़ने वाली गतिविधियां करने, वित्तपोषण करने और तस्करी के मामले में दी गई है। मिंस्क की लेनिनस्की जिला अदालत ने बियालियात्स्की पर 65 हजार यूएस डॉलर का जुर्माना भी लगाया है। ज्ञात हो एलेस बियालियात्स्की को लोकतंत्र समर्थक माना जाता है। इस कारण वह बेलारूस की तानाशाह एलेक्जेंडर लुकाशेंको सरकार के निशाने पर रहते हैं। बियालियात्स्की ने 1980 से अब तक बेलारूस में मानवाधिकार उल्लंघन के मामले दर्ज किए हैं।

विनोद कुमार शुक्ल को

पेन/नाबोकोव पुरस्कार

हिंदी कथाकार, उपन्यासकार और कवि विनोद कुमार शुक्ल को अंतर्राष्ट्रीय साहित्य में उपलब्धि के लिए 2023 के पेन/नाबोकोव पुरस्कार के लिए चुना गया है। वे पहले भारतीय एशियाई मूल के लेखक हैं, जिन्हें इस सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय साहित्य में पहचान बनाने वाले उन साहित्यकारों को दिया जाता है, जो अपनी परंपराओं, आधुनिकता, वर्तमान और इतिहास को एक नई अंतर्दृष्टि से देखते हैं। पुरस्कार की घोषणा के बाद श्री शुक्ल ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि छत्तीसगढ़ के रहने वाले की हिंदी को ऐसा सम्मान मिलेगा। मेरी हिंदी बदली हुई थी। यह छत्तीसगढ़ियापन लिए हुए है।

भारत को

गवर्नमेंट लीडरशिप अवॉर्ड

जीएसएम (ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल) एसोसिएशन ने भारत को दूरसंचार सुधारों और सक्षम नीतियों पर बेहतरीन कार्य करने के लिए 'गवर्नमेंट लीडरशिप अवॉर्ड 2023' से सम्मानित किया है। जीएसएम एसोसिएशन वैश्विक दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र में 750 से अधिक मोबाइल ऑपरेटरों और 400 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। अवॉर्ड मिलने के बाद केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जीएसएम एसोसिएशन ने भारत को 'गवर्नमेंट लीडरशिप अवॉर्ड 2023' पेश किया है, जो दूरसंचार सुधारों और सक्षम नीतियों पर देश के शानदार फोकस की वैश्विक मान्यता और स्वीकृति है।

रश्मि शुक्ला

एसएसबी की महानिदेशक नियुक्त

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला को सीमा सशस्त्र बल (SSB) का महानिदेशक (डीजी) नियुक्ति किया गया है। रश्मि शुक्ला 1988 बैच की महाराष्ट्र कैडर की आईपीएस अधिकारी हैं। अभी वह सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स में अतिरिक्त डीजी के पद पर तैनात हैं। वह 30 जून 2024 तक सशस्त्र सीमा बल के डीजी पद पर अपनी सेवाएं देंगी। रश्मि शुक्ला महाराष्ट्र खुफिया विभाग की पूर्व प्रमुख रह चुकी हैं। एसएसबी नेपाल और भूटान सीमा की रक्षा करने वाला बल है। यह गृह मंत्रालय के तहत आने वाले सात केंद्रीय सुरक्षा बलों में से एक है।

स्मृति शेष

पूर्व मुख्य न्यायाधीश एएम अहमदी का निधन

भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एएम अहमदी का निधन हो गया। अहमदी 1994 से 1997 तक मुख्य न्यायाधीश रहे। अहमदाबाद में एक सिटी सिविल और सत्र न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अपने न्यायिक करियर की शुरुआत करने के बाद वह भारत के एकमात्र मुख्य न्यायाधीश थे, जिन्होंने भारतीय न्यायपालिका के उच्चतम पद तक पहुंचने के लिए बहुत कम रैंक से शुरुआत की थी। उन्हें विशेष परियोजनाओं का नेतृत्व करने के लिए यूएन और विश्व बैंक सहित विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा आमंत्रित किया गया था। उन्हें अमेरिकन इन लॉज और मिडिल टेम्पल इन ऑफ ऑनरेबल सोसाइटी ऑफ मिडिल टेंपल, लंदन द्वारा सम्मानित भी किया गया था।

पूर्व राजनयिक चंद्रशेखर दासगुप्ता का निधन

पूर्व भारतीय राजनयिक और पद्म भूषण से सम्मानित चंद्रशेखर दासगुप्ता का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका जन्म 2 मई 1940 को कोलकाता में हुआ था। चंद्रशेखर दासगुप्ता 1962 में भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) में शामिल हुए थे। 1981 और 1984 के बीच, उन्होंने सिंगापुर में उच्चायुक्त के रूप में कार्य किया, 1984 और 1986 के बीच तंजानिया के उच्चायुक्त के रूप में कार्य किया है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन और पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीईडी) की तैयारी समितियों के उपाध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

केंद्र सरकार के प्रयासों से आगे बढ़ती भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री

केंद्र सरकार के प्रयासों से आगामी 5 साल में भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री पूरी दुनिया में नंबर वन बन जाएगी। इसे लेकर भारत सरकार ने प्लान भी बनाया है। केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने इस संबंध में देश के विकास का रोडमैप बताते हुए कहा कि आगामी 5 साल में भारत का ऑटोमोबाइल सेक्टर दुनिया में नंबर वन होगा। इस सेक्टर में सरकार द्वारा बहुत तेजी से प्रयास भी किए जा रहे हैं। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का कुल साइज 7.5 लाख करोड़ रुपये का है। सरकार का लक्ष्य अगले पांच साल में देश की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का टर्नओवर 15 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े पर पहुंचाना है। भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री ऐसी है जो देश में सबसे अधिक रोज़गार की संभावनाएं तैयार करती है। आज विश्व के सभी ब्रांड्स भारत में मौजूद हैं। देश में साढ़े चार करोड़ लोगों को रोज़गार भी इसी इंडस्ट्री से मिलता है। केवल इतना ही नहीं देश और राज्यों को GST से सर्वाधिक राजस्व भी यही इंडस्ट्री देती है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा, हमारा लक्ष्य अगले 5 साल में देश की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का टर्नओवर 15 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े पर पहुंचाना है।

दुनिया में सर्वाधिक यंग टैलेंटेड इंजीनियरिंग मैन पावर हिंदुस्तान में

समयानुकूल प्रौद्योगिकी से इस लक्ष्य को हासिल करने में सफलता भी मिल रही है। दुनिया में सर्वाधिक यंग टैलेंटेड इंजीनियरिंग मैन पावर हिंदुस्तान में है। हमारे देश के सॉफ्टवेयर इंजीनियर की पूरी दुनिया में मांग है। यही कारण है कि आज भारत हर सेक्टर में तेजी से उभर रहा है।

देश में लाए जा रहे तमाम तरह के व्हीकल

इस सेक्टर को और तेज गति प्रदान करने के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही। इसलिए आज देश में इलेक्ट्रिक, इथेनॉल, मेथेनॉल, बायो डीजल, बायो LNG, CNG, ग्रीन एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन व्हीकल लाए जा रहे हैं। ये ऑटोमोबाइल सेक्टर के हर उस पहलू को कवर करने में मदद करेंगे जो देश को नंबर वन ऑटोमोबाइल सेक्टर बनाने में कारगर साबित होंगे। इन्हीं के बलबूते आने वाले समय में भारत ऑटोमोबाइल सेक्टर में प्रबल दावेदारी करेगा।

जापान को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचा भारत

फिलहाल, भारत ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में जापान को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचा चुका है। यह भी अपने आप में भारत के तेजी से आगे बढ़ने की गवाही देता है। जनवरी 2023 में निक्केई एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटो बाजार बन गया है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार भारत ने जापान में बेचे गए 4.2 मिलियन वाहनों की बिक्री को पीछे छोड़ दिया है। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मेन्युफैक्चरर्स की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल जनवरी से नवंबर के बीच देश में कुल 4.13 मिलियन नए वाहनों की बिक्री हुई थी। निक्केई एशिया की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कमर्शियल वाहनों के लिए पिछले साल के चौथी तिमाही के बिक्री के आंकड़े आना अभी बाकी हैं, जिसे मिलाकर यह संख्या और अधिक बढ़ जाएगी। ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में आगे आने वाला वक्त भी देश को और भी खुशखबरी दे सकता है। केंद्रीय मंत्री ने श्री नितिन गडकरी ने कहा है कि पांच साल में भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री से साढ़े चार करोड़ नए जॉब क्रिएट होंगे। इससे बेरोजगारी की समस्या से निपटने में भी भारत को बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे देश के सॉफ्टवेयर इंजीनियर की पूरी दुनिया में मांग है।

ई व्हीकल्स से होगी बड़ी समस्या हल

आज इलेक्ट्रिक कार, इलेक्ट्रिक स्कूटर, इलेक्ट्रिक बस, इलेक्ट्रिक ट्रक, इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर, इलेक्ट्रिक जेसीबी और इलेक्ट्रिक कंस्ट्रक्शन उपकरण सब कुछ बन रहे हैं। एक हजार करोड़ रुपये का रोड बनाने में 100 करोड़ रुपए डीजल पर खर्च हो जाते हैं। जबकि ई मशीनरी से यह खर्च सिर्फ 10 करोड़ होगा और 90 करोड़ रुपये बचेंगे। ऐसा होने पर हमारे कार्य टेंडर की राशि से कम में होने लगेंगे। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि अभी देश में 20.8 लाख इलेक्ट्रिक वाहन हैं। 2021 की तुलना में इसमें 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार का लक्ष्य 2030 तक देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या दो करोड़ करने का है और इसमें 50 लाख सरकारी वाहन होंगे।

10 साल बाद जनसंख्या कम और वाहनों की संख्या होगी अधिक

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए अद्यतन प्रौद्योगिकी, आर्थिक सम्भाव्यता, कच्चा माल और बाजार की उपलब्धता महत्वपूर्ण घटक होते हैं। हमारे पास बाजार की कोई कमी नहीं है। अभी देश में 30 करोड़ वाहन हैं। 10 साल बाद जनसंख्या कम और वाहनों की संख्या अधिक होगी। परिवार में तीन सदस्य होंगे तो वाहनों की संख्या पांच होगी। दिल्ली और मुंबई में ऐसी स्थिति देखी जा सकती है।

वाहन उद्योग में लागत भी हो रही कम

वाहन उद्योग में लागत भी तेजी से कम हो रही है। इसके लिए भारत सरकार द्वारा स्क्रैपिंग नीति लाई गई है। 15 लाख वाहनों को स्क्रैप करने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय बजट में राज्य सरकारों को भी स्कीम लाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि यदि 45 लाख पुराने वाहन स्क्रैप होंगे तो ऑटोमोबाइल कंपोनेंट 30 प्रतिशत सस्ते हो जाएंगे।

देश में बन रहा है पहला इलेक्ट्रिक हाईवे

देश में पर्यावरण को ध्यान में रख कर सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल पर काफी जोर दे रही है। इलेक्ट्रिक बस, गाड़ी, बाइक, स्कूटी के बाद अब देश में इलेक्ट्रिक हाईवे भी बनने जा रहा है। आमतौर पर हाईवे पर चलने वाली गाड़ी पेट्रोल, डीजल या CNG से चलती है, लेकिन इलेक्ट्रिक हाईवे एक ऐसा हाईवे होगा जिस पर सभी इलेक्ट्रिक वाहन ही चलेंगे। इलेक्ट्रिक हाईवे देखने में तो आम हाईवे जैसा ही होगा, लेकिन हाईवे के ऊपर तार लगे होंगे। ट्रेन की तरह इस हाईवे पर चलने वाले वाहनों को इन तारों से बिजली मिलेगी और यही बिजली इन वाहनों के लिए ईंधन का काम करेगी। इस हाईवे पर इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए चार्जिंग पॉइंट भी लगे होंगे। सरकार दिल्ली से जयपुर के बीच इलेक्ट्रिक हाईवे बनाने की तैयारी कर रही है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने राजस्थान के दौसा में इसकी घोषणा की थी। ये हाईवे पूरी तरह इलेक्ट्रिक होगा और इसमें केवल इलेक्ट्रिक वाहन ही चलेंगे। पूरी तरह तैयार होने के बाद ये देश का पहला ई-हाईवे होगा।

ये हाईवे पूरी तरह से इको फ्रेंडली होगा और इससे प्रदूषण कम होगा। इसमें वाहनों को चलाने के लिए इलेक्ट्रिसिटी का इस्तेमाल किया जाएगा, जो पेट्रोल-डीजल के मुकाबले सस्ती होगी। इससे एक ओर जहां सीधे तौर पर पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम होगी, वहीं ये पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद होगा। पर्यावरण के लिए फायदेमंद होने के अलावा ई-हाईवे से लॉजिस्टिक कॉस्ट में काफी कमी आएगी। फिलहाल चीजों की कीमतों में बढ़ोत्तरी की एक बड़ी वजह ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट होती है। अगर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट में कमी आती है, तो चीजें सस्ती हो सकती हैं।

ई-हाईवे बनाने वाला भारत पहला देश नहीं है। इलेक्ट्रिक हाईवे का इस्तेमाल स्वीडन और जर्मनी में पहले से हो रहा है। स्वीडन ई-हाईवे शुरू करने वाला दुनिया का पहला देश है। स्वीडन ने 2016 में ई-हाइवे का ट्रायल शुरू किया और 2018 में पहला ई-हाईवे शुरू किया था। स्वीडन के बाद जर्मनी ने 2019 में इलेक्ट्रिक हाईवे की शुरुआत की।

- ऑटोमोबाइल उद्योग में यात्री वाहन, वाणिज्यिक वाहन, तिपहिया, दोपहिया और क्वाड्रिसाइकिल सहित सभी ऑटोमोबाइल वाहन शामिल हैं।
- भारत विश्व का सबसे बड़ा ट्रैक्टर निर्माता, दूसरा सबसे बड़ा बस निर्माता और तीसरा सबसे बड़ा भारी ट्रक निर्माता है।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान-खेल

1. **भारत ने किस वर्ष राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की थी?**
(अ) वर्ष 2010 (ब) वर्ष 2014
(स) वर्ष 2018 (द) वर्ष 2022

2. **क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने किस एशियाई क्लब के साथ करार किया है?**
(अ) अल साद
(ब) जियोनबक एफसी
(स) अल इतिहाद
(द) अल नासेर

3. **इनमें से कौन टोक्यो ओलिंपिक-2020 में बैडमिंटन में पुरुष एकल वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता बने हैं?**
(अ) विक्टर एक्सेलसन
(ब) केंटा मोमोटा
(स) ली चोंग वेई
(द) किदांबी श्रीकांत

4. **रानी रामपाल किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) कुश्ती (ब) हॉकी
(स) मुक्केबाजी (द) जिम्नास्टिक

5. **ईशान किशन ने किस देश के खिलाफ वन-डे क्रिकेट में दोहरा शतक बनाया है?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) श्रीलंका
(स) बांग्लादेश (द) न्यूजीलैंड

6. **मैक्स वर्स्टापेन ने अब तक कितनी बार फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप जीती है?**
(अ) एक बार (ब) दो बार
(स) तीन बार (द) एक बार भी नहीं

7. **वर्ष 2022 में किस देश ने वूमेन यूरो कप का खिताब जीता है?**
(अ) इंग्लैंड (ब) जर्मनी
(स) बेल्जियम (द) फ्रांस

8. **इंग्लैंड ने वर्ष 2019 में किस खिलाड़ी की कप्तानी में आईसीसी वन-डे वर्ल्डकप जीता था?**
(अ) बेन स्टोक्स (ब) जोस बटलर
(स) जो रूट (द) इयॉन मोर्गन

9. **फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप-2022 में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुने गये हैं?**
(अ) ह्यूगो लॉरिस
(ब) एलिसन बेकर
(स) एमी मार्टिनेज
(द) जॉर्डन पिकफोर्ड

10. **एमा राडुकानू टेनिस में किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) अमेरिका (ब) जर्मनी
(स) स्पेन (द) ब्रिटेन

11. **वर्ष 2016 में कौन-सी टीम आईपीएल की चैम्पियन बनी थी?**
(अ) मुंबई इंडियंस
(ब) सनराइजर्स हैदराबाद
(स) कोलकाता नाइटराइडर्स
(द) रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

12. **टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं?**
(अ) ब्रैंडन मैक्कुलम
(ब) जैक कैलिस
(स) बेन स्टोक्स
(द) विवियन रिचर्ड्स

13. **निकहत जरीन ने किस वर्ष मुक्केबाजी वर्ल्ड चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) वर्ष 2016 (ब) वर्ष 2018
(स) वर्ष 2019 (द) वर्ष 2022

14. **कीनन स्टेडियम भारत के किस शहर में स्थित है?**
(अ) जमशेदपुर (ब) रांची
(स) कटक (द) पटना

15. **अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष हैं?**
(अ) ग्रेग बार्कले
(ब) थॉमस बाक
(स) सेप ब्लाटर
(द) इनमें से कोई नहीं

16. **वर्ष 2022 में किस खिलाड़ी ने इंडियन वेल्स मास्टर्स में महिला एकल वर्ग का खिताब जीता है?**
(अ) नाओमी ओसाका
(ब) मारिया सकारी
(स) ईगा स्वितेक
(द) एंजेलिक कर्बर

17. **वर्ष 2021 में किस देश ने यूरो कप का खिताब जीता है?**
(अ) पुर्तगाल (ब) इंग्लैंड
(स) फ्रांस (द) इटली

18. **डायमंड लीग में पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं?**
(अ) नीरज चोपड़ा
(ब) मोहम्मद अनस
(स) दूती चंद
(द) विकास गौड़ा

19. **विंटर ओलिंपिक-2022 में किस देश ने आईस हॉकी पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) स्लोवाकिया (ब) रूस
(स) जर्मनी (द) फिनलैंड

20. **एमा मैक्कोन तैराकी में किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) ब्रिटेन (ब) कनाडा
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) अमेरिका

21. **वर्डी और ईगल टर्म का इस्तेमाल किस खेल में होता है?**
(अ) टेनिस (ब) गोल्फ
(स) फुटबॉल (द) बैडमिंटन

22. **माइकल प्लातिनी किस देश के महान फुटबॉलर रह चुके हैं ?**
(अ) फ्रांस (ब) इटली
(स) अर्जेंटीना (द) बेल्जियम

23. **वर्ष 2019 में किस देश ने बास्केटबॉलर वर्ल्डकप का खिताब जीता है?**
(अ) कनाडा (ब) अर्जेंटीना
(स) स्पेन (द) अमेरिका

24. **रणजी ट्रॉफी में पहले ओवर में हैट्रिक लेने वाले गेंदबाज हैं?**
(अ) उमेश यादव
(ब) जयदेव उनादकट
(स) सुदीप त्यागी
(द) ईशांत शर्मा

25. **इनमें से कौन-सा देश आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का पहला चैम्पियन है?**
(अ) श्रीलंका (ब) न्यूजीलैंड
(स) द. अफ्रीका (द) वेस्टइंडीज

उत्तर

1. (अ), 2. (द), 3. (अ), 4. (ब), 5. (स), 6. (ब), 7. (अ), 8. (द), 9. (स), 10. (द), 11. (ब), 12. (स), 13. (द), 14. (अ), 15. (ब), 16. (स), 17. (द), 18. (अ), 19. (द), 20. (स), 21. (ब), 22. (अ), 23. (स), 24. (ब), 25. (स)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

'संस्कारधानी' और 'मार्बल सिटी' के नाम से प्रसिद्ध है जबलपुर

जबलपुर, मध्यप्रदेश के जबलपुर संभाग का एक जिला है। इसका गठन 01 नवंबर 1956 को किया गया था। इस जिले के उत्तर में कटनी जिला, उत्तर-पूर्व में उमरिया, पूर्व में डिंडोरी, दक्षिण-पूर्व में मंडला, दक्षिण में सिवनी, दक्षिण-पश्चिम में नरसिंहपुर तथा उत्तर-पश्चिम में दमोह जिला स्थित है।

जबलपुर मध्यप्रदेश का एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक, औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र भी है। मध्यप्रदेश का उच्च न्यायालय, पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्यालय और पांच राज्यों (मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार और झारखंड) के सेना मुख्यालय यहां स्थित हैं। संगमरमर नगरी (मार्बल सिटी) के उपनाम के नाम से मशहूर जबलपुर को मध्यप्रदेश की 'संस्कारधानी' तथा न्यायिक राजधानी भी कहा जाता है। म.प्र. विद्युत मंडल का मुख्यालय, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उष्ण कटिबंधीय वन संस्थान, महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, राष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान अनुसंधान केंद्र सहित अन्य कई प्रमुख संस्थान जबलपुर में स्थित हैं।

इतिहास

पुराणों और किंवदंतियों के अनुसार जबलपुर का संबंध जाबालि ऋषि से है। जिनके बारे में कहा जाता है कि वह यहाँ निवास करते थे, इसलिए इस शहर को जबालिपुरम भी कहते हैं।

1781 के बाद ही मराठों के मुख्यालय के रूप में चुने जाने पर इस नगर की सत्ता बढ़ी, बाद में यह सागर और नर्मदा क्षेत्रों के ब्रिटिश कमीशन का मुख्यालय बन गया।

यहां पर मौर्य शासनकाल के कई साक्ष्य भी हैं, जो कि 300 ईसा पूर्व के हैं। मौर्य वंश के बाद यहां पर सातवाहन वंश ने शासन किया था। कुछ समय के लिए यहां पर स्थानीय शासकों ने भी शासन किया था, लेकिन गुप्त वंश के शासकों ने उन्हें पराजित कर यहां का शासन अपने हाथ में ले लिया था, जो कि 320 ईस्वी से 550 ईस्वी तक चला था। 675 से 800 ई. तक यहां पर कलचुरी राजवंश के शासकों ने शासन चलाया था। इनके बाद में कई राजवंशों ने यहां पर शासन किया था। यहां पर 1864 ई. में नगर पालिका का गठन किया गया था।

जिले में एक पहाड़ी पर मदन महल स्थित है, जो लगभग 1100 ई. में राजा मदन सिंह द्वारा बनवाया गया एक पुराना महल है। इसके ठीक पश्चिम में गढ़ है, जो 14वीं शताब्दी के चार स्वतंत्र गोंड राज्यों का प्रमुख नगर था।

भेड़ाघाट, खारीघाट और जबलपुर से प्राप्त जीवाश्मों से संकेत मिलता है कि यह प्रागैतिहासिक काल के पुरापाषाण युग के मनुष्य का निवास स्थान था। मदन महल, नगर में स्थित कई ताल और गोंड राजाओं द्वारा बनवाए गए कई मंदिर इस स्थान की प्राचीनता के प्रतीक हैं। इस क्षेत्र में कई बौद्ध, हिन्दू और जैन भग्नावशेष भी हैं।

अर्थव्यवस्था

धान, जबलपुर जिले की प्रमुख खरीफ फसलों में से एक है। जबलपुर में उत्पादित चावल के विभिन्न प्रकार एच.एम. टी., क्रांति, महामाया आदि हैं। हरा मटर, जबलपुर की एक प्रमुख रबी फसल है। साथ ही गेहूं, ज्वार, चना और तिलहन अन्य महत्वपूर्ण फसलें हैं। यहां लौह अयस्क, चूना-पत्थर बॉक्साइट, चिकनी मिट्टी, अग्निसह मिट्टी, शैलखड़ी, फेल्सपार, मैंगनीज और गेरू का व्यापक पैमाने पर खनन होता है।

यह नगर सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, यहां तोपगाड़ी बनाने का केंद्रीय कारखाना, शस्त्र निर्माण कारखाना और एक शस्त्रागार स्थित है। यहां के प्रमुख उद्योगों में खाद्य प्रसंस्करण, आरा मिल और विभिन्न निर्माण इकाइयां शामिल हैं। जबलपुर रेडीमेड वस्त्रों का भी प्रमुख उत्पादक केंद्र बन गया है।

जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन - 1 नवंबर, 1956
2. संभाग - जबलपुर
3. जिला मुख्यालय - जबलपुर
4. क्षेत्रफल - 5211 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या - 24,63,289 (पुरुष - 12,77,278, महिला - 11,86,011)
6. लिंग अनुपात - 925
7. जन घनत्व - 472 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता - 82.5%
9. तहसीलें - 10 (जबलपुर, कुंडम, मझोली, पाटन, पनागर, सिहोरा, शाहपुरा, अधारताल, रांझी, गोरखपुर)
10. विकासखंड - 7
11. ग्राम पंचायत - 542
12. गांव - 1508
13. नगर परिषद - 6
14. नगर निगम - 1
15. विधानसभा क्षेत्र - 8 (पाटन, बरगी, जबलपुर पूर्व, जबलपुर उत्तर, जबलपुर कैंट, जबलपुर पश्चिम, पनागर, सिहोरा)
16. लोकसभा क्षेत्र - 01 (जबलपुर)
17. भाषा एवं बोली - हिन्दी, बुंदेली

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- जबलपुर से करीब 13 किमी दूर स्थित भेड़ाघाट एक आकर्षक पर्यटन स्थल है। भेड़ाघाट के पास नर्मदा का पानी एक बड़े झरने के रूप में गिरता है। यह स्पॉट धुआंधार फॉल्स कहलाता है। इस प्रपात में 10 मीटर की ऊंचाई से पानी गिरने से उस स्थान पर कुहासा या धुंआ सा बन जाता है। इसलिए इसे धुआंधार जलप्रपात कहा जाता है। नर्मदा नदी के दोनों तटों पर संगमरमर की सौ फुट तक ऊँची चट्टानें भेड़ाघाट की खासियत हैं। कहा जाता है कि प्राचीन काल में भृगु मुनि ने इस स्थान पर अनेक वर्षों तक तपस्या की थी, जिसके कारण यह भृगु घाट या भेड़ाघाट कहलाने लगा।
- जबलपुर का बरगी डैम, जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति का एक प्रमुख स्रोत है। बरगी डाइवर्शन प्रोजेक्ट और रानी अवंतीबाई लोधी सागर प्रोजेक्ट इस डैम पर विकसित की गई दो महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना है। समय के साथ-साथ बरगी डैम जबलपुर के एक महत्वपूर्ण पर्यटन केन्द्र के रूप में भी विकसित हुआ है। यहां एक रिसॉर्ट भी है, जिसके आगे का हिस्सा डैम की ओर है। इस रिसॉर्ट से डैम और जलाशय का असाधारण नजारा देखने को मिलता है।
- जबलपुर जिले में स्थित मदन महल किले का निर्माण 11वीं शताब्दी में राजा मदन सिंह द्वारा किया गया था। एक पहाड़ी पर स्थित इस किले का संबंध राजा की माता रानी दुर्गावती से भी है, जो उस समय की एक बहादुर गोंड रानी थीं। इसे दुर्गावती किले के नाम से भी जाना जाता है।
- जबलपुर जिले में स्थित बैलेंसिंग रॉक एक प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल है। ये चट्टानें मदन महल किले के रास्ते में स्थित हैं। बैलेंसिंग रॉक विस्फोटित ज्वालामुखी रॉक संरचनाओं का उदाहरण है। दो चट्टानें केवल थोड़ा सा स्पर्श करके विशाल आधार चट्टान पर संतुलन बनाती हैं। कहा जाता है कि इस चट्टान के संतुलन को बिगाड़ना असंभव है।

- रीता मोदी
(लेखिका, सम सामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)

मध्यप्रदेश बजट और आर्थिक सर्वेक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न

प्रश्न 1. मध्यप्रदेश बजट में विनियोग की राशि अनुमानित है -
(अ) 3,14,025 करोड़ रुपये
(ब) 2,47,715 करोड़ रुपये
(स) 2,21,221 करोड़ रुपये
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) 3,14,025 करोड़ रुपये

प्रश्न 2. बजट के अनुसार वर्ष 23-24 में विनियोग की राशि में कितने प्रतिशत वृद्धि अनुमानित की गई है?
(अ) 16 प्रतिशत
(ब) 13 प्रतिशत
(स) 10 प्रतिशत
(द) 12 प्रतिशत
उत्तर - (ब) 13 प्रतिशत

प्रश्न 3. बजट अनुमान 2023-24 के अनुसार आगामी वित्तीय वर्ष में कुल प्राप्तियां कितने करोड़ रुपये होगी?
(अ) 2,79,317
(ब) 2,49,152
(स) 2,81,660
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
उत्तर - (स) कुल प्राप्तियां 2,81,660 करोड़ रुपये होगी।

प्रश्न 4. वर्ष 23-24 में कुल व्यय अनुमानित है -
(अ) 249152 करोड़ रुपये
(ब) 281554 करोड़ रुपये
(स) 247715 करोड़ रुपये
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब) 281554 करोड़ रुपये
व्याख्या - गत वित्तीय वर्ष की तुलना में इसमें 14 प्रतिशत की वृद्धि दर अनुमानित की गई है।

प्रश्न 5. वर्ष 2022-23 में राजस्व घाटा कितने करोड़ रुपये रहने का अनुमान है?
(अ) 3736 (ब) 4142
(स) 3343 (द) 2985
उत्तर - (अ) 3736

प्रश्न 6. वर्ष 2023-24 में राजस्व आधिक्य का अनुमान किया गया है, यह कितने करोड़ रुपये का है?
(अ) 3736 (ब) 413
(स) 825 (द) 913
उत्तर - (ब) 413

प्रश्न 7. बजट के अनुसार कुल प्राप्तियों में सर्वाधिक योगदान किस क्षेत्र का है?
(अ) राज्य कर
(ब) केन्द्रीय करों में हिस्सा
(स) केन्द्र से सहायता अनुदान
(द) करेत्तर राजस्व
उत्तर - (अ) राज्य कर
व्याख्या - राज्य करों का योगदान कुल प्राप्तियों में 31 प्रतिशत है।

प्रश्न 8. बजट अनुमान के अनुसार लोक ऋण (शुद्ध) में कितने प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है?
(अ) 3 (ब) 4
(स) 5 (द) 7
उत्तर - (द) 7 प्रतिशत

प्रश्न 9. राजस्व प्राप्तियों में सर्वाधिक योगदान किस कर का है?
(अ) जीएसटी
(ब) राज्य उत्पाद शुल्क
(स) स्टाम्प व पंजीकरण शुल्क
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
उत्तर - (अ) जीएसटी
व्याख्या - जीएसटी में करीब 59.6 प्रतिशत योगदान प्राप्त होता है।

प्रश्न 10. बजट के अनुसार म.प्र. का सकल ऋण सकल राज्य घरेलू उत्पाद का कितने प्रतिशत है?
(अ) 26.30 (ब) 27.83
(स) 24.26 (द) 27.58
उत्तर - (ब) 27.83

प्रश्न 11. बजट के अनुसार म.प्र. का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू राज्य उत्पाद का कितने प्रतिशत है?
(अ) 5.44 (ब) 4.02
(स) 3.64 (द) 3.25
उत्तर - (ब) 4.02

प्रश्न 12. म.प्र. का किस वर्ष का बजट ई-बजट के रूप में प्रस्तुत किया गया है?
(अ) 2022-23
(ब) 2021-22
(स) 2023-24
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स) 2023-24

प्रश्न 13. वर्ष 2023-24 में वर्ष 2022-23 के पुनरीक्षित अनुमान की तुलना में राज्य के स्वयं के कर राजस्व में कितने प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है?
(अ) 9 (ब) 10
(स) 11 (द) 12
उत्तर - (स) 11

प्रश्न 14. इस बजट में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना हेतु कितने करोड़ का प्रावधान किया गया है?
(अ) 8000 (ब) 800
(स) 80 (द) 11000
उत्तर - (अ) 8000

प्रश्न 15. वर्ष 23-24 में वर्ष 2022-23 के पुनरीक्षित अनुमान की तुलना में पूंजीगत परिव्यय में कितने प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है?
(अ) 10 (ब) 11
(स) 12 (द) 15
उत्तर - (द) 15

प्रश्न 16. मुख्यमंत्री कौशल अप्रेंटिसशिप योजना हेतु कितने करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है?
(अ) 1000 (ब) 2000
(स) 3000 (द) 4000
उत्तर - (अ) 1000

प्रश्न 17. आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के अनुसार मध्यप्रदेश की सकल राज्य घरेलू उत्पाद में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है?
(अ) 5 (ब) 6
(स) 7 (द) 7.06
उत्तर - (द) 7.06

प्रश्न 18. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार चालू कीमतों पर वर्ष 2022-23 में मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय है -
(अ) 1,40,583 रुपये
(ब) 1,21,594 रुपये
(स) 38447 रुपये
(द) 11718 रुपये
उत्तर - (अ) 1,40,583 रुपये

प्रश्न 19. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2022-23 में मध्यप्रदेश में गेहूं का उत्पादन कितने टन अनुमानित है?
(अ) 174.8 लाख टन
(ब) 352.7 लाख टन
(स) 380 लाख टन
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब) 352.7 लाख टन

प्रश्न 20. गेहूं के निर्यात में मध्यप्रदेश का देश में कितने प्रतिशत भागीदारी है?
(अ) 46 (ब) 50
(स) 40 (द) 60
उत्तर - (अ) 46

प्रश्न 21. वर्तमान में मध्यप्रदेश की सिंचाई क्षमता कितने लाख हेक्टेयर है?
(अ) 7.50 (ब) 45
(स) 28 (द) 30
उत्तर - (ब) 45

प्रश्न 22. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार कृषकों को दिये जाने वाले ऋणों में कितने प्रतिशत की वृद्धि आंकी गई है?
(अ) 13.41 (ब) 30.22
(स) 15 (द) 28
उत्तर - (अ) 13.41

प्रश्न 23. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2022-23 में म.प्र. में पूंजीगत व्यय कितने करोड़ रुपये होने का अनुमान है?
(अ) 37089 (ब) 45685
(स) 38497 (द) 11718
उत्तर - (ब) 45685

प्रश्न 24. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार म.प्र. में इस वर्ष औद्योगिक विकास दर कितने प्रतिशत रही है?
(अ) 24 (ब) 20
(स) 22 (द) 18
उत्तर - (अ) 24

प्रश्न 25. प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय में इस वर्ष कितने प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है?
(अ) 7.06 (ब) 5.67
(स) 2.9 (द) 8
उत्तर - (ब) 5.67

प्रश्न 26. राज्य के कुल घरेलू उत्पाद में प्राथमिक क्षेत्र का योगदान कितने प्रतिशत है?
(अ) 36.32 (ब) 40
(स) 48 (द) 50
उत्तर - (अ) 36.32

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा, राज्य पात्रता परीक्षा (सेट), शिक्षक पात्रता, सहायक कुल सचिव एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य अध्ययन

1. मध्यप्रदेश में आगर गांव किसके लिए प्रसिद्ध है ?
(A) ग्रेफाइड (B) यूरेनियम
(C) रंगस्टन (D) कोरंडम

2. निम्न में से किस का संबंध नर्मदा नदी से है ?
(A) गांधी सागर
(B) इंदिरा सागर
(C) जवाहर सागर
(D) माता टीला बांध

3. हाल ही में भारत के राष्ट्रपति के द्वारा मध्यप्रदेश के किस स्थान पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया ?
(A) इंदौर (B) भोपाल
(C) शहडोल (D) उमरिया

4. मध्यप्रदेश मृगनयनी का संबंध किस क्षेत्र से है ?
(A) लोक चित्रकला
(B) धार्मिक उत्सव
(C) उद्योग
(D) लोक नृत्य

5. मध्यप्रदेश की स्थापना के समय कुल कितने जिले थे ?
(A) 45 (B) 61
(C) 52 (D) 43

6. सुभाष चंद्र बोस के त्याग पत्र के बाद त्रिपुरी कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की थी ?
(A) महात्मा गांधी
(B) पं. रविशंकर शुक्ल
(C) राजेन्द्र प्रसाद
(D) सीता रमैय्या

7. किरनापुर औद्योगिक विकास केन्द्र किस जिले में स्थित है ?
(A) मण्डला (B) मुरैना
(C) बालाघाट (D) छिंदवाड़ा

8. भैंसदेही का प्राचीन शिव मंदिर किस जिले में है ?
(A) हरदा (B) मुरैना
(C) भिण्ड (D) बैतूल

9. 'भारत भ्राता' समाचार पत्र का संबंध किस जिले से था ?
(A) जबलपुर (B) कटनी
(C) रीवा (D) ग्वालियर

10. हिन्दुस्तानी लाल सेना का गठन किसने किया था ?
(A) भीमा नायक
(B) बलदेव सिंह
(C) मगनलाल बागड़ी
(D) शेख रजान

11. माखनलाल चतुर्वेदी द्वारा कसाईखाना आंदोलन कहां से चलाया गया था ?
(A) नर्मदापुरम् (B) खण्डवा
(C) सागर (D) जबलपुर

12. मध्यप्रदेश में कुल कितनी रामसर साइट हैं ?
(A) एक (B) तीन
(C) चार (D) दो

13. बिलौआ की गुफाएं मध्यप्रदेश के किस जिले में हैं ?
(A) रायसेन (B) विदिशा
(C) ग्वालियर (D) उज्जैन

14. पंडित मंडन मिश्र का संबंध मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र से है ?
(A) बघेलखण्ड
(B) बुन्देलखण्ड
(C) महाकौशल
(D) निमाड़

15. नागाजी का मेला कहां लगता है ?
(A) खरगौन (B) गुना
(C) मुरैना (D) सागर

16. 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' किसकी रचना है ?
(A) मुक्तिबोध
(B) हरिशंकर परसाई
(C) भवानी प्रसाद मिश्र
(D) अटल जी

17. बड़वा, घूमर, गौरी नृत्य का संबंध किस जनजाति से है ?
(A) मुडिया (B) कोरकू
(C) मीना (D) भील

18. निम्न में से कौन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं ?
(A) भगवतदयाल शर्मा
(B) सत्यनारायण सिन्हा
(C) द्वारिकाप्रसाद मिश्र
(D) शंकरदयाल शर्मा

19. स्वागत लक्ष्मी योजना की शुरुआत कब हुई थी ?
(A) 2007 (B) 2009
(C) 2018 (D) 2014

20. मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध फड़के स्टूडियो कहां है ?
(A) भोपाल (B) उज्जैन
(C) धार (D) मण्डला

21. हट्टा बावड़ी का संबंध किस जिले से है ?
(A) रतलाम (B) मंदसौर
(C) मुरैना (D) बालाघाट

22. किस अभिलेख में राजा को शरद कालिन सूर्य की तरह बताया गया है ?
(A) दशपुर अभिलेख
(B) तुमैन
(C) सुपिया
(D) सांची अभिलेख

23. मिश्रित मिट्टी मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र में पायी जाती है ?
(A) मालवा (B) बघेलखण्ड
(C) निमाड़
(D) बुन्देलखण्ड

24. मध्यप्रदेश की कौन सी नदी कर्क रेखा को दो बार काटती है ?
(A) नर्मदा (B) बेतवा
(C) माही (D) चंबल

25. मध्यप्रदेश के राजकीय गान के रचनाकार कौन हैं ?
(A) आदेश श्रीवास्तव
(B) महेश श्रीवास्तव
(C) शांतनु मुखर्जी
(D) दीपक तिवारी

26. सेंट्रल प्रोविंस की कौन सी एकमात्र रियासत वर्तमान मध्यप्रदेश में सम्मिलित है ?
(A) खैरागढ़ (B) सरगुजा
(C) छुईखदान (D) मकड़ाई

27. फजल अली आयोग ने मध्यप्रदेश के किस शहर को राजधानी बनाने की सिफारिश की थी ?
(A) जबलपुर (B) रीवा
(C) भोपाल (D) इंदौर

28. निम्न कथनों में से कौन-सा सही है ?
(A) शिवना नदी काली सिंध की सहायक नदी है।
(B) चंबल नदी में बटागुर और चित्रा इण्डिका कछुओं की प्रजाति पाई जाती है।
(C) बेतवा नदी का उद्गम सीहोर के कुम्हगवां गांव से होता है।
(D) स्नेह जलप्रपात बेतवा नदी पर स्थित है।

29. सिरपुर तालाब किस स्थान पर स्थित है ?
(A) भोपाल (B) जबलपुर
(C) ग्वालियर (D) इंदौर

30. भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान कहां स्थित है ?
(A) नई दिल्ली (B) हिसार
(C) भोपाल (D) लुधियाना

31. किस जिले में यूरेनियम होने के अवशेष मिले हैं ?
(A) जबलपुर (B) शहडोल
(C) भोपाल (D) इंदौर

32. मध्यप्रदेश में जैविक कृषि नीति कब लागू किया गया था ?
(A) 2011 (B) 2012
(C) 2010 (D) 2015

33. मध्यप्रदेश में एस. चंद्रशेखर वेधशाला कहां स्थित है ?
(A) भोपाल (B) इन्दौर
(C) जबलपुर (D) उज्जैन

34. जोबट के भील किस प्रकार की दरी बनाते हैं ?
(A) ऊनी दरियां
(B) प्लास्टिक दरियां
(C) धागा दरियां
(D) पुंजी दरियां

35. द मुरिया एण्ड देयर घोटुल किसकी रचना है ?
(A) विक्रम सेठ
(B) वेरियर एल्विन
(C) डी. एन. मजूमदार
(D) इनमें से कोई नहीं

36. मध्यप्रदेश के किस जिले में बांस का पहला डिस्प्ले सेंटर स्थापित किया गया है ?
(A) भोपाल (B) इन्दौर
(C) जबलपुर (D) सागर

37. चिन्टू चीता शुभंकर जारी करने वाला राष्ट्रीय उद्यान है ?
(A) सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान
(B) बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान
(C) कूनो पालपुर राष्ट्रीय उद्यान
(D) पन्ना राष्ट्रीय उद्यान

38. मध्य भारत कोयला क्षेत्र के अंतर्गत कौन-सा क्षेत्र शामिल नहीं है ?
(A) सोहागपुर (B) सिंगरौली
(C) कोरार (D) मोहपानी

39. भारत का पहला बायोमास गांव किस जिले में स्थित है ?
(A) सतना (B) रीवा
(C) मण्डला (D) बैतूल

40. सांची स्तूप की खोज किसने की थी ?
(A) एलेक्जेंडर कनिंघम
(B) जनरल टेलर
(C) विष्णुधर वाकणकर
(D) एच.डी. सांकलिया

41. बटियागढ़ अभिलेख (दमोह) से किस वंश की जानकारी मिलती है ?
(A) मुगल वंश
(B) तुगलक वंश
(C) लोदी वंश
(D) गुलाम वंश

42. इनमें से किस होल्कर शासक को मध्य भारत का नेपोलियन कहा जाता था ?
(A) मल्हारराव होल्कर
(B) शिवाजीराव होल्कर
(C) यशवंतराव होल्कर
(D) तुकोजी राव होल्कर

43. 1857 की क्रांति के समय भोपाल की बेगम कौन थीं ?
(A) कुदसिया बेगम
(B) खुसरो जहां बेगम
(C) सिकंदर जहां बेगम
(D) साजीदा सुल्तान

44. घोड़ा डोंगरी जंगल सत्याग्रह मध्यप्रदेश के किस जिले में हुआ था ?
(A) बैतूल (B) टीकमगढ़
(C) सिवनी (D) सतना

45. मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में यूनियन कार्बाइड इण्डिया लिमिटेड की घटना कब हुई थी ?
(A) वर्ष 1963 (B) वर्ष 1962
(C) वर्ष 1984 (D) वर्ष 1964

उत्तरमाला

1.	(C)	2.	(B)	3.	(C)
4.	(C)	5.	(D)	6.	(C)
7.	(C)	8.	(D)	9.	(C)
10.	(C)	11.	(C)	12.	(C)
13.	(C)	14.	(D)	15.	(C)
16.	(B)	17.	(D)	18.	(C)
19.	(D)	20.	(C)	21.	(D)
22.	(B)	23.	(D)	24.	(C)
25.	(B)	26.	(D)	27.	(A)
28.	(B)	29.	(D)	30.	(C)
31.	(B)	32.	(A)	33.	(B)
34.	(D)	35.	(B)	36.	(B)
37.	(C)	38.	(D)	39.	(D)
40.	(B)	41.	(B)	42.	(C)
43.	(C)	44.	(A)	45.	(C)

- प्रवीण कुमार जायसवाल
(लेखक - जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल में भूगोलवेत्ता हैं)

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LTD.
(Government of M.P. Undertaking) (CIN:- U40109MP2002SGC015119)
OFFICE OF THE MANAGING DIRECTOR, Regd. Office Bijli Nagar Colony, Nistha Parisar Govindpura
Bhopal-462023, Phone Office : 0755-2602033-34, Fax : 2589821, Email: portal.mpcz.in

No.MD/MK/Rec./2023/10506 Bhopal, Dated : 10.03.2023

ADVERTISEMENT FOR RECRUITMENT OF VARIOUS CADRES OF ASSISTANT ENGINEER BATCH- 2023 ON REGULAR BASIS

The Madhya Pradesh Madhya Kshetra Vidyut Vitaran Co. Ltd. (MPMKVVCL), on behalf of the all six wholly owned Power Companies of GoMP engaged in the field of Generation, Transmission, Trading and Distribution of electricity in the State of M.P. as enlisted below, invites applications for selection and appointment against various cadres of Assistant Engineer on regular basis. The details of Company wise vacancy are shown as below:-

S.N.	Name of Company	Post Name	Type of Post	No. of Vacant Post
1	M.P. Power Management Company Ltd., Jabalpur	Assistant Engineer (Electrical)	Regular	5
		Assistant Engineer (IT)	Regular	1
2	M.P. Power Generation Company Ltd., Jabalpur	Assistant Engineer (Civil)	Regular	17
3	M.P. Power Transmission Company Ltd., Jabalpur	Assistant Engineer (Transmission)	Regular	3
		Assistant Engineer (Civil)	Regular	12
4	M.P. Madhya Kshetra Vidyut Vitaran Company Ltd., Bhopal	Assistant Engineer (Distribution)	Regular	8
		Assistant Engineer (IT)	Regular	2
		Assistant Engineer (Civil)	Regular	5
5	M.P. Poorva Kshetra Vidyut Vitaran Company Ltd., Jabalpur	Assistant Engineer (Electrical)	Regular	9
		Assistant Engineer (Civil)	Regular	1
6	M.P. Paschim Kshetra Vidyut Vitaran Company Ltd., Indore	Assistant Engineer (Distribution)	Regular	10
		Assistant Engineer (Civil)	Regular	2

Note :-
1. The Company reserves the right to fill or not to fill any of the vacancies.
2. The start date for filling application form is **17.03.2023** and the last date for submission of application is **10.04.2023.**
3. The above posts may vary as per requirement. The details regarding category wise vacancies, minimum qualification, age limit, application fees and other terms and conditions are available in details advertisement on company's website: "**portal.mpcz.in**". Applicants may visit the link provided on the MPMKVVCL website to submit the application form.

M.P. Madhyam/108905/R-48274/2023 **CHIEF GENERAL MANAGER (HR&A), Bhopal**

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

विषय - भूगोल

प्रश्न 1. मानव भूगोल का संस्थापक निम्न में से किसे कहा जाता है?
(अ) स्लॉश
(ब) हम्बोल्ट
(स) कार्ल रिटर
(द) जीन ब्रून्श
उत्तर - (स) कार्ल रिटर

प्रश्न 2. भू-आकृति विज्ञान के जन्मदाता हैं -
(अ) डेविस (ब) पेशेल
(स) पैंक (द) हहन
उत्तर - (ब) पेशेल

प्रश्न 3. पृथ्वी के भ्रमण की गति है -
(अ) 27 km/m
(ब) 31 km/m
(स) 25 km/m
(द) 39.5 km/m
उत्तर - (अ) 27 km/m

प्रश्न 4. सूर्य की परिक्रमा के दौरान पृथ्वी सूर्य से अधिकतम दूरी पर किस महीने में होती है?
(अ) मार्च (ब) जुलाई
(स) सितम्बर (द) जनवरी
उत्तर - (ब) जुलाई

प्रश्न 5. मिश्रित धातुओं व सिलेकेटो से बनी धरती की परत कहलाती है?
(अ) सिएल (सियाल)
(ब) साइमा (सीमा)
(स) प्रावार (मेंटेल)
(द) निफे
उत्तर - (अ) सिएल (सियाल)

प्रश्न 6. वलन की क्रिया किसका परिणाम होती है?
(अ) महादेशजनक बल
(ब) भू-विशेपीय बल
(स) पर्वत-निर्माणकारी बल
(द) बहिर्जात बल
उत्तर - (स) पर्वत-निर्माणकारी बल

प्रश्न 7. महाद्वीपीय प्रवाह सिद्धांत के प्रणेता हैं?
(अ) प्राट (ब) वेग्नर
(स) होम्स (द) ग्रेगरी
उत्तर - (ब) वेग्नर

प्रश्न 8. पृथ्वी पर सबसे उच्चतम तापक्रम रिकॉर्ड किये जाते हैं -
(अ) भूमध्य रेखा पर
(ब) 10° उत्तरी अक्षांश पर
(स) 20° उत्तरी अक्षांश पर
(द) उपयुक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) भूमध्य रेखा पर

प्रश्न 9. भारत का प्रामाणिक समय किस स्थान से निश्चित किया जाता है?
(अ) मुंबई
(ब) दिल्ली
(स) प्रयागराज (नैनी)
(द) कोलकाता
उत्तर - (स) प्रयागराज (नैनी)

प्रश्न 10. आग्नेय शैल कहलाती है -
(अ) कठोर शैल
(ब) मौलिक शैल
(स) गौण शैल
(द) रूपांतरित शैल
उत्तर - (ब) मौलिक शैल

प्रश्न 11. ग्रेनाइट की गणना किस प्रकार की चट्टानों में की जाती है?
(अ) आग्नेय
(ब) अवसादी
(स) कायांतरित
(द) अधिवलित या प्लुटोनिक
उत्तर - (द) अधिवलित या प्लुटोनिक

प्रश्न 12. सुनामी का मुख्य कारण निम्नलिखित में से कौन है?
(अ) ज्वालामुखी
(ब) भूकम्प
(स) चक्रवात
(द) प्रतिचक्रवात
उत्तर - (ब) भूकम्प

प्रश्न 13. निम्नलिखित में से कौनसी स्थलाकृति ज्वालामुखी क्रिया से संबंधित नहीं है?
(अ) क्रेटर (ब) काल्डेरा
(स) ग्रेसर (द) फियोर्ड
उत्तर - (द) फियोर्ड

प्रश्न 14. स्ट्रोम्बोली ज्वालामुखी कहां स्थित है?
(अ) मार्टिनिक द्वीप में
(ब) लक्षद्वीप में
(स) लिपारी द्वीप में
(द) हवाई द्वीप में
उत्तर - (स) लिपारी द्वीप में

प्रश्न 15. निम्न में से कौनसा एक वलित पर्वत है?
(अ) सहयाद्रि (ब) सतपुड़ा
(स) नीलगिरी (द) हिमालय
उत्तर - (द) हिमालय

प्रश्न 16. वायुदाब प्रायः सर्वाधिक होता है, जब वायु होती है -
(अ) ठण्डी तथा शुष्क
(ब) ठण्डी तथा नम
(स) उष्ण तथा शुष्क
(द) उष्ण तथा नम
उत्तर - (अ) ठण्डी तथा शुष्क

प्रश्न 17. उच्च दाब क्षेत्र में भूमध्य सागर की ओर चलने वाली हवायें होती हैं -
(अ) पछुआ पवन
(ब) व्यापारिक पवन
(स) मानसून पवन
(द) समुद्री पवन
उत्तर - (ब) व्यापारिक पवन

प्रश्न 18. फ्रंटल वर्षा किस कारण से होती है?
(अ) संवहनी धारा
(ब) समुद्री हवा
(स) चक्रवातीय गतिविधि
(द) उपयुक्त सभी
उत्तर - (स) चक्रवातीय गतिविधि

प्रश्न 19. कौनसा मेघ वायुमण्डल में सर्वाधिक ऊंचाई पर निर्मित होता है?
(अ) पक्षाभ मेघ
(ब) स्वरी मेघ
(स) कपासी मध्य मेघ
(द) वर्षा स्तरी मेघ
उत्तर - (अ) पक्षाभ मेघ

प्रश्न 20. निम्नलिखित में से किस झील को "पर्ल ऑफ साइबेरिया" कहा जाता है?
(अ) बैकाल झील
(ब) ग्रेट बीयर झील
(स) करदा झील
(द) लिकंनबर झील
उत्तर - (अ) बैकाल झील

प्रश्न 21. नियाग्रा जलप्रपात किस नदी पर स्थित है?
(अ) कोलोरेडो
(ब) मिसीसिपी
(स) सेण्ट लॉरिस
(द) जेम्बेजी
उत्तर - (स) सेण्ट लॉरिस

प्रश्न 22. विश्व की सबसे बड़ी जहाजरानी नहर है -
(अ) पनामा नहर
(ब) स्वेज नहर
(स) कील नहर
(द) सू नहर
उत्तर - (ब) स्वेज नहर

प्रश्न 23. विश्व के मैदानों का सर्वाधिक विस्तार किस महाद्वीप में है?
(अ) एशिया (ब) यूरोप
(स) उ. अमेरिका (द) अफ्रीका
उत्तर - (ब) यूरोप

प्रश्न 24. बरेन आइलैण्ड कहां है?
(अ) इण्डोनेशिया
(ब) फिलीपीन्स
(स) वेस्ट इण्डीज
(द) अंडमान निकोबार
उत्तर - (द) अंडमान निकोबार

प्रश्न 25. सेचुरा मरुभूमि किस देश में स्थित है?
(अ) पेरु (ब) चिली
(स) अर्जेण्टीना (द) ब्राजील
उत्तर - (अ) पेरु

प्रश्न 26. भारत का पूर्वी समुद्री तट किस नाम से जाना जाता है?
(अ) उत्तरी सरकार
(ब) मालाबार तट
(स) कोंकण तट
(द) कोरोमंडल तट
उत्तर - (द) कोरोमंडल तट

प्रश्न 27. गिरनार पहाड़ियां कहां स्थित हैं?
(अ) बिहार (ब) गुजरात
(स) कर्नाटक (द) राजस्थान
उत्तर - (ब) गुजरात

प्रश्न 28. जवाहर सुरंग नाम किस प्राकृतिक दर्रे को दिया गया है?
(अ) पीर पंजाल दर्रा
(ब) बुर्जिल दर्रा
(स) बनिहाल दर्रा
(द) जोजिला दर्रा
उत्तर - (स) बनिहाल दर्रा

प्रश्न 29. कांलिदी किस नदी का दूसरा नाम है?
(अ) गंगा (ब) सिंध
(स) यमुना (द) नर्मदा
उत्तर - (स) यमुना

प्रश्न 30. हीराकुंड परियोजना किस राज्य में है?
(अ) झारखण्ड (ब) छत्तीसगढ़
(स) ओडिशा (द) मध्यप्रदेश
उत्तर - (स) ओडिशा

प्रश्न 31. शुष्क वन अनुसंधान संस्थान कहां स्थित है?
(अ) देहरादून
(ब) जयपुर
(स) अहमदाबाद
(द) जोधपुर
उत्तर - (द) जोधपुर

प्रश्न 32. भारत का 'ओशनिक नेशनल पार्क स्थित है?
(अ) सुंदर वन
(ब) चिल्का झील
(स) निकोबार आइलैंड
(द) कच्छ
उत्तर - (द) कच्छ

प्रश्न 33. रेगुर मिट्टी का अन्य नाम है?
(अ) जलोढ़ मिट्टी
(ब) काली मिट्टी
(स) लाल पीली मिट्टी
(द) मिश्रित मिट्टी
उत्तर - (ब) काली मिट्टी

प्रश्न 34. किस फसल के लिये पानी की अधिकता आवश्यक है, लेकिन जमाव नहीं?
(अ) धान (ब) जूट
(स) चाय (द) मूंगफली
उत्तर - (स) चाय

प्रश्न 35. दक्षिण भारत का मैनचेस्टर है -
(अ) कोयम्बटूर (ब) मदुरई
(स) बेंगलुरु (द) चेन्नई
उत्तर - (अ) कोयम्बटूर

प्रश्न 36. दीनदयाल बंदरगाह कहां अवस्थित है?
(अ) केरल (ब) गुजरात
(स) महाराष्ट्र (द) गोवा
उत्तर - (ब) गुजरात

प्रश्न 37. भारत में सबसे कम लिंगानुपात वाला राज्य है?
(अ) मिजोरम (ब) हरियाणा
(स) राजस्थान (द) मध्यप्रदेश
उत्तर - (ब) हरियाणा

प्रश्न 38. 2011 की जनगणना के अनुसार - सर्वाधिक कुल शहरी जनसंख्या वाला राज्य कौनसा है।
(अ) उत्तरप्रदेश (ब) महाराष्ट्र
(स) तमिलनाडु (द) केरल
उत्तर - (ब) महाराष्ट्र

प्रश्न 39. भारत में 2001-2011 में साक्षरता वृद्धि दर है -
(अ) 9.2% (ब) 12.6%
(स) 14.3% (द) 15.5%
उत्तर - (अ) 9.2%

प्रश्न 40. भारत में जनगणना 2011 के आंकड़ों के अनुसार मिलियन प्लस आबादी वाले कितने शहर हैं?
(अ) 29 (ब) 35
(स) 39 (द) 53
उत्तर - (द) 53

प्रश्न 41. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा कहां है?
(अ) मुंबई (ब) कोलकाता
(स) दिल्ली (द) पटियाला
उत्तर - (ब) कोलकाता

प्रश्न 42. म.प्र. का पीथमपुर किस लिये प्रसिद्ध है?
(अ) कागज
(ब) ऑटोमोबाइल
(स) एल्यूमीनियम
(द) जूट
उत्तर - (ब) ऑटोमोबाइल

प्रश्न 43. निम्न में से किसे भूरा कोयला कहते हैं?
(अ) एन्थ्रासाइट
(ब) बिटुमिनस
(स) कोक
(द) लिग्नाइट
उत्तर - (द) लिग्नाइट

प्रश्न 44. पश्चिम बंगाल में रानीगंज का संबंध है -
(अ) कोयला क्षेत्र से
(ब) लौह अयस्क से
(स) मैग्नीज से
(द) कॉपर से
उत्तर - (अ) कोयला क्षेत्र से

प्रश्न 45. म.प्र. का पन्ना किस लिये प्रसिद्ध है?
(अ) कोयला (ब) हीरा
(स) सोना (द) तांबा
उत्तर - (ब) हीरा

प्रश्न 46. मुंबई हाई किससे संबंधित है?
(अ) इस्पात (ब) पेट्रोल
(स) चीनी (द) जूट
उत्तर - (ब) पेट्रोल

प्रश्न 47. "काकरा पार" परमाणु केन्द्र किस राज्य में स्थित है?
(अ) कर्नाटक (ब) गुजरात
(स) तमिलनाडु (द) महाराष्ट्र
उत्तर - (ब) गुजरात

प्रश्न 48. भारत में विद्युत आपूर्ति सबसे पहले कहां शुरू हुई?
(अ) कोलकाता
(ब) दार्जिलिंग
(स) मुंबई (द) चेन्नई
उत्तर - (ब) दार्जिलिंग

प्रश्न 49. पीली क्रांति किसके उत्पादन से संबद्ध है?
(अ) कुक्कुट (ब) स्वर्ण
(स) सूरजमुखी (द) तिलहन
उत्तर - (द) तिलहन

प्रश्न 50. मक्के की खेती की जाती है -
(अ) खरीफ मौसम में
(ब) रबी मौसम में
(स) जायद मौसम में
(द) वर्षभर
उत्तर - (अ) खरीफ मौसम में

- श्रद्धा सुमन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462011
No./3719/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 09.03.2023

NOTICE INVITING TENDER No. 1078
(PMGSY-III-Bridge) (Arch Bridge)
(PMGSY-III, Batch-III, Year 2021-22)

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below :

● **Name of Work : Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.**

S. No.	Name of District	No. of Packages	No. of Bridge	Total PAC (In Rs.)
1.	Chhindwara	2	4	33410980.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission :** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **10.03.2023 (17:30 hrs.)** and last date for online Bid submission is **24.03.2023 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/108901/R-48272/2023 **(TENDER)**

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

सामान्य ज्ञान

प्र. 1 निम्न में से किन के साथ इजराइल की सीमाएं साझा हैं?
अ. लेबनान, सीरिया, जॉर्डन, मिस्र
ब. लेबनान, सीरिया, तुर्की एवं जॉर्डन
स. साइप्रस, तुर्की, जॉर्डन, मिस्र
द. तुर्की, सीरिया, इराक एवं यमन
उत्तर- अ. लेबनान, सीरिया, जॉर्डन, मिस्र
व्याख्या- इजराइल एशिया का भूमध्य सागर तटीय देश है।

प्र. 2 एशिया की सबसे लंबी नदी है?
अ. सिंधु ब. ब्रह्मपुत्र
स. यांग्टीसी द. ह्वांग हो
उत्तर- स. यांग्टीसी
व्याख्या- एशिया की सबसे लम्बी नदी यांग्टीसी नदी है जो चीन से प्रवाहित होते हुए प्रशांत महासागर में गिरती है। इस नदी की कुल लंबाई 6300 कि.मी. है।

प्र. 3 हिन्द महासागर में सागर धाराओं की नियमित दिशा परिवर्तन के लिए निम्न कारकों में से कौन सा एक उत्तरदायी है?
अ. यह एक अर्द्धमहासागर है।
ब. हिंद महासागर में मानसूनी प्रवाह पाया जाता है।
स. हिंद महासागर एक स्थल परिवृद्ध महासागर है।
द. हिंद महासागर में लवणता में अपेक्षाकृत अधिक विभिन्नता पाई जाती है।
उत्तर- ब. हिंद महासागर में मानसूनी प्रवाह पाया जाता है।
व्याख्या- हिंद महासागर की धाराओं पर स्थल मंडल तथा मानसूनी हवाओं का पर्याप्त प्रभाव है।

प्र. 4 कौन सुमेलित नहीं है?

(मरुस्थल)	(देश)
अ. सोनोरन	USA
ब. टकला मकान	चीन
स. काराकुम	तुर्कमेनिस्तान
द. गिब्सन	ब्राजील

उत्तर- द. गिब्सन ब्राजील
व्याख्या- गिब्सन मरुस्थल पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में स्थित है।

प्र. 5 वर्तमान हरदा जिले में स्थित मकराड़ को सेंट्रल प्रोविंस एण्ड बरार में कब सम्मिलित किया गया था?
अ. 1 फरवरी, 1948
ब. 1 जनवरी, 1948
स. 1 मार्च, 1948
द. 1 अप्रैल, 1948
उत्तर- अ. 1 फरवरी, 1948

प्र. 6 वर्ष 2017 में वित्तीय वर्ष 1 जनवरी से 31 दिसंबर लागू करने की अनुशंसा किस समिति द्वारा की गयी है?
अ. शंकर आचार्य समिति
ब. जे.एस. वर्मा समिति
स. तेंदुलकर समिति
द. रंगराजन समिति
उत्तर- अ. शंकर आचार्य समिति

प्र. 7 एक जनजाति जो सरहुल त्यौहार मनाती है, वह है?
अ. संथाल ब. मुण्डा
स. भील द. थारू
उत्तर- ब. मुण्डा
व्याख्या- मुण्डा जनजाति मुख्यतः झारखंड राज्य में निवास करती है। यह अनेक त्यौहार जैसे- भागे, फागु, कर्मा, सरहुल, सोहरई मनाती है।

प्र. 8 किस जनजाति की पंचायत को 'गोहिया' कहते हैं?
अ. सहरिया ब. कोल
स. पनिका द. बैगा
उत्तर- ब. कोल
व्याख्या- प्राचीनतम् जनजाति कोल है जिसकी पंचायत को गोहिया कहा जाता है, जबकि कोलों का मुखिया चौधरी कहलाता है।

प्र. 9 मध्यप्रदेश में नगर पंचायतों की संख्या कितनी है?
अ. 294 ब. 313
स. 258 द. 412
उत्तर- अ. 294

प्र. 10 मेगा वॉट बिजली के नापने की इकाई है जो-
अ. उत्पादित की जाती है
ब. उपभोग की जाती है
स. अचत की जाती है
द. ट्रांसमीशन में ह्रास हो जाती है
उत्तर- अ. उत्पादित की जाती है
व्याख्या- मेगा वॉट बिजली के नापने की इकाई है, जो विद्युत उत्पादन केन्द्र में उत्पन्न की जाती है।

प्र. 11 तेल का एक 'बैरल' निम्न में से लगभग कितना होता है?
अ. 131 लीटर ब. 179 लीटर
स. 159 लीटर द. 201 लीटर
उत्तर- स. 159 लीटर

प्र. 12 हमारे शरीर की लघुतम हड्डी पायी जाती हैं?
अ. कान ब. नाक
स. आंख द. पांव के अंगूठे में
उत्तर- अ. कान
व्याख्या- कान की हड्डी Stepes है।

प्र. 13 मानव कलाई में नाड़ी स्पंदन करती है?
अ. हृदय से तेज
ब. हृदय से मंद
स. हृदय के बराबर
द. हृदय से स्वतंत्र होकर
उत्तर- स. हृदय के बराबर

प्र. 14 ऊंचाई मापन करने का उपकरण निम्न में से कौनसा है?
अ. थर्मोस्टेट ब. पाइरोमीटर
स. अल्टीमीटर द. हाइग्रोमीटर
उत्तर- स. अल्टीमीटर

प्र. 15 सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-

I (चित्रकला)	II (क्षेत्र)
A मांडना	1. बघेलखंड
B कोहबर	2. बुंदेलखंड
C मोरते	3. निमाड़
D सवनाही	4. मालवा

उत्तर	A	B	C	D
A	1	2	3	4
B	2	3	4	1
C	3	1	2	4
D	2	3	1	4

उत्तर- C. 3 1 2 4

प्र. 16 वर्ष 1982 में हरिशंकर परसाई को किस कृति के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
अ. भोलाराम का जीव
ब. रानी नागफनी की कहानी
स. ज्वाला और जल
द. विकलांग श्रद्धा का दौर
उत्तर- द. विकलांग श्रद्धा का दौर

प्र. 17 भगौरिया पर्व भील जनजाति द्वारा कब मनाया जाता है?
अ. रबी फसल बोने पर
ब. रबी फसल पकने पर
स. खरीफ फसल बोने पर
द. खरीफ फसल पकने पर
उत्तर- ब. रबी फसल पकने पर

प्र. 18 सही सुमेलित नहीं है-
अ. पंचमुखी महादेव मंदिर - निवाड़ी
ब. सामेश्वर मंदिर - रीवा
स. लक्ष्मीनारायण मंदिर - मंदसौर
द. चौंसठ योगिनी मंदिर - जबलपुर
उत्तर- ब. सामेश्वर मंदिर - रीवा

प्र. 19 सिलहरा की गुफाएं कहां स्थित हैं?
अ. अनूपपुर ब. भीमबैठका
स. विदिशा द. सीधी
उत्तर- अ. अनूपपुर

प्र. 20 निम्नलिखित में से किस मुकदमे के कारण संसद को 24वां संविधान संशोधन अधिनियम पारित करना पड़ा?
अ. गोलकनाथ मुकदमा
ब. शंकरी प्रसाद मुकदमा
स. केशवानंद भारती
द. मिनर्वा मिल्स मुकदमा
उत्तर- अ. गोलकनाथ मुकदमा

प्र. 21 अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ का मुख्यालय कहां स्थित है?
अ. बर्न (स्विट्जरलैंड)
ब. ग्लैण्ड (स्विट्जरलैंड)
स. नैरोबी (केन्या)
द. स्टाकहोम
उत्तर- ब. ग्लैण्ड (स्विट्जरलैंड)

प्र. 22 मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष (वर्तमान) कौन है?
अ. श्री गौरीशंकर बिसेन
ब. श्री प्रदीप पटेल
स. श्री राधेलाल बघेल
द. प्रदीप जायसवाल
उत्तर- अ. श्री गौरीशंकर बिसेन
व्याख्या- वर्तमान में श्री राधेलाल बघेल के बाद श्री गौरीशंकर बिसेन ने अध्यक्ष पदभार संभाला है।

प्र. 23 मध्यप्रदेश राज्य सतर्कता आयोग का गठन किस वर्ष हुआ?
अ. 1 फरवरी, 1964
ब. 1 मार्च, 1964
स. 1 अप्रैल, 1964
द. 1 जनवरी 1964
उत्तर- ब. 1 मार्च, 1964
व्याख्या- 1 मार्च, 1964 जबकि केन्द्रीय सतर्कता आयोग का गठन, 11 फरवरी 1964 में हुआ।

प्र. 24 टोक्यो ओलिंपिक- 2020 के समापन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक कौन थे?
अ. पी.वी. सिंधु
ब. बजरंग पूनिया
स. नीरज चोपड़ा
द. एम.सी. मैरीकॉम एवं मनप्रीत सिंह
उत्तर- ब. बजरंग पूनिया
व्याख्या- बजरंग पूनिया, जबकि उद्घाटन समारोह में ध्वजवाहक एम.सी. मैरीकॉम एवं मनप्रीत सिंह थे।

प्र. 25 मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग एकेडमी का मुख्यालय कहां है?
अ. भोपाल ब. इंदौर
स. जबलपुर द. ग्वालियर
उत्तर- अ. भोपाल

प्र. 26 मौर्यकाल में प्रयुक्त 'धरण' क्या था?
अ. एक प्रकार का सिक्का
ब. एक प्रकार का आभूषण
स. एक प्रकार का वस्त्र
द. एक प्रकार का कर
उत्तर- अ. एक प्रकार का सिक्का

प्र. 27 सिंधिया वंश के किस शासक ने अपनी राजधानी उज्जैन से ग्वालियर स्थानांतरित की थी?
अ. दौलत राव सिंधिया
ब. महादजी सिंधिया
स. जीवाजी राव सिंधिया
द. केदारजी राव सिंधिया
उत्तर- अ. दौलत राव सिंधिया

प्र. 28 मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड का गठन कब हुआ था?
अ. 22 जनवरी, 1987
ब. 12 जुलाई, 2005
स. 22 फरवरी, 2005
द. 22 जुलाई, 2017
उत्तर- ब. 12 जुलाई, 2005

प्र. 29 मध्यप्रदेश को जलवायु आधार पर कितने भागों में विभाजित किया गया है?
अ. 3 ब. 4
स. 5 द. 6
उत्तर- ब. 4

प्र. 30 वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, मध्यप्रदेश की ग्रामीण साक्षरता दर है?
अ. 64.4% ब. 63.7%
स. 63.9% द. 65.3%
उत्तर- स. 63.9%

प्र. 31 कौनसा मूल अधिकार विदेशी नागरिकों को प्राप्त नहीं है?
अ. विधि के समक्ष समानता
ब. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
स. प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रा
द. शोषण के विरुद्ध अधिकार
उत्तर- ब. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

प्र. 32 भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण TRAI की स्थापना कब की गई?
अ. 20 फरवरी, 1997
ब. 4 मई, 1996
स. 6 अगस्त, 1994
द. 5 अक्टूबर, 19983
उत्तर- अ. 20 फरवरी, 1997

प्र. 33 भारत की A.I. (Artificial Intelligence) रणनीति को किस नाम से जाना जाता है?
अ. A.I. for All
ब. A.I. for India
स. A.I. for Citizen
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- अ. A.I. for All

प्र. 34 भारत में प्रथम कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना किस वर्ष हुई थी -
अ. 1955 ब. 1960
स. 1964 द. 1970
उत्तर- ब. 1960
व्याख्या- इसका उद्घाटन पंतनगर (उत्तराखंड) से किया गया, बाद में इसका नाम गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कर दिया गया था।

प्र. 35 राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के वेतन भत्ते, सेवा शर्तें कौन निर्धारित करता है?
अ. राज्यपाल
ब. केन्द्र सरकार
स. राज्य विधानमण्डल
द. राज्य सरकार
उत्तर- द. राज्य सरकार

प्र. 36 निम्नलिखित में से सबसे सरल और सबसे पुरानी कम्प्यूटर डिवाइस है?
अ. स्लाइड रूल
ब. अबेकस
स. कैलकुलेटर
द. कैलकुलेटिंग मशीन
उत्तर- ब. अबेकस

प्र. 37 कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रदर्शन को मापने की तकनीकी में सहयोगी हैं?
अ. लोगोरियम
ब. ट्यूरिंग टेस्ट
स. एल्गोरिथ्म
द. बूलियन बीज गणित
उत्तर- ब. ट्यूरिंग टेस्ट

प्र. 38 भारत में बीमा क्षेत्र किसके द्वारा नियमित किया जाता है?
अ. M.R.B.I. ब. C.I.I.
स. I.R.D.A.I. द. S.E.B.I.
उत्तर- स. I.R.D.A.I.

प्र. 39 मध्यप्रदेश में हल्बा जनजाति पाई जाती है?
अ. बालाघाट ब. निमाड़
स. जबलपुर द. बघेलखंड
उत्तर- अ. बालाघाट

प्र. 40 डिजिटल इंडिया के कितने स्तम्भ हैं?
अ. 3 ब. 5
स. 9 द. 10
उत्तर- स. 9

प्र. 41 नरसिम्हन समिति का संबंध है?
अ. बैंक सुधार से
ब. भारी उद्योग विकास
स. बीमा सुधार से
द. A और B सही है।
उत्तर- अ. बैंक सुधार से

- सुजय जैन
(लेखिक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION
(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (MP)-462011
Telephone No. : 0755-4853297
E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in, ajay.nagaria@mp.gov.in
NIT No. : GM/MPBDC/23/NIT-23/1579 Bhopal, Dated : 10.03.2023

NOTICE INVITING TENDER

Madhya Pradesh Building Development Corporation invites online tender for the following works :-
1. Preparation of Design and DPR for Construction of Various Building Works at Following Divisions of MPBDC : 1. Bhopal-1 (Pkg. No. 01), 2. Chhatarpur (Pkg. No. 03), 3. Gwalior (Pkg. No. 04), 4. Jabalpur (Pkg. No. 06) 5. Sagar (Pkg. No. 008) having Probable Amount of Consultancy fee (Excluding GST) : Rs. 90.00 Lakhs and Duration of assignment 24 Months for each division.
Detailed NIT and tender documents can be viewed and purchased online only from 14.03.2023 (18:00 hrs.) to 31.03.2023 (15:30 hrs.) from website **www.mptenders.gov.in**.
M.P. Madhyam/108903/R-48273/2023 **MANAGING DIRECTOR**

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

हिन्दी

1. ब्रज भाषा की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से हुई है?
अ. खस ब. शौर सेनी
स. मागधी द. अर्द्ध मागधी
उत्तर- ब. शौर सेनी

2. इनमें से कौन सा व्यंजन अल्पप्राण, सघोष है?
अ. च ब. छ
स. ज द. झ
उत्तर- स. ज

3. तीसरे तार सप्तक का कवि कौन है?
अ. धर्मवीर भारती
ब. प्रभाकर माचवे
स. नरेश मेहता
द. केदारनाथ सिंह
उत्तर- द. केदारनाथ सिंह

4. निम्नलिखित रचनाओं को रचनाकाल के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए?
अ. साकेत, लोकायतन, प्रिय प्रवास, कामायनी
ब. प्रिय प्रवास, साकेत, कामायनी, लोकायतन
स. प्रिय प्रवास, कामायनी, साकेत, लोकायतन
द. लोकायतन, कामायनी, प्रियप्रवास, साकेत
उत्तर- ब. प्रिय प्रवास, साकेत, कामायनी, लोकायतन

5. निम्नलिखित काव्य ग्रंथों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए-

काव्य ग्रंथ		रचयिता
a. वीसलदेव रासो	-	I. रस खान
b. रस मंजरी	-	II. नरपति नाल्ह
c. राम चन्द्रिका	-	III. नंददास
d. प्रेम वाटिका	-	IV. रहीम
		V. केशवदास

कूट	a	b	c	d
A	II	IV	V	III
B	I	III	IV	II
C	II	III	V	I
D	IV	V	III	II

उत्तर- C II III V I

6. निम्नलिखित पत्रिकाओं के प्रकाशन का सही अनुक्रम क्या है?
अ. हंस, आलोचना, रविवार, सरस्वती
ब. आलोचना, सरस्वती, रविवार, हंस
स. रविवार, हंस, सरस्वती, आलोचना
द. सरस्वती, हंस, आलोचना, रविवार
उत्तर- द. सरस्वती, हंस, आलोचना, रविवार

7. कौन सा व्यक्ति इस समय 'नया ज्ञानोदय पत्रिका' का सम्पादक है?
अ. मृणाल पाण्डेय
ब. रवीन्द्र कालिया
स. ज्ञान रंजन
द. अखिलेश
उत्तर- ब. रवीन्द्र कालिया

8. 'धातु सेन' प्रसाद के किस नाटक का पात्र है?
अ. ध्रुव स्वामिनी ब. चन्द्रगुप्त
स. स्कन्द गुप्त द. विशाखद
उत्तर- स. स्कन्द गुप्त

9. अज्ञेय का उपन्यास इनमें से कौन सा है?
अ. नदी के द्वीप
ब. झूठा सच
स. अलग-अलग वैतरणी
द. नीला चांद
उत्तर- अ. नदी के द्वीप

10. विखण्डन वाद का प्रवर्तक कौन है?
अ. देरिदा ब. लेविस
स. काफ्का द. फूको यामा
उत्तर- अ. देरिदा

11. निम्नलिखित भाषाओं के विकास का सही अनुक्रम है?
अ. प्राकृत - पालि - अपभ्रंश- हिन्दी
ब. पालि - प्राकृत - अपभ्रंश- हिन्दी
स. अपभ्रंश - प्राकृत - हिन्दी - पालि
द. पालि - अपभ्रंश- प्राकृत - हिन्दी
उत्तर- ब.पालि - प्राकृत -अपभ्रंश- हिन्दी

12. 'संसद से सड़क तक' के रचयिता हैं?
अ. मुक्ति बोध ब. श्रीकांत वर्मा
स. लीलाधर जगूड़ी द. धूमिल
उत्तर- द.धूमिल

13. इनमें से मिथकीय काव्य कौन सा है?
अ. आत्मजयी
ब. गीतफरोश
स. चांद का मुंह टेढ़ा
द. वैदेही वनवास
उत्तर- अ. आत्मजयी

14. कौन सी रचना लक्षण ग्रंथ है?
अ. रामचन्द्रिका
ब. कविप्रिया
स. जहांगीर जसचन्द्रिका
द. विज्ञान गीता
उत्तर- ब. कविप्रिया

15. 'पाल गोमरा का स्कूटर' कहानी के रचनाकार का नाम है?
अ. उदय प्रकाश
ब. अखिलेश
स. दिनेश पालीवाल
द. वाल्मीकि त्रिपाठी
उत्तर- अ. उदय प्रकाश

16. इनमें से रेणुजी की कौन सी कहानी का नाम 'मारे गए गुलफाम' भी था?
अ. पंचलाइट
ब. लालपान की बेगम
स. रस प्रिया
द. तीसरी कसम
उत्तर- द. तीसरी कसम

17. स्त्री विमर्श के पुरोधा माने जाते हैं?
अ. नामवर सिंह ब. अज्ञेय
स. मोहन राकेश द. राजेन्द्र यादव
उत्तर- द. राजेन्द्र यादव

18. 'गुड़िया भीतर गुड़िया' किस प्रसिद्ध लेखिका की आत्मकथा है?
अ. मन्नू भंडारी ब. मैत्रेयी पुष्पा
स. कृष्णा अग्निहोत्री द. प्रभा खेतान
उत्तर- ब. मैत्रेयी पुष्पा

19. 'चाक' उपन्यास की लेखिका हैं?
अ. प्रभा खेतान ब. चित्रा मुद्गल
स. कृष्णा सोबती द. मैत्रेयी पुष्पा
उत्तर- द. मैत्रेयी पुष्पा

20. 'हम हशमत' की लेखिका हैं?
अ. कृष्णा अग्निहोत्री
ब. नासिरा शर्मा
स. कृष्णा सोबती
द. ऊषा प्रियवंदा
उत्तर- स. कृष्णा सोबती

21. 'चीड़ों पर चांदनी' किस लेखक की कृति है?
अ. निर्मल वर्मा ब. विष्णु प्रभाकर
स. राज किशोर द. श्रीकांत वर्मा
उत्तर- अ. निर्मल वर्मा

22. निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए?

a. रस सम्प्रदाय		1. मीरा बाई
b. चित्र तुरंग न्याय		2. भरत मुनि
c. माधुमती भूमिका		3. आचार्य शंकुक
d. साधारणी करण		4. श्याम सुन्दर दास
		5. भट्टनायक

कूट	a	b	c	d
A	2	3	4	5
B	1	3	2	5
C	2	1	3	4
D	4	3	2	1

उत्तर- A 2 3 4 5

23. 'वंशी और मादल' किसकी रचना है?
अ. उमाकांत मालवीय
ब. देवेन्द्र शर्मा 'इन्द्र'
स. ठाकुर प्रसाद सिंह
द. शम्भूनाथ सिंह
उत्तर- स. ठाकुर प्रसाद सिंह

24. ''हृदय घाव मेरे पीर रघुवीरे'' में कौन सा अलंकार है?
अ. विभावना ब. असंगति
स. प्रतीप द. विरोधाभास
उत्तर- ब. असंगति

25. ब्रह्मराक्षस कविता में किस काव्य तत्व का प्रमुख उपयोग है?
अ. मिथक ब. फैंटेसी
स. विखण्डन द. बिम्ब
उत्तर- ब. फैंटेसी

26. स्वच्छन्दतावाद के जन्मदाता माने जाते हैं?
अ. विक्टर ह्यूगो ब. कीर्के गार्ड
स. क्रोचे द. रूसो
उत्तर- द. रूसो

27. इनमें से कौनसा कवि अष्टछाप का नहीं है?
अ. सूरदास ब. कुम्मन दास
स. नन्द दास द. रैदास
उत्तर- द. रैदास

28. राधावल्लभ सम्प्रदाय के प्रवर्तक हैं?
अ. स्वामी हित हरिवंश
ब. चैतन्य महाप्रभु
स. स्वामी हरिदास
द. निम्बार्काचार्य
उत्तर- अ. स्वामी हित हरिवंश

29. कवित रत्नाकर के रचयिता हैं?
अ. जगन्नाथ दास रत्नाकर
ब. सेनापति
स. पदमाकर
द. देव
उत्तर- ब. सेनापति

30. निम्न को कालक्रमानुसार आरोहीक्रम में व्यवस्थित कीजिए-
अ. वंशी और मादल, तारसप्तक, कामायनी पल्लव
ब. तार सप्तक, पल्लव कामायनी, वंशी और बादल
स. पल्लव, तार सप्तक, कामायनी, वंशी और बादल
द. पल्लव, कामायनी, तार सप्तक, वंशी और मादल
उत्तर- द. पल्लव, कामायनी, तार सप्तक, वंशी और मादल

31. हिन्दी की किस काव्यधारा में अस्तित्व वाद का प्रभाव है?
अ. छायावाद
ब. प्रयोगवाद और नई कविता
स. प्रगतिवाद
द. नवगीत
उत्तर- ब. प्रयोगवाद और नई कविता

32. निम्नलिखित काव्य पक्तियों को रचयिता के साथ सुमेलित कीजिए?

काव्य पक्तियां		रचयिता
a. महिमा घटी समुद्र रावन		1. भारतेन्दु
वस्यो परोस		
b. या लकुटी अरू कामारिया		2. घनानंद
पर राज तिहं पुर को		
तजि डारौं		
c. तुम कौन धौ पाटी पढ़े हो		3. रहीम
लला, मनु लेहुगे चेहु		
छटांक नहीं		
d. अखियां मधु की मखियां		4. रस खांन
मई मेरी		
		5. देव

कूट	a	b	c	d
A	5	4	2	3
B	1	3	4	5
C	3	4	2	5
D	2	1	3	4

उत्तर- C 3 4 2 5

33. अभिव्यंजनावाद के जन्मदाता हैं?
अ. टी.एस. इलियट ब. कोचे
स. आई.ए. रिचर्ड्स द. लोन जाइस
उत्तर- ब. कोचे

34. आलम्बनत्व धर्म का साधारणी करण कौन स्वीकार करता है?
अ. डॉ. नागेन्द्र
ब. भट्टनायक
स. रामचन्द्र शुक्ल
द. श्याम सुन्दर दास
उत्तर- स. रामचन्द्र शुक्ल

35. रागदरबारी उपन्यास के लेखक हैं?
अ. मनोहर श्याम जोशी
ब. श्री लाल शुक्ल
स. धर्मवीर भारती
द. निर्मल वर्मा
उत्तर- ब. श्री लाल शुक्ल

36. 'छायावाद का पतन' किस लेखक की कृति है?
अ. रामविलास शर्मा
ब. गजानन माधव मुक्ति बोध
स. शमशेर बहादुर सिंह
द. भारत भूषण अग्रवाल
उत्तर- स. शमशेर बहादुर सिंह

37. निम्न सूचियों को सुमेलित कीजिए-

सम्प्रदाय		प्रवर्तक
a. अलंकार		1. भरतमुनि
b. ध्वनि सम्प्रदाय		2. वामन
c. रस सम्प्रदाय		3. भामह
d. रीति सम्प्रदाय		4. दण्डी
		5. आनन्द वर्धन

कूट	a	b	c	d
A	4	5	3	2
B	2	3	1	4
C	1	4	5	3
D	3	5	1	2

उत्तर- D 3 5 1 2

38. ध्वनि का संबंध किस शब्द शक्ति से है?
अ. अभिधा ब. लक्षणा
स. व्यंजना द. सभी से
उत्तर- स. व्यंजना शब्द शक्ति

39. समुलित कीजिए-

काव्यपंक्ति		अलंकार
a बिनु पग चलै सुनै बिनु काना		1. रूपक
b मानो नील मणि सैल पर आतप परयो प्रभात		2. उपमा
c अम्बर पनघट में डूबो रही तारा घट ऊषा नागरी		3. विभावना
d पीपर पात सरिस मन डोला		4. उत्प्रेक्षा
		5. विशेषोक्ति

कूट	a	b	c	d
A	3	5	2	1
B	3	4	1	2
C	4	3	2	5
D	3	2	5	4

उत्तर- B 3 4 1 2

40. पूर्वी हिन्दी की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से हुई है?
अ. ब्राचड़ ब. शौर सेनी
स. अर्द्धमागधी द. मामंधी
उत्तर- स. अर्द्धमागधी

41. इनमें से कौन सी रचना सूफी कवि नूर मुहम्मद की है?
अ. ज्ञान दीप ब. हंस जवाहिर
स. चित्रावली द. अनुराग बांसुरी
उत्तर- द. अनुराग बांसुरी

42. मेवाती बोली किस उपभाषा के अन्तर्गत आती है?
अ. पूर्वी हिन्दी ब. बिहारी
स. राजस्थानी द. पश्चिमी हिन्दी
उत्तर- स. राजस्थानी

43. काव्य प्रकाश के रचयिता इनमें से कौन हैं?
अ. आचार्य मम्मट
ब. आचार्य विश्वनाथ
स. आचार्य कुन्तक
द. आनंद वर्धन
उत्तर- अ. आचार्य मम्मट

44. 'गोवर गणेश' नामक उपन्यास के लेखक कौन हैं?
अ. महिप सिंह
ब. कमलेश्वर
स. रमेश चन्द्र शाह
द. काशीनाथ सिंह
उत्तर- स. रमेश चन्द्र शाह

45. 'असाध्य वीणा' इनमें से किस कवि की कृति है?
अ. मुक्ति बोध ब. अज्ञेय
स. दिनकर द. निराला
उत्तर- ब. अज्ञेय

46. कौनसी रचना शरत चन्द्र की जीवनी है?
अ. कलम का सिपाही
ब. आवारा मसीहा
स. मनीषी की लोकयात्रा
द. निराला की साहित्य साधना
उत्तर- ब. आवारा मसीहा

47. 'मित्रों मरजानी' किसकी रचना है?
अ. कृष्णा अग्निहोत्री
ब. कृष्णा सोबती
स. ऊषा प्रिय वंदा
द. मन्नू भंडारी
उत्तर- ब. कृष्णा सोबती

48. निम्न सूचियों को सुमेलित कीजिए तथा दिए गए कूट से सही विकल्प चुनिए-

a. खण्ड	1. रामचरित मानस
b. सर्ग	2. पद्मावत
c. समय	3. पृथ्वीराज रासो
d. काण्ड	4. कामायनी

कूट	a	b	c	d
A	4	2	3	1
B	1	4	3	2
C	3	1	2	4
D	2	4	3	1

उत्तर- D 2 4 3 1

49. कौनसी बोली पूर्वी हिन्दी की नहीं है?
अ. अवधी ब. मगही
स. बघेली द. छत्तीसगढ़ी
उत्तर- ब. मगही

50. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और हिन्दी अलोचना नामक कृति के रचयिता कौन हैं?
अ. डॉ. नागेन्द्र
ब. डॉ. रामविलास शर्मा
स. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
द. डॉ. नामधर सिंह
उत्तर- ब. डॉ. रामविलास शर्मा

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं।)

एलेक्स डि मिनॉर ने जीता मैक्सिकन ओपन का खिताब

एकापुल्को, ऑस्ट्रेलिया के युवा टेनिस खिलाड़ी एलेक्स डि मिनॉर ने मैक्सिकन ओपन का खिताब अपने नाम किया है। मिनॉर ने टूर्नामेंट के फाइनल में अमेरिका के टॉमी पॉल को कड़े मुकाबले में 3-6, 6-4, 6-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल में टॉमी पॉल ने एलेक्स डि मिनॉर को जबरजस्त टक्कर दी। पहला सेट पॉल के नाम रहा, उन्होंने यह सेट 6-3 से जीता। दूसरे सेट में मिनॉर ने शानदार वापसी की और 6-4 से सेट अपने नाम किया। तीसरे और निर्णायक सेट में मिनॉर ने बेहतरीन खेल दिखाया और टॉमी पॉल को टिकने नहीं दिया। एलेक्स डि मिनॉर ने यह सेट एकतरफा अंदाज में 6-1 से जीत कर खिताब पर कब्जा किया। ये मिनॉर के टेनिस कॅरियर का सातवां खिताब है। वे निक किर्गियोस के बाद यह खिताब जीतने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियन खिलाड़ी हैं।

भारतीय शतरंज महासंघ को मिला सबसे सक्रिय शतरंज महासंघ का पुरस्कार

अबू धाबी, अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) को एशियाई शतरंज महासंघ ने सबसे सक्रिय शतरंज महासंघ के पुरस्कार से सम्मानित किया है। एशियाई शतरंज महासंघ के वार्षिक शिखर सम्मेलन में एआईसीएफ के अध्यक्ष डॉ. संजय कपूर ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर डॉ. संजय कपूर ने कहा कि पिछले 12 महीने भारत में शतरंज के लिए असाधारण रहे हैं। विश्व के विभिन्न टूर्नामेंट्स में भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किये हैं। इस शिखर सम्मेलन में भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को प्लेयर ऑफ द ईयर के पुरस्कार से नवाजा गया है। गुकेश ने इस वर्ष चेस ओलिंपियाड में स्वर्ण पदक जीता है। इसके अलावा कोनेरू हंपी, दी हरिका, आर वैशाली, तानिया सचदेव और भक्ति कुलकर्णी की टीम को सर्वश्रेष्ठ टीम के पुरस्कार के लिए चुना गया है।

शेष भारत ने किया ईरानी ट्रॉफी पर कब्जा

ग्वालियर, शेष भारत ने 25वीं बार ईरानी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। ग्वालियर में खेले गए मैच में मयंक अग्रवाल की कप्तानी वाली शेष भारत टीम ने पिछले वर्ष की रणजी चैम्पियन मध्यप्रदेश को 238 रन से हराया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए शेष भारत ने पहली पारी में 484 रन बनाये। शेष भारत के लिए यशस्वी जायसवाल ने 213 तथा अभिमन्यु ईश्वरन ने 154 रनों की पारी खेली। इसके जबाव में मध्यप्रदेश की टीम ने यश दुबे (109) की शानदार पारी की बदौलत पहली पारी में 294 रन बनाये। शेष भारत टीम के यशस्वी ने दूसरी पारी में भी शतकीय पारी खेलते हुए 144 रन बनाये। शेष भारत ने दूसरी पारी में 246 रन बनाकर मध्यप्रदेश को 437 रनों का लक्ष्य दिया। दूसरी पारी में मध्यप्रदेश के बल्लेबाज असफल रहे। कप्तान हिमांशु मंत्री (51) और हर्ष गावली (48) को छोड़कर कोई भी टिककर बल्लेबाजी नहीं कर सका, जिसके कारण मध्यप्रदेश की पारी 198 रन पर सिमट गई।

भारत - ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज

ऑस्ट्रेलिया ने टर्निंग विकेट पर भारत को हराया

इंदौर, टेस्ट सीरीज में स्पिन के अनुकूल पिच पर ऑस्ट्रेलिया को नचाने वाली भारतीय टीम इंदौर में अपने ही जाल में फंस गई। ऑस्ट्रेलिया ने इंदौर में खेले गए सीरीज के तीसरे मैच में भारत को 9 विकेट से हरा दिया है। भारत अभी भी सीरीज में 2-1 से आगे है।

मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। भारतीय टीम ने मैच के लिए टर्निंग विकेट चुना था। इसी वजह से मैच के दूसरे ओवर से ही गेंद स्पिन होने लगी थी। भारतीय टीम पिच को पढ़ने में नाकाम रही हालांकि रोहित शर्मा (12) और शुभमन गिल (21) ने पहले विकेट के लिए 27 रन जोड़कर ठीक-ठाक शुरुआत दिलाई, लेकिन इसके बाद भारतीय बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई स्पिनरों के सामने घुटने टेक दिए। भारतीय टीम ने पहली पारी में महज 109 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैथ्यू कुहनेमेन ने 5 और नाथन लियोन ने 3 विकेट लिए। इसके जबाव में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी खराब रही। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड दूसरे ओवर में 9 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद उस्मान ख्वाजा (60) और मार्नस लाबुशेन (31) ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। इन दोनों के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया की पारी 197 रन पर सिमट गई।

- ऑस्ट्रेलिया ने छह वर्ष बाद भारत में टेस्ट मैच जीता है।
- इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष 2017 में पुणे में 333 रन से जीता था टेस्ट मैच।
- इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है।
- भारत को आईसीसी टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के लिए अहमदाबाद टेस्ट को जीतना होगा।

दूसरी पारी में भी भारतीय बल्लेबाजों का संघर्ष जारी रहा। चेतेश्वर पुजारा (59) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर क्रीज पर टिक नहीं पाया। नाथन लियोन ने इस टर्निंग पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को जमकर परेशान किया। लियोन ने इस पारी में 8 भारतीय बल्लेबाजों को पवेलियन भेज कर भारत को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। भारतीय टीम महज 163 रन ही बना सकी। जीत के लिए मिले 76 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को पहले ओवर में उस्मान ख्वाजा का विकेट गवांना पड़ गया। इसके बाद ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन ने टीम को बिना कोई विकेट गवांए लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इंदौर में खेला गया यह टेस्ट मैच सवा दो दिन में ही समाप्त हो गया। आईसीसी ने इंदौर की पिच को खराब करार देते हुए तीन डिमेरिट अंक दिए हैं। मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने आईसीसी को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा कि इंदौर के होल्कर स्टेडियम का विकेट बहुत सूखा था।

जोकोविच ने बनाया रैंकिंग में नंबर वन रहने का विश्व रिकॉर्ड

बेलग्रेड, सर्बिया के महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने टेनिस में एक नया विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया है। जोकोविच ने सबसे ज्यादा हफ्तों तक टेनिस रैंकिंग में नंबर वन रहने का रिकॉर्ड बनाया है। जोकोविच ने एटीपी टेनिस रैंकिंग में शीर्ष पर रहते हुए 378 सप्ताह पूरे कर लिए हैं। जोकोविच ने इस मामले में अमेरिकी महिला खिलाड़ी स्टेफी ग्राफ का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जोकोविच पहले ही एटीपी पुरुष रैंकिंग में शीर्ष पर रहने का रोजर फेडरर (310 सप्ताह) का रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। जोकोविच ने इस वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीता है। वे पुरुष एकल वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के मामले में राफेल नडाल की बराबरी पर हैं।

फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर फोंटेन का निधन

पेरिस, फ्रांस के महान फुटबॉलर जस्ट फोंटेन का निधन हो गया है। वे 89 वर्ष के थे। फोंटेन के पूर्व क्लब रिम्स ने उनके निधन की घोषणा की। फोंटेन के नाम एक फीफा विश्वकप में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड दर्ज है। फोंटेन ने वर्ष 1958 में स्वीडन में खेले गए विश्वकप में छह मैचों में 13 गोल किए थे। फीफा विश्वकप1958 में ब्राजील ने खिताब जीता था। इस विश्वकप में 17 वर्षीय पेले के शानदार प्रदर्शन के कारण फोंटेन का प्रदर्शन फीका पड़ गया था। फोंटेन ने फ्रांस के लिए कुल 21 मैच खेले हैं और 30 गोल किए हैं।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित हुए जडेजा

दुबई, भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी रवीन्द्र जडेजा को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने फरवरी माह के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामित किया है। जडेजा के अलावा बल्लेबाज हैरी ब्रूक और गेंदबाज गुडाकेश मोती को भी इस पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।

लंबे समय से टीम इंडिया से बाहर रहे विश्व के नंबर वन टेस्ट ऑलराउंडर रवीन्द्र जडेजा ने फरवरी महीने में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से टीम इंडिया में वापसी की थी। जडेजा ने मैदान में वापसी करने के साथ ही अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी से शानदार प्रदर्शन किया है। जडेजा ने इस सीरीज में अब तक तीन मैचों में 21 विकेट लिए हैं।

जडेजा के अलावा इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने भी अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। ब्रूक टेस्ट क्रिकेट में लगातार बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। ब्रूक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में दो मैचों में 329 रन बनाये थे, इनमें दो शतक भी शामिल हैं। वहीं वेस्टइंडीज के स्पिन गुडाकेश मोती ने जिम्बाब्वे दौरे पर खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 19 विकेट चटकाकर वेस्टइंडीज को 1-0 से सीरीज जिताने में मदद की।

आईसीसी ने महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए तीन महिला खिलाड़ियों को नामांकित किया है। इनमें ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर, इंग्लैंड की नेट साइवर ब्रंट और दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वॉल्वार्ट शामिल हैं।

क्रेग फुल्टन

मेदवेदेव ने जीती दुबई टेनिस चैम्पियनशिप

दुबई, रूस के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव ने दुबई टेनिस चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया है। मेदवेदेव ने टूर्नामेंट के फाइनल में अपने हमवतन खिलाड़ी और गत विजेता आंद्रे रूबलेव को आसान मुकाबले में 6-2, 6-2 से हराया।

मेदवेदेव ने दुबई टेनिस चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में विश्व के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। लगातार तीसरी बार टूर्नामेंट का फाइनल खेल रहे रूबलेव से प्रशंसकों को इस बार भी जीत की उम्मीद थी, लेकिन वे मेदवेदेव की चुनौती के सामने ज्यादा देर तक टिक नहीं पाये। मेदवेदेव ने पहला सेट 6-2 से जीत लिया। दूसरे सेट में रूबलेव ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन मेदवेदेव ने जल्द ही उनकी सर्विस ब्रेक कर उन्हें टिकने का मौका नहीं दिया। मेदवेदेव ने दूसरा सेट भी आसानी से 6-2 से जीतकर

खिताब अपने नाम कर लिया।

दुबई टेनिस चैम्पियनशिप में पुरुष युगल वर्ग का खिताब अमेरिका के मैक्सिमे क्रेसी और फ्रांस के फेब्रिस मार्टिन की जोड़ी ने ब्रिटेन के ल्यूक ग्लासपूल और हेरी हेलियोवारा की जोड़ी को हराकर जीता।

- डेनिल मेदवेदेव का यह इस सत्र में तीसरा एटीपी खिताब है।
- मेदवेदेव ने इससे पहले कतर ओपन और रॉटरडैम ओपन में जीत दर्ज की है।

लियोनल मेसी ने क्लब फुटबॉल में पूरे किए 700 गोल

पेरिस, अर्जेंटीना को फीफा फुटबॉल विश्वकप का खिताब जिताने वाले स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया है। मेसी ने क्लब फुटबॉल में 700 गोल पूरे कर लिए हैं। यह कारनामा करने वाले वे विश्व के दूसरे फुटबॉलर बन गए हैं। मेसी से पहले उनके प्रतिद्वंद्वी क्रिस्टियानो रोनाल्डो यह मुकाम हासिल कर चुके हैं। मेसी ने यह उपलब्धि फ्रेंच लीग-1 में पेरिस सेंट जर्मेन के लिए खेलते हुए हासिल की। मेसी ने मार्सिले के खिलाफ मैच में 29वें मिनट में गोल कर क्लब स्टार पर 700 गोल का आंकड़ा छुआ। मेसी ने 700 में से 672 गोल बार्सिलोना के लिए किए हैं, जबकि 28 गोल पेरिस सेंट जर्मेन के लिए किए हैं। मेसी अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के कप्तान हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 172 मैचों में 98 गोल किए हैं।

भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच बने

नई दिल्ली, हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए नये मुख्य कोच के नाम का ऐलान कर दिया है। हॉकी इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टन को भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। वे ग्राहम रीड की जगह लेंगे। रीड ने एफआईएच हॉकी विश्वकप में भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। विश्वकप में भारतीय टीम नौवें नंबर पर रही थी। हॉकी इंडिया ने कहा कि ग्राहम रीड के मार्गदर्शन में भारतीय टीम ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उनकी कोचिंग के दौरान ही भारतीय हॉकी टीम ने 41 वर्ष बाद ओलिंपिक खेलों में पदक जीता था।

क्रेग फुल्टन ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 195 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। इसके अलावा फुल्टन को कोचिंग का बड़ा

अनुभव है। फुल्टन टोक्यो ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली बेल्जियम हॉकी टीम के सहायक कोच रह चुके हैं।

इसके अलावा फुल्टन वर्ष 2018 भारत में एफआईएच विश्वकप जीतने वाली बेल्जियम की टीम के कोचिंग स्टाफ के सदस्य भी रहे हैं।

क्रेग फुल्टन ने कहा कि भारतीय हॉकी टीम का कोच बनना सम्मान की बात है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने क्रेग फुल्टन का स्वागत करते हुए कहा कि उनके पास अपार अनुभव है। उनकी कार्यशैली टीम में आत्मविश्वास बढ़ाती है।

- फुल्टन वर्ष 2014 से 2018 तक आयरलैंड की हॉकी टीम के कोच रह चुके हैं।
- फुल्टन की कोचिंग में आयरलैंड ने रियो ओलिंपिक में क्वालिफाई कर इतिहास रचा था।
- वर्ष 2015 में क्रेग फुल्टन को एफआईएच कोच ऑफ द ईयर चुना गया था।
- फुल्टन अटलांटा ओलिंपिक-1996 और एथेंस ओलिंपिक-2004 में दक्षिण अफ्रीकी टीम के सदस्य रहे हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

प्रधानमंत्री योग पुरस्कार 2023 के लिए नामांकन आमंत्रित

आयुष मंत्रालय ने वर्ष 2023 के प्रधानमंत्री योग पुरस्कारों के लिए आवेदन या नामांकन आमंत्रित किए हैं। राष्ट्रीय

और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर योग को बढ़ावा देने और प्रचार-प्रसार में अनुकरणीय योगदान करने वाले व्यक्तियों को ये पुरस्कार दिए जाते हैं। दो राष्ट्रीय पुरस्कार भारतीय मूल की संस्थाओं को और दो अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार भारतीय या विदेशी मूल की संस्थाओं को दिए जाएंगे। विजेताओं की घोषणा इस वर्ष 21 जून को एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर की जाएगी। आवेदन या नामांकन MYGOV वेबसाइट पर किया जा सकता है। इसके लिए लिंक आयुष मंत्रालय की वेबसाइट और राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर भी उपलब्ध होगा। आवेदन या नामांकन 31 मार्च तक भेजे जा सकते हैं।

गुजरात में रोज़गार मेला

जब विकास के पहिये चलते हैं तो रोज़गार के अवसर प्रत्येक क्षेत्र में पैदा होते हैं : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से गुजरात सरकार के रोज़गार मेले को संबोधित किया। प्रधानमंत्री

- **भारत में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है।**
- **आज देश में 90 हजार से अधिक स्टार्टअप काम कर रहे हैं। ये लाखों युवाओं को स्व-रोजगार के लिए प्रेरित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप रोज़गार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं।**

ने बताया कि पिछले 5 वर्षों में 1.5 लाख से अधिक युवाओं को राज्य सरकार की नौकरियां मिली हैं इसके अलावा रोज़गार कार्यालय के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी पाने वाले युवाओं की संख्या 18 लाख है। उन्होंने कहा कि गुजरात सरकार ने भर्ती कैलेंडर बनाकर निर्धारित समय के भीतर भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया। इस बात की जानकारी देते हुए कि इस वर्ष राज्य सरकार में 25 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी देने की तैयारी चल रही है, प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पूरी भर्ती प्रक्रिया को तकनीक की मदद से पारदर्शी बनाया गया है, जहां विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म, मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल विकसित किए गए हैं।

युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने में वर्तमान सरकार के प्रयासों पर

प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोज़गार सृजन के लिए ठोस रणनीति बनाने पर जोर दिया जिसमें बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं, विनिर्माण को बढ़ावा देने के माध्यम से रोज़गार बढ़ाने और स्वरोजगार के लिए देश में सही वातावरण बनाने पर ध्यान देने पर जोर दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार नौकरियों की बदलती प्रकृति के अनुसार युवाओं के लिए गारंटी के साथ वित्तीय सहायता और कौशल विकास प्रदान करने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा, "जब विकास के पहिये चलते हैं, तो हर क्षेत्र में रोज़गार के अवसर सृजित होते हैं।' उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में बुनियादी ढांचे, सूचना प्रौद्योगिकी के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं पर लाखों करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में केवल गुजरात में ही 1.25 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं और इस साल के बजट में बुनियादी ढांचे के लिए 10 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, "दुनिया भर के विशेषज्ञों का मानना है कि भारत आने वाले वर्षों में सबसे बड़ा विनिर्माण केन्द्र बन जाएगा", उन्होंने जोर देकर कहा कि युवा ही भारत में इस क्रांति का नेतृत्व करेंगे। गुजरात के दाहोद में 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश के साथ रेलवे इंजन फैक्टरी का निर्माण किया जा रहा है और निकट भविष्य में वह सेमीकंडक्टर्स का भी बड़ा केन्द्र बनने जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, युवाओं के कौशल विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पीएम कौशल विकास योजना के तहत 30 कौशल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर विकसित किए जाएंगे जहां युवाओं को न्यू एज टेक्नोलॉजी के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के विषय को भी छुआ, जहां छोटे कारीगरों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे छोटे व्यवसायों से जुड़े लोगों को विश्व बाजार तक पहुंचने के लिए एक प्रवेश द्वार प्रदान किया जाएगा। रोजगार की बदलती प्रकृति के लिए युवाओं को लगातार तैयार करने में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की भूमिका को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री ने बताया कि गुजरात में आईटीआई और उनकी सीटों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। श्री मोदी ने आगे कहा, गुजरात में लगभग 600 आईटीआई की लगभग 2 लाख सीटों पर विभिन्न कौशल के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इंडोनेशिया

तेल डिपो में आग लगने से 19 लोगों की मौत

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में एक ईंधन भंडारण डिपो में लगी भीषण आग में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है और तीन लोग अब भी लापता हैं। अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के लिए कम से कम 260 दमकलकर्मियों और 52 दमकल गाड़ियों को तैनात किया गया था। राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख जनरल लिस्त्यो सिगित प्रबोवो ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, डिपो को पश्चिम जावा प्रांत में पर्टामिना की बालोंगन रिफाइनरी से ईंधन मिला था और इस समय अत्यधिक दबाव संबंधी तकनीकी समस्या के कारण आग लगी। डिपो के पास रहने वाले लोगों ने बताया कि उन्हें गैसोलीन की तेज गंध आ रही थी, जिससे कुछ लोगों को उल्टियां भी हुईं और रात करीब आठ बजे भीषण विस्फोट हुआ। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारण जान गंवाने लोगों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। बचावकर्ता उन तीन लोगों की अब भी तलाश कर रहे हैं, जो लापता बताये जा रहे हैं और पांच अस्पतालों में करीब 35 लोगों का इलाज किया जा रहा है। इनमें से कुछ लोगों की हालत गंभीर है। राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख लिस्टियो सिगित प्रबोवो ने कहा कि 1,300 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।

भारत-इज़रायल

अहम रक्षा परियोजनाओं को देंगे बढ़ावा

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने अपने इज़रायली समकक्ष श्री योव गैलेंट के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों

- **इज़रायल और भारत ने हाल में राजनयिक संबंधों के 30 साल पूरे होने का जश्न मनाया है।**

मंत्रियों के बीच यह पहली बातचीत थी। उन्होंने इज़रायल के रक्षा मंत्री के रूप में नियुक्त होने पर श्री गैलेंट को बधाई दी। श्री राजनाथ सिंह ने 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशीकरण और घरेलू विनिर्माण के लिए सरकार की प्राथमिकता को रेखांकित किया। उन्होंने भारत में एक जीवंत और विश्व स्तरीय रक्षा



विनिर्माण इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने को लेकर इज़रायली उद्योगों के सहयोग पर आभार व्यक्त किया। इसके अलावा रक्षा मंत्री ने विशेष रूप से उन्नत प्रौद्योगिकियों में सहभागिता के लिए क्षेत्रों की पहचान करने के उद्देश्य से भारतीय कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यमों में अपने निवेश को बढ़ाने को लेकर इज़रायल के उद्योगों को आमंत्रित किया। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए एयरो इंडिया- 2023 के दौरान भारतीय और इज़रायली कंपनियों के बीच कुछ महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने को लेकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं, इज़रायल के रक्षा मंत्री ने इस क्षेत्र में भारत द्वारा निभाई गई सकारात्मक भूमिका को रेखांकित किया और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने में अपनी सरकार की गहरी रुचि से अवगत कराया। दोनों मंत्रियों ने पिछले साल अपनाए गए 'विज़न स्टेटमेंट' के ढांचे के तहत द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

सीरिया-तुर्कीये में

विनाशकारी भूकम्प से साढ़े आठ लाख बच्चे विस्थापन का शिकार

तुर्कीये और सीरिया में दो विनाशकारी भूकम्पों के एक महीने बाद, साढ़े आठ लाख से अधिक बच्चे विस्थापित हुए हैं। भूकम्प की

- **तुर्कीये और सीरिया में भूकम्प के कारण मृतक संख्या 50 हज़ार के आंकड़े को पार कर गई है, हज़ारों अन्य घायल हैं। इसके अलावा इमारतों एवं बुनियादी ढांचे को भारी हानि हुई है।**

चपेट में आने से पहले, सीरिया में 68 लाख लोग देश की सीमाओं के भीतर विस्थापित हुए हैं, जोकि विश्व में सबसे अधिक है और इनमें तीन लाख बच्चे हैं। तुर्कीये में 19 लाख से अधिक लोग अस्थाई आश्रय स्थलों पर रह रहे हैं और 25 लाख से अधिक बच्चों को मानवीय सहायता की आवश्यकता है। यूएन एजेंसियों ने बताया कि इस आपदा में घर क्षतिग्रस्त या ध्वस्त हो जाने की वजह से वे घर लौट पाने में असमर्थ हैं। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNICEF) में योरोप और मध्य एशिया के लिए क्षेत्रीय निदेशक अफशां खान ने बताया कि भूकम्प के कारण अपने घर को छोड़ कर जाने के लिए मजबूर हुए परिवारों ने पिछले चार सप्ताह में केवल स्वयं को बचाने पर ध्यान केन्द्रित किया है। उनका जीवन रुका हुआ है और भूकम्प के झटकों को अभी भी महसूस किया जा रहा है। यूनीसेफ अधिकारी ने बताया कि सभी जरूरतमन्द परिवारों को अपनी जिन्दगी फिर से शुरू करने के लिए मदद दी जानी होगी, बच्चों को मनोसामाजिक समर्थन प्रदान किया जाना होगा और उनकी जल्द से जल्द स्कूलों में वापसी सुनिश्चित की जानी होगी। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNFPA) ने जानकारी दी है कि भूकम्प-प्रभावित इलाकों में साढ़े तीन लाख से अधिक गर्भवती महिलाओं की स्थिति चिन्ताजनक है। सैकड़ों अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्र क्षतिग्रस्त या बर्बाद हो गए हैं और हजारों महिलाओं एवं लड़कियों को भीड़भाड़ भरे, अस्थाई शिविरों में कंपकंपा देने वाली सर्दी में रहना पड़ रहा है।

अमेरिका ने

ईरान पर तेल और पेट्रो रसायन की बिक्री से संबंधित नए प्रतिबंध लगाए

अमेरिका ने ईरान पर तेल और पेट्रो रसायन की बिक्री से संबंधित नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। इन प्रतिबंधों से वियतनाम स्थित

- **ईरान में सरकार विरोधी तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और अमेरिका के ये आरोप कि ईरान ने रूस को ड्रोन की आपूर्ति की थी जिन्हें रूस ने यूक्रेन के खिलाफ इस्तेमाल किया था, इन्हें लेकर अमेरिका और ईरान के संबंध और बिगड़ गए हैं।**
- **अमेरिका ने 2018 के बाद से ईरान पर काफी प्रतिबंध लगाए हैं।**

एक कंपनी, चीन स्थित दो फर्म, ईरान में दो और संयुक्त अरब अमीरात में एक कंपनी पर ईरान के तेल और पेट्रो रसायन के परिवहन या बिक्री में शामिल होने के आरोप लगाए गए हैं। अमेरिका के विदेश विभाग के अनुसार वह ईरान के ऊर्जा निर्यात में काफी कमी लाने को प्रतिबद्ध है और वह पेट्रोल और पेट्रो रसायन व्यापार को सुविधाजनक बनाने वालों के खिलाफ प्रतिबंध लगाएगा। अमेरिका लगाए गए प्रतिबंधों में बाधा उत्पन्न करने वालों पर कार्रवाई करने में कोई संकोच नहीं करेगा। इस बीच, ईरान ने अमेरिका पर एक कैदी के बदले दूसरे कैदी से बदलाव के लिए वार्ता में बेईमानी करने का आरोप लगाया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुद्रक- राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मेसर्स डी.वी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी।